




भारत का सर्वाधिक प्रसारित हिन्दी दैनिक
"कलम, बलिदान और स्वाभिमान की परिभाषा"







संस्थापक: शहीद शिरोमणि लाला जगतनारायण जी, अमर शहीद रमेश चन्द्र जी एवं कलम के योद्धा अश्विनी कुमार जी

संडे

# पंजाब केसरी

युवा भारत युवा अखबार!

PunjabKesari.com PunjabKesari.com @punjabkesaricom

रविवार 18 अगस्त, 2024 ◆ दिल्ली ◆ तदनुसार 3 भाद्रपद 2081 LD ****

Punjab Kesari, Delhi
वर्ष : 41 / अंक : 230
मूल्य ₹ 5.00
16 नेपाली रुपए/हवाई जहाज से ₹ 10.00
पृष्ठ संख्या 12+4=16
Ph. : 011-30712200, 45212200


# सिद्धरमैया पर चलेगा केस

## राज्यपाल का आदेश : भ्रष्टाचार में फंसे कर्नाटक के सीएम

**पंजाब केसरी/बेंगलुरु**



कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने मैसुरू शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) भूमि आवंटन 'घोटाले' के संबंध में मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। राजभवन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, "राज्यपाल ने मुख्यमंत्री के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। यह फैसला टी जे अब्राहम, प्रदीप और स्नेहमयी कृष्णा की ओर से दायर तीन अर्जी पर आधारित है।"

राज्यपाल सचिवालय ने प्रदीप कुमार एस पी, टी जे अब्राहम और स्नेहमयी कृष्णा को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 17 और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 218 के तहत अर्जी में उल्लिखित कथित अपराधों के लिए सिद्धरमैया के खिलाफ अभियोजन की मंजूरी के अनुरोध पर प्राधिकरण के निर्णय के बारे में सूचित किया। राज्यपाल के निर्णय के बाद शनिवार शाम पांच बजे राज्य मंत्रिमंडल की विशेष बैठक बुलाई गई है। आधिकारिक और कांग्रेस सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री अभियोजन के लिए राज्यपाल द्वारा दी गई मंजूरी के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ेंगे। सिद्धरमैया ने कई बार कहा है कि यदि राज्यपाल उन्हें जारी "कारण बताओ नोटिस" वापस लेने की कैबिनेट की सलाह को अस्वीकार कर देते हैं तथा अभियोजन की अनुमति दे देते हैं तो उनके नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार कानूनी और राजनीतिक रूप से लड़ने के लिए तैयार है। अधिवक्ता-कार्यकर्ता टी जे अब्राहम द्वारा दायर अर्जी के आधार पर कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने 26 जुलाई को "कारण बताओ नोटिस" जारी किया था, जिसमें मुख्यमंत्री को उन पर लगाए पर आरोपों पर जवाब देने और यह बताने के निर्देश दिए गए थे कि उनके खिलाफ अभियोजन की अनुमति क्यों नहीं दी जानी चाहिए। कर्नाटक सरकार ने राज्यपाल को मुख्यमंत्री को जारी "कारण बताओ नोटिस" वापस लेने की " सलाह" एक अगस्त को दी थी। उसने राज्यपाल पर "संवैधानिक कार्यालय के घोर दुरुपयोग" का आरोप लगाया था। आरोप हैं कि सिद्धरमैया की पत्नी पार्वती को मैसुरू में प्रतिपूरक भूखंड आवंटित किया गया था जिसका संपत्ति मूल्य उनकी उस भूमि की तुलना में अधिक था जिसे एमयूडीए ने 'अधिग्रहीत' किया था।

- भूमि आवंटन घोटाले से जुड़ा है केस और कांग्रेस ने कहा कि राज्यपाल को ऐसा करने का कोई अधिकार नहीं है

## भाजपा समस्याएं पैदा कर रही है : कांग्रेस का पलटवार



कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत द्वारा एमयूडीए (मूडा) भूमि आवंटन घोटाले में मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति दिए जाने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को कहा कि भाजपा द्वारा नियुक्त राज्यपाल गैर-भाजपा शासित राज्यों के लिए परेशानी खड़ी कर रहे हैं। खरगे ने कहा कि उन्हें यह देखना होगा कि गहलोत ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री पर मुकदमा चलाने की अनुमति क्यों दी। खरगे ने कहा, "मैंने न तो इसे देखा है और न ही मुझे पता है कि नोटिस किस बारे में है। मैंने अनुमति के लिए बताए गए कारणों को भी नहीं देखा है। मैं अभी यह नहीं कह सकता कि नोटिस सही है या गलत।" कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, "एक और बात यह है कि भाजपा द्वारा नियुक्त राज्यपाल जहां भी हैं, चाहे वह पश्चिम बंगाल हो, कर्नाटक हो, तमिलनाडु हो या जहां भी गैर-भाजपा सरकारें (राज्यों में) हैं, वे और अधिक परेशानी खड़ी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह मामले का विवरण प्राप्त करने और वकीलों से परामर्श करने के बाद प्रतिक्रिया देना पसंद करेंगे। एमयूडीए भूमि आवंटन "घोटाले" में, यह आरोप लगाया गया है कि सिद्धरमैया की पत्नी पार्वती को मैसूर के एक पॉश इलाके में भूमि आवंटित की गई थी।

## भाजपा अगले 35 वर्षों तक करेगी राज : शाह



**पंजाब केसरी**/नई दिल्ली

- एक सितंबर से भाजपा का सदस्यता अभियान
- 10 करोड़ से अधिक लोगों को सदस्य बनाने का लक्ष्य

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा की अध्यक्षता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में नई दिल्ली में शनिवार को हुए पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों और प्रदेश अध्यक्षों की बैठक में भाजपा ने 'राष्ट्रीय सदस्यता अभियान' की पूरी रूपरेखा तय कर दी है। पार्टी पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस जहां एक बार सत्ता में आ जाती है, वहां दोबारा सत्ता में नहीं आती है। लेकिन, भाजपा जहा-जहां भी सत्ता में आ जाती है, वहां से जाती नहीं है। उन्होंने भाजपा की मजबूती का जिक्र करते हुए यह भी कहा कि भाजपा को अगले 35 वर्षों तक कोई हिला नहीं सकता है। पार्टी संगठन और जड़ इतनी मजबूत है कि भाजपा कम से कम अगले 25 वर्षों तक मजबूती के साथ सत्ता में रहेगी।

भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय सदस्यता अभियान की सह संयोजक रेखा वर्मा के साथ पार्टी मुख्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने 'राष्ट्रीय सदस्यता अभियान' की पूरी जानकारी दी।

संबित पात्रा ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में पार्टी के 'राष्ट्रीय सदस्यता अभियान' को लेकर शनिवार की बैठक में सघन चिंतन हुआ। एक सितंबर से पार्टी का 'राष्ट्रीय सदस्यता अभियान' आरंभ होने वाला है। पार्टी का लक्ष्य 10 करोड़ से अधिक लोगों को भाजपा का सदस्य बनाना है। जिन राज्यों को चुनाव में जाना है या जिन राज्यों में चुनाव की घोषणा हो गई है, उन राज्यों में यह सदस्यता अभियान बाद में चलाया जाएगा। जिससे पार्टी की कुल सदस्यता में बाद में और ज्यादा इजाफा होगा।

अमित शाह के राष्ट्रीय अध्यक्ष के कार्यकाल में 2014-15 में 11 करोड़ लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की थी। वर्ष 2019 में एक कालखंड में चले 'सदस्यता अभियान' में 7 करोड़ लोग शामिल हुए थे, यानी 2019 तक लगभग 18 करोड़ लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की थी। यह अभियान चार तरीकों 'मिस्ड कॉल', 'क्यूआर कोड', 'नमो एप' और 'भाजपा की वेबसाइट' के जरिए चलाया जाएगा।

## आरोपी का मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन करेगी सीबीआई

- दिल्ली से सीएफएसएल टीम कोलकाता पहुंची

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) सीबीआई कोलकाता में एक महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार और उसकी हत्या के मामले में आरोपी संजय रॉय का मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन करेगी। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दिल्ली स्थित केंद्रीय फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (सीएफएसएल) से मनोवैज्ञानिक और व्यवहार विश्लेषकों की एक टीम आवश्यक परीक्षण करने के लिए कोलकाता पहुंची है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) पहले ही रॉय को हिरासत में ले चुकी है। संघीय एजेंसी ने प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ कथित बलात्कार और हत्या के संबंध में आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पूर्व प्राचार्य डॉ. संदीप घोष से शनिवार को लगातार दूसरे दिन पूछताछ की। घटना इसी अस्पताल में हुई थी। एजेंसी शुक्रवार को घोष को पूछताछ के लिए ले गई थी और यह शनिवार देर रात 1:40 बजे तक जारी रही।

## तहव्वुर राणा को भारत लाने का रास्ता साफ

**एजेंसी**/वाशिंगटन



अमेरिका की एक अदालत ने मुंबई में हुए आतंकवादी हमलों में संलिप्तता के आरोपी एवं पाकिस्तानी मूल के कनाडाई व्यवसायी तहव्वुर राणा को बड़ा झटका देते हुए फैसला सुनाया है कि उसे प्रत्यर्पण संधि के तहत भारत को प्रत्यर्पित किया जा सकता है। 'यूएस कोर्ट ऑफ अपील्स फॉर नाइंथ सर्किट' ने 15 अगस्त को सुनाए अपने फैसले में कहा, "(भारत अमेरिका प्रत्यर्पण) संधि राणा के प्रत्यर्पण की अनुमति देती है।"

राणा ने कैलिफोर्निया में अमेरिकी 'डिस्ट्रिक्ट कोर्ट' के आदेश के खिलाफ 'यूएस कोर्ट ऑफ अपील्स फॉर नाइंथ सर्किट' में याचिका दायर की थी। कैलिफोर्निया की अदालत ने उसकी बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका को अस्वीकार कर दिया था। बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका में मुंबई में आतंकवादी हमलों में राणा की कथित संलिप्तता के लिए उसे भारत प्रत्यर्पित किए जाने के मजिस्ट्रेट न्यायाधीश के आदेश को चुनौती दी गई थी। 'यूएस कोर्ट ऑफ अपील्स फॉर नाइंथ सर्किट' के न्यायाधीशों के पैनल ने 'डिस्ट्रिक्ट कोर्ट' के फैसले की पुष्टि की। प्रत्यर्पण आदेश की बंदी प्रत्यक्षीकरण समीक्षा के सीमित दायरे के तहत, पैनल ने माना कि राणा पर लगाए गए आरोप अमेरिका और भारत के बीच प्रत्यर्पण संधि की शर्तों के अंतर्गत आते हैं।

## डाक्टरों की सुरक्षा के लिए समिति का गठन किया जाएगा

**पंजाब केसरी**/नई दिल्ली

- राज्य सरकारों के प्रतिनिधियों को भी समिति में शामिल किया जाएगा, वहीं सरकार ने डाक्टरों से हड़ताल खत्म करने की भी अपील की

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि स्वास्थ्य पेशेवरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी संभव उपाय सुझाने के वास्ते एक समिति गठित की जाएगी। मंत्रालय ने कहा कि राज्य सरकारों सहित सभी हितधारकों के प्रतिनिधियों को समिति के साथ अपने सुझाव साझा करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। मंत्रालय ने कोलकाता के आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक डॉक्टर के बलात्कार और हत्या के विरोध में देशभर में आंदोलन कर रहे चिकित्सकों से अनुरोध किया है कि वे व्यापक जनहित में तथा डेंगू और मलेरिया के बढ़ते मामलों को देखते हुए अपने काम पर लौट आएं। फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (फोरडा), इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) और दिल्ली के सरकारी मेडिकल कॉलेजों एवं अस्पतालों के रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने कोलकाता की घटना के मद्देनजर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात की। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि विभिन्न एसोसिएशन ने कार्यस्थलों पर स्वास्थ्य पेशेवरों की सुरक्षा के संबंध में अपनी मांगें रखी हैं।


## कानपुर में साबरमती एक्सप्रेस के बीस डिब्बे पटरी से उतरे



लखनऊ, (पंजाब केसरी): वाराणसी से अहमदाबाद जा रही साबरमती एक्सप्रेस के कम से कम 20 डिब्बे कानपुर के गोविंदपुरी स्टेशन के पास शुक्रवार देर रात पटरी से उतर गए। हालांकि, इस हादसे में जान-माल के नुकसान की फिलहाल कोई खबर नहीं है। यह हादसा देर रात करीब ढाई बजे हुआ। उन्होंने बताया कि साबरमती एक्सप्रेस के 20 डिब्बे कानपुर और भीमसेन रेलवे स्टेशन के बीच पटरी से उतर गए। त्रिपाठी के मुताबिक, ट्रेन वाराणसी से अहमदाबाद जा रही थी और इस हादसे में किसी के मारे जाने या घायल होने की फिलहाल कोई खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि राहत एवं बचाव कार्य जारी है।



"ईश्वर एक बार एक ही क्षण देता है और दूसरा क्षण देने से पूर्व उस क्षण को ले लेता है।"
-ओरिसन स्वेट मार्डेन



आदित्य नारायण चोपड़ा
adityachopra@punjabkesari.com

## बंगलादेश से मधुर संबंध

**बंगलादेश** की अंतरिम सरकार की मुख्य सलाहकार श्री मोहम्मद यूनुस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन करके अपने देश में हिंदुओं समेत सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की गारंटी दी है। बंगलादेश ऐसा देश है जिसका जब उदय 1971 में हुआ था तो इसके निर्माता शेख मुजीबुर्रहमान ने इसे धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र घोषित किया था परंतु बाद में यहां सैनिक तख्ता पलट होने पर इसका राजधर्म इस्लाम घोषित कर दिया गया। यह हकीकत है कि इस देश में 90 प्रतिशत से अधिक मुस्लिम जनसंख्या है और हिंदू केवल 8 प्रतिशत ही हैं परंतु यह भी हकीकत है कि इस देश की पिछली शेख हसीना सरकार के दौरान सभी धर्म के लोग निडर होकर रहा करते थे और सभी के अधिकार एक समान थे। मोहम्मद यूनुस का कहना है कि विगत 5 अगस्त को उनके देश में शेख हसीना की सरकार के विरुद्ध जन आक्रोश सुधर जाने पर जो सत्ता परिवर्तन हुआ उससे यहां के लोगों के नागरिक अधिकारों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा और सभी को पहले की भांति मिलजुल कर रहना चाहिए परंतु प्रश्न यह है की शेख हसीना के विरुद्ध जो जन आक्रोश पैदा हुआ और जिसने छात्र आंदोलन का रूप धारण किया उसमें इस देश के कुछ इस्लामी कट्टरपंथी लोग भी शामिल हो गए और उन्होंने हिंदुओं पर अत्याचार करने शुरू किए हालांकि यह भी सच है की 5 अगस्त के बाद कट्टरपंथियों ने बंगलादेश के 50 जिलों में सिर्फ पांच हिंदुओं का ही कत्ल किया और 205 स्थानों पर आगजनी या दंगा किया परंतु इसे श्री मोहम्मद यूनुस के अनुसार मीडिया में बहुत बढ़ा- चढ़ा कर पेश किया गया इसके बावजूद उन्होंने श्री मोदी को आश्वासन दिया है कि उनके देश में अब आगे ऐसी किसी घटना को नहीं होने दिया जाएगा।

यहां यह भी विचारणीय है कि श्री यूनुस विगत दिनों बंगलादेश की राजधानी ढाका के ढाकेश्वरी मंदिर में गए थे और वहां उन्होंने हिंदू नेताओं से भेंट की थी। इस बैठक में उन्होंने साफ किया और अपने देशवासियों को संदेश दिया कि यदि हिंदुओं पर अत्याचार नहीं रोका गया तो वह अपने पद से इस्तीफा दे देंगे। श्री यूनुस की इस सदा शयता को भारत को भुलाना नहीं चाहिए और निश्चिंत होकर यह समझना चाहिए कि उनके नेतृत्व में बनी अंतरिम सरकार अब आगे किसी अत्याचार की घटना नहीं होने देगी। प्रधानमंत्री मोदी ने उनसे साफ कहा कि भारत बंगलादेश के साथ अच्छे संबंध चाहता है और एक मजबूत बंगलादेश को देखना चाहता है। इससे स्पष्ट है कि भारत अपनी शांति और सौहार्द की विदेश नीति को ही आगे बढ़ना चाहता है चाहे किसी भी देश में कोई भी सरकार हो परंतु भारत का नजरिया उसे देश के साथ अच्छे संबंध स्थापित करने का ही है। इससे पूर्व इस देश की अंतरिम सरकार के विदेश मंत्री ने भी हिंदुओं पर हुए अत्याचार के लिए माफी मांगी थी। भारतीयों को भी यह मालूम होना चाहिए की बंगलादेश में बेशक हिंदू धार्मिक अल्पसंख्यक हो परंतु उनकी संस्कृति बांग्ला ही है और 90 प्रतिशत लोग बेशक इस्लाम को मानते हैं उनकी भी पहली वरीयता और संस्कृति बांग्ला ही है। यह बांग्ला संस्कृति दोनों धर्म के लोगों को आपस में कसकर जोड़े रखती है। यह स्थिति पाकिस्तान परस्त कुछ इस्लामी कट्टरपंथियों से बर्दाश्त नहीं होती और वह इस देश में हिंदुओं के खिलाफ धार्मिक उन्माद फैलाने का काम करते रहते हैं इसके बावजूद आधी संख्या मुस्लिम समाज हिंदुओं को अपने ही देश का अभिन्न अंग मानता है और उनके रीति-रिवाज व धार्मिक मान्यताओं का सम्मान करता है।

बंगलादेश के पुराने हिंदू मंदिर इस देश की घोषित विरासत हैं, बेशक किसका राजधर्म इस्लाम हो इस हकीकत को भी हमें जानना चाहिए। अब शेख हसीना का बंगलादेश में शासन नहीं है। उनका शासन बेशक भारत के साथ दोस्ती का शासन था परंतु भारत की यह घोषित विदेश नीति है कि वह किसी भी देश के आंतरिक मामलों में कोई दखल नहीं देता है अत: यह बंगलादेश के लोगों का अधिकार है कि वह अपनी मनमर्जी की सरकार स्थापित करें। मोहम्मद यूनुस सरकार के साथ भारत के संबंध मधुर और दोस्ताना हो इसका इशारा श्री मोदी ने उनके साथ हुई टेलीफोन पर बातचीत में साफ कर दिया है। बंगलादेश में यदि स्थिरता और मजबूती आती है तो एक पड़ोसी देश होने के नाते यह भारत के हक में है। एक तरफ जहां भारत की सीमाएं पाकिस्तान से लगती हैं तो वहीं दूसरी तरफ बंगलादेश से लगती हैं। बंगलादेश से लगने वाली सीमाओं पर सर्वदा शांति और भाईचारे का माहौल रहता है। इसके अर्थ को समझ जाना चाहिए और बंगलादेश में उसके लोगों द्वारा जो भी और जिस प्रकार का भी शासन स्थापित किया जाता है उसके साथ भारत के संबंध मधुर और सौहार्दपूर्ण हो ऐसी कोशिश दोनों ओर से होनी चाहिए। यह बंगलादेश का भी कर्त्तव्य बनता है कि वह भारत के उपकारों को कभी भूले नहीं क्योंकि इस देश का अस्तित्व मानचित्र में लाने में भारत की ही अहम भूमिका रही है।

## वेणुगोपाल पीएसी के अध्यक्ष बने


(पढ़ें पृष्ठ-3 पर)


### राष्ट्रीय सर्राफा

| शहर | सोना 24K | चांदी तैयार |
|---|---|---|
| दिल्ली | 72920 | 86000 |
| कोलकाता | 72770 | 86000 |
| मुम्बई | 72770 | 86000 |
| चेन्नई | 72770 | 91000 |

### विदेशी मुद्रा बनाम रुपया

| करंसी | खरीद | बिक्री |
|---|---|---|
| अमरीकी डालर | 82.11 | 85.79 |
| पौंड स्टर्लिंग | 106.25 | 111.16 |

मौसम
Min 28°c Max 34°c

**पेरिस से लौटने पर** दिल्ली एयरपोर्ट पर देश की बेटी को सिर आंखों पर बैठाया...

## विनेश फोगाट का चैंपियनों जैसा स्वागत

**पंजाब केसरी/ नई दिल्ली**



पेरिस ओलंपिक में महिलाओं के 50 किग्रा भार वर्ग के फाइनल में पहुंचने के बावजूद अधिक वजन होने के कारण पदक नहीं जीत पाने वाली भारत की स्टार पहलवान विनेश फोगाट का शनिवार को यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक जैसे स्टार खिलाड़ियों के अलावा पंचायत नेता भी विनेश का स्वागत करने के लिए पहुंचे थे। विनेश फूल मालाओं से लदी थी। उन्होंने खुली जीप में सवार होकर लोगों का आभार व्यक्त किया। विनेश ने हाथ जोड़कर कहा, "मैं पूरे देश का आभार व्यक्त करती हूं।" इसके बाद यह विशाल काफिला विनेश के साथ हरियाणा में उनके गांव बलाली रवाना हुआ। पूरे रास्ते में लोग उनके स्वागत के लिए खड़े थे और इस पहलवान ने भी उनका आभार व्यक्त किया। अपने गांव रवाना होने से पहले विनेश ने दिल्ली के द्वारका में एक मंदिर में पूजा अर्चना भी की। विनेश के आगमन के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। पेरिस ओलंपिक में फाइनल से पहले किए गए वजन में उनका वजन 100 ग्राम अधिक निकला था जिसके कारण उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया था। विनेश ने संयुक्त रूप से रजत पदक दिलाने के लिए खेल पंचाट में अपील की थी जिसके कारण वह पेरिस में रुकी रही। खेल पंचाट ने उनकी अपील को खारिज कर दिया था। साक्षी मलिक ने कहा, "वह लंबे समय बाद स्वदेश लौटी है। वह काफी भावुक है। वह कुछ समय अपने परिवार के साथ बिताएगी और खुद को शांतचित्त रखेगी। विनेश ने महिलाओं के लिए जो कुछ किया है वह सराहनीय है। वह भले ही पदक हासिल नहीं कर पाई लेकिन हमारे लिए वह चैंपियन है।" लंदन ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता निशानेबाज और पेरिस ओलंपिक में भारतीय दल के नेता गगन नारंग ने विनेश को चैंपियन करार दिया। यह दोनों एक ही उड़ान से दिल्ली पहुंचे थे। नारंग ने पेरिस हवाई अड्डे पर विनेश के साथ खींची गई तस्वीर को एक्स पर पोस्ट किया।

## हर 2 घंटे में कानून व्यवस्था की जानकारी दें राज्य : गृह मंत्रालय

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) कोलकाता महिला डॉक्टर रेप-मर्डर केस के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय भी सख्त हो गया है। सूत्रों की मानें तो गृह मंत्रालय के नए आदेश के अनुसार, सभी राज्यों को हर 2 घंटे में कानून-व्यवस्था की जानकारी देनी होगी।

सूत्रों ने बताया कि गृह मंत्रालय ने अपने आदेश में सभी राज्यों को कानून व्यवस्था की रिपोर्ट हर 2 घंटे में ईमेल, फैक्स या व्हाट्सएप के माध्यम से केंद्र को भेजनी होगी। बता दें कि इससे पहले इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने कोलकाता में हुई वीभत्स घटना में हस्तक्षेप करने की मांग की है।

# वायुसेना, थलसेना का 15 हजार फुट ऊंचाई पर सफल 'पैरा-ड्रॉप' अभियान



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): भारतीय वायुसेना और थलसेना ने संयुक्त रूप से लगभग 15 हजार फुट की ऊंचाई पर 'आरोग्य मैत्री हेल्थ क्यूब' पहल के तहत ''अपनी तरह के पहले सफल पैरा-ड्रॉप'' अभियान को अंजाम दिया है। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी।

मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इन 'क्रिटिकल ट्रॉमा केयर क्यूब' को परियोजना भीष्म (सहयोग, हित और मैत्री के लिए भारत स्वास्थ्य पहल) के अंतर्गत स्वदेशी रूप से विकसित किया गया है। इस अभियान को मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) के रूप में प्रभावित क्षेत्रों में महत्वपूर्ण आपूर्ति प्रदान करने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप अंजाम दिया गया।

बयान में कहा गया कि वायुसेना ने क्यूब को 'एयरलिफ्ट' करने और सटीक रूप से 'पैरा-ड्रॉप' करने के लिए अपने उन्नत सामरिक परिवहन विमान सी-130जे सुपर हरक्यूलिस का इस्तेमाल किया। इसमें कहा गया कि थलसेना की पैरा ब्रिगेड ने अपने उन्नत सटीक ड्रॉप उपकरणों का

- **वायुसेना ने क्यूब को 'एयरलिफ्ट' करने और सटीक रूप से 'पैरा-ड्रॉप' करने के लिए परिवहन विमान सी-130जे सुपर हरक्यूलिस का इस्तेमाल किया**

इस्तेमाल करके 'ट्रॉमा केयर क्यूब' की सफल तैनाती में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस प्रदर्शन ने दूरदराज के और पर्वतीय क्षेत्रों में भी मानवीय सहायता और आपदा राहत कार्यों में प्रभावी ढंग से सहयोग को लेकर ऐसी विशेष सैन्य क्षमता को रेखांकित किया।

भीष्म ट्रॉमा केयर क्यूब के सफल पैरा-ड्रॉप अभियान और तैनाती ने सशस्त्र बलों के बीच बेहतर तालमेल का उदाहरण तथा सबसे पहले, समय पर और प्रभावी सहायता प्रदान करने की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। अपने परिचालन कौशल और दक्षता के लिए जानी जाने वाली भारतीय सेना की पैरा ब्रिगेड ने ट्रामा केयर क्यूब की सफल तैनाती में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस प्रदर्शन ने एचएडीआर अभियानों को प्रभावी ढंग से सफल बनाने के लिए, ऐसी विशेष सैन्य परिसंपत्तियों की क्षमता को रेखांकित किया है।

# बिहार में गंगा पर बन रहे पुल का एक हिस्सा गिरा



**भागलपुर/खगड़िया/पटना,** (पंजाब केसरी): बिहार में गंगा नदी पर निर्माणाधीन पुल का एक हिस्सा शनिवार सुबह गिर गया। अधिकारियों ने बताया कि इस पुल को तोड़ा जा रहा था और शनिवार को अचानक इसका एक हिस्सा गिर गया। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। भागलपुर और खगरिया जिलों को जोड़ने वाले इस पुल का एक स्लैब गिर गया। घटना से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें स्थानीय लोग दूर खड़े होकर यह चिल्लाते हुए सुने जा सकते हैं कि ढांचा एक बार फिर से गिर गया है। उल्लेखनीय है कि पुल का कुछ हिस्सा 2022 की शुरुआत में और एक साल बाद फिर से ढह गया था। खगड़िया के जिलाधिकारी अमित कुमार पांडे ने कहा कि निर्माणाधीन पुल की पूरी संरचना को दोषपूर्ण माना गया और पटना उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार ठेकेदार द्वारा इसे तोड़ा जा रहा है। पुल का हिस्सा गिरने की इस घटने के कारण राजनीतिक विवाद शुरू हो गया है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने इस घटना के लिए सीधे तौर पर नीतीश कुमार सरकार को जिम्मेदार ठहराया।

पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी ने इस वर्ष जनवरी में अपनी पार्टी के सत्ता से बाहर होने तक सड़क निर्माण विभाग संभाला हुआ था। तेजस्वी ने कहा, "जब मैं विभाग का प्रमुख था तब आईआईटी रुड़की के विशेषज्ञों की एक समिति ने इस पुल की जांच की थी।

# उदयपुर में सांप्रदायिक हिंसा, आरोपी के घर चला बुलडोजर

## चाकूबाजी-हिंसा के बाद एक्शन में भजनलाल सरकार



**जयपुर,** (पंजाब केसरी): राजस्थान के उदयपुर में एक सरकारी स्कूल के 10वीं कक्षा के छात्र द्वारा अपने सहपाठी को चाकू घोंपने के बाद पैदा हुए सांप्रदायिक तनाव के बीच जिले के कई इलाकों में शुक्रवार रात से 24 घंटे के लिए मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गईं। उदयपुर के सभी सरकारी और निजी स्कूल में आगामी आदेश तक अवकाश घोषित कर दिया गया है। वहीं प्रशासन ने बड़ा एक्शन लेते हुए खांजीपीर की दीवानशाह कॉलोनी में बने आरोपी के अवैध घर पर बुलडोजर चला दिया है। जिस वक्त बुलडोजर चला, उस वक्त भारी तादाद में पुलिस बल मौजूद रहा। बताया जाता है कि आरोपी का परिवार इस घर में किराए पर रह रहा था। चाकूबाजी में घायल हुए छात्र की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है। उसका इलाज डॉक्टरों की निगरानी में किया जा रहा है। जिस अस्पताल में छात्र का इलाज चल रहा है, वहां पर बड़ी संख्या में बल तैनात है। पुलिस ने बताया कि हमले में घायल छात्र का जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है और आरोपी छात्र को हिरासत में ले लिया गया है। दोनों छात्र नाबालिग हैं। उदयपुर के जिलाधिकारी अरविंद पोसवाल ने बताया कि कानून-व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए उदयपुर शहर और उदयपुर विकास प्राधिकरण क्षेत्र के सभी सरकारी और निजी स्कूल शनिवार से अगले आदेश तक बंद रहेंगे। घायल छात्र के इलाज के लिए जयपुर से विशेष विमान से तीन चिकित्सकों की टीम उदयपुर भेजी गई है। उदयपुर शहर, बेदला, बड़गांव, ब्लीचा, देबारी, एकलिंगपुरा, कानपुर, ढीकली और भुवाना क्षेत्र में शुक्रवार रात 10 बजे से 24 घंटे के लिए मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गईं।

**इंटर नेट सेवाएं और मोबाइल बंद**

# गुरुग्राम के एंबियंस और नोएडा के डीएलएफ मॉल को बम से उड़ाने की धमकी



**गुरुग्राम/नोएडा,** (पंजाब केसरी): गुरुग्राम के एंबियंस मॉल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी एक ई-मेल के जरिए भेजी गई है। इसमें मॉल प्रबंधन को सूचित किया गया कि बिल्डिंग में बम प्लांट किए गए हैं और मॉल के अंदर मौजूद हर व्यक्ति की जान से मारने की धमकी दी गई है। जांच के बाद यह महज अफवाह साबित हुई। ई-मेल में लिखा गया है कि "आप में से कोई भी बच नहीं पाएगा। आपकी मौत होनी है। मैंने बिल्डिंग में बम इसलिए लगाए, क्योंकि मुझे अपनी जिंदगी से नफरत है।" वहीं नोएडा के डीएलएफ मॉल को भी बम से उड़ाने का ईमेल द्वारा धमकी दी गई जिसके बाद मॉल में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। धमकी के तुरंत बाद पुलिस बम स्क्वायड और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंची।मॉल प्रबंधन को ई-मेल मिलने पर पुलिस को सूचित किया गया। सूचना मिलते ही गुरुग्राम पुलिस और बम स्क्वॉड की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने मॉल की पूरी तरह से तलाशी ली। मॉल को खाली कराया गया और सभी सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया गया। पुलिस और बम स्क्वॉड टीम ने मॉल के अंदर सघनता से जांच की और स्थिति का जायजा लिया। फिलहाल, सुरक्षा एजेंसियां धमकी की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए मामले की गहराई से जांच कर रही हैं और मॉल की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए उपाय किए जा रहे हैं। इस घटना ने मॉल में शॉपिंग कर रहे ग्राहकों और स्टाफ के बीच डर का माहौल पैदा कर दिया है।

# रेलवे की सुरक्षा और सुविधाओं पर नहीं है सरकार का ध्यान : पवन खेड़ा



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी)। कानपुर में साबरमती एक्सप्रेस के 22 डिब्बे पटरी से उतरने के बाद कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने लगातार हो रहे रेल हादसों को लेकर सवाल उठाए हैं।पवन खेड़ा ने कहा, "रेल हादसे लगातार बढ़ते जा रहे हैं, बार-बार हमें कहा जाता है कि एक कवच लगा रखा है, अगर रेल गाड़ियों पर कवच लगा है तो ये क्या काम करता है, कौन सी कंपनी ने यह कवच दिया है। क्या सभी ट्रेन पर कवच लगा हुआ है।"उन्होंने कहा, "रेल की सुरक्षा और सुविधा लगातार घटती जा रही है और रेल यात्रियों की चिंता बढ़ती जा रही है। इस दिशा में मुझे नहीं लगता कि सरकार गंभीर है। अभी पिछले ही हफ्ते रेलवे पर सीएजी रिपोर्ट आई, जिस तरह से फंड का दुरुपयोग किया गया है, वह उसमें दिखाई दे रहा है। ये देखकर समझ में आता है कि रेलवे की सुरक्षा और सुविधाओं पर कोई ध्यान नहीं है।" पवन खेड़ा ने डॉक्टरों की हड़ताल पर भी बात की। उन्होंने कहा, "अस्पतालों की हड़ताल तोड़फोड़ की वजह से नहीं, बल्कि कोलकाता में हुए रेप और हत्या की वजह से हो रही है।

# 'लेटरल एंट्री' एससी, एसटी, ओबीसी वर्गों को आरक्षण से दूर रखने की साजिश



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को आरोप लगाया कि केंद्र में 'लेटरल एंट्री' के माध्यम से भर्ती अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़े वर्गों (ओबीसी) को आरक्षण से दूर रखने की मोदी सरकार की साजिश है। उन्होंने एक विज्ञापन का हवाला दिया जिसमें 45 पदों पर लेटरल एंट्री के माध्यम से भर्ती के लिए आवेदन मांगे गए हैं। खड़गे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "संविधान को तार-तार करती भाजपा ने किया आरक्षण पर डबल वार। पहला, आज मोदी सरकार ने केंद्र में संयुक्त सचिव, निदेशक और उप सचिव के कम से कम 45 पद लेटरल एंट्री द्वारा भरने का विज्ञापन निकाला है। क्या इसमें एससी,एसटी, ओबीसी एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का आरक्षण है?'' उन्होंने यह आरोप लगाया कि सोची समझी साजिश के तहत भाजपा जानबूझकर नौकरियों में ऐसे भर्ती कर रही है, ताकि आरक्षण से एससी, एसटी, ओबीसी वर्गों को दूर रखा जा सके। खड़गे ने कहा, "दूसरा, उत्तर प्रदेश

- **विज्ञापन द्वारा 45 पदों पर लेटरल एंट्री के माध्यम से भर्ती के लिए आवेदन मांगे गए हैं, संविधान को तार-तार करती भाजपा ने किया आरक्षण पर डबल वार**

में 69,000 सहायक शिक्षकों की नियुक्ति में आरक्षण घोटाले का अब हाईकोर्ट के फैसले से पर्दाफ़ाश हो चुका है। राहुल गांधी ने मार्च 2024 में दलित और पिछड़े वर्ग में आरक्षण घोटाले में प्रधानमंत्री जी को पत्र लिखकर वंचित अभ्यर्थियों की आवाज़ उठाई थी। योगी सरकार ने अभ्यर्थियों से नाइंसाफ़ी करते हुए ये पद भरे थे, जिसमें दलित और पिछड़े वर्ग का आरक्षण का संवैधानिक हक़ उनसे छीना गया।''उनका कहना था, "अब हमें पता चला की भाजपा की सहयोगी दल की केंद्रीय मंत्री ने नौकरियों में आरक्षण पर हो रही धांधली पर सरकार का ध्यान क्यों आकृष्ट कराया था।'' खड़गे ने कहा, "भारत के संविधान में निहित आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक न्याय के प्रावधानों को पूर्णत: लागू करना आवश्यक है।

# शास्त्री पार्क में चाकू से गोदकर युवक की हत्या



**पूर्वी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): नॉर्थ-ईस्ट डिस्ट्रिक्ट में हत्या की वारदात थमने का नाम नहीं ले रही है। ताजा मामला शास्त्री पार्क एफ ब्लॉक में समाने आया है। यहां हथियारबंद बदमाशों ने एक युवक पर ताबड़तोड़ चाकू से हमला कर समीर (22) नाम के युवक की हत्या कर दी। सूत्रों के मुताबिक समीर भी आपराधिक प्रवृति का बताया जा रहा है। वारदात शनिवार देर रात शास्त्री पार्क एफ ब्लॉक गली नंबर पांच में पेश आई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने समीर को घायल अवस्था में नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि समीर शास्त्री पार्क इलाके का ही रहने वाला है। हमलावर बुलंद मस्जिद के पास के बताए जा रहे हैं। लोगों ने हमलावरों में से एक युवक को पकड़ लिया था। पुलिस लोकल पुलिस मामले की जांच कर रही है। उधर, खबर लिखे जाने तक घटना पर आधिकारिक वर्जन नहीं मिल सका।

# बंगाल सरकार की सलाह, महिला डॉक्टरों को रात की ड्यूटी लगाने से करें परहेज

**कोलकाता,** (पंजाब केसरी)। पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों को सलाह दी है कि वे महिला डॉक्टरों की रात की ड्यूटी लगाने से परहेज करें। मुख्यमंत्री के मुख्य सलाहकार अलपन बंदोपाध्याय ने महिला डॉक्टरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रातिरेर साथी नामक पहल की घोषणा करते हुए कहा, जहां तक संभव हो महिला डॉक्टरों को रात की ड्यूटी देने से परहेज करने के हरसंभव प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि सभी मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में महिलाओं के प्रति अच्छा व्यवहार रखने वाले

- **अस्पतालों में महिलाओं के प्रति अच्छा व्यवहार रखने वाले सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की जाएगी**
- **महिला डॉक्टरों के लिए अलग टॉयलेट और रेस्टरूम होंगे**

सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की जाएगी। बंदोपाध्याय ने कहा, महिला डॉक्टरों के लिए अलग टॉयलेट और रेस्टरूम होंगे। उनके लिए सुरक्षित क्षेत्र बनाये जाएंगे जो पूरी तरह सीसीटीवी की निगरानी में होंगे। एक विशेष ऐप बनाया जाएगा जिसके जरिये डॉक्टर स्थानीय थानों से जुड़े होंगे। अस्पतालों की सभी महिला डॉक्टरों के लिए इस ऐप को डाउनलोड करना अनिवार्य होगा।

उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में स्थानीय पुलिस द्वारा नियमित रात्रि गश्ती की व्यवस्था की जाएगी। बंदोपाध्याय ने कहा, शिफ्ट इस तरह से तय किये जाएंगे कि यदि किसी महिला डॉक्टर की नाइट ड्यूटी लगती है तो उसके साथ एक और महिला डॉक्टर ड्यूटी पर हो।

# डॉक्टरों के खिलाफ हिंसा रोकने के लिए प्रधानमंत्री से 'हस्तक्षेप' का आग्रह

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से स्वास्थ्यकर्मियों के खिलाफ हिंसा रोकने के लिए एक केंद्रीय कानून लाने और अस्पतालों को अनिवार्य सुरक्षा अधिकारों के साथ सुरक्षित क्षेत्र घोषित करने को लेकर 'हस्तक्षेप' करने की शनिवार को मांग की। कोलकाता में सरकारी आर जी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक डॉक्टर से कथित बलात्कार और हत्या तथा उसके बाद वहां हुई तोड़फोड़ की पृष्ठभूमि में डॉक्टरों के शीर्ष संगठन ने यह आग्रह किया है। आईएमए ने शनिवार को सुबह छह बजे से 24 घंटे के लिए देश भर में गैर-आपातकालीन सेवाएं बंद रखने का आह्वान किया है। आईएमए ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर अपनी पांच मांगें रखी हैं। आईएमए ने एक बयान में कहा कि सभी आवश्यक

- **आईएमए ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर अपनी पांच मांगें रखी हैं, अस्पतालों को सुरक्षित क्षेत्र घोषित करने की मांग**

सेवाएं जारी रखी जा रही हैं और आपातकालीन वार्ड में कर्मियों की तैनाती की गई है। आईएमए ने कहा, "पीड़िता 36 घंटे की शिफ्ट में काम करती थी। आराम करने के लिए सुरक्षित स्थान तथा पर्याप्त शौचालयों की कमी के कारण रेजिडेंट डॉक्टरों के काम करने और ठहरने की स्थिति में व्यापक बदलाव की आवश्यकता है।''आईएमए ने यह भी मांग की है कि अस्पतालों को सुरक्षित क्षेत्र घोषित किया जाए।

# वक्फ विधेयक पर जेपीसी की पहली बैठक 22 को

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी)। 'वक्फ (संशोधन) विधेयक-2024' पर विस्तार से विचार-विमर्श करने के लिए बनाई गई जेपीसी की पहली बैठक 22 अगस्त को हो सकती है। बताया जा रहा है कि संसद के दोनों सदनों के सांसदों को लेकर बनाई गई जेपीसी की इस पहली बैठक में अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के प्रतिनिधियों द्वारा 'वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024' और इस विधेयक में पेश किए जाने वाले प्रस्तावित संशोधनों के बारे में जानकारी दी जाएगी। इस बैठक में तमाम कानूनी पहलुओं से जुड़ी जानकारी को स्पष्ट करने के लिए कानून एवं न्याय मंत्रालय के विधान एवं कानूनी कार्य विभाग से जुड़े अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। बता दें कि 'वक्फ (संशोधन) विधेयक-2024' पर विचार-विमर्श करने के लिए बनाए गए दोनों सदनों के इस संयुक्त पैनल में 31 सदस्य हैं। इनमें

- **दोनों सदनों के इस संयुक्त पैनल में 31 सदस्य हैं**
- **इनमें लोकसभा से 21 और राज्यसभा से 10 सदस्य हैं**

लोकसभा से 21 और राज्यसभा से 10 सदस्य हैं। लोकसभा सदस्यों में जगदंबिका पाल, निशिकांत दुबे, तेजस्वी सूर्या, अपराजिता सारंगी, संजय जायसवाल, दिलीप सैकिया, अभिजीत गंगोपाध्याय, डीके. अरुणा, गौरव गोगोई, इमरान मसूद, मोहम्मद जावेद, मौलाना मोहिबुल्लाह, कल्याण बनर्जी, ए. राजा, लावु श्री कृष्ण देवरायलु, दिलेश्वर कामेत, अरविंद सावंत, एम सुरेश गोपीनाथ, नरेश गणपत म्हस्के, अरुण भारती, असदुद्दीन ओवैसी शामिल हैं।

# आसाराम को अस्पताल से मिली छुट्टी, सेंट्रल जेल में हुए शिफ्ट



**जोधपुर,** (पंजाब केसरी): नाबालिग से दुष्कर्म मामले में सजा काट रहे आसाराम को जोधपुर एम्स से छुट्टी मिल गई है। पुलिस आसाराम को शनिवार को पूरी सुरक्षा के साथ जोधपुर एम्स से सेंट्रल जेल ले गई। आसाराम पिछले कुछ दिनों से जोधपुर एम्स में भर्ती थे। शनिवार को जोधपुर एम्स से डिस्चार्ज किए जाने के बाद आसाराम को देखने के लिए अस्पताल के गेट पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। अस्पताल के गार्ड और पुलिस जवान कड़ी मशक्कत से आसाराम को एंबुलेंस में बैठाकर एम्स से बाहर निकले। आसाराम की कुछ दिनों पहले अचानक तबीयत बिगड़ गई थी।

# अल्पसंख्यकों के बारे में चिंतित होना सही



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने एक बातचीत में भारत-बांग्लादेश संबंधों पर उम्मीद जताई कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस देश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएंगे और भारत के साथ पहले की तरह अच्छे संबंध बनाए रखने की दिशा में भी काम करेंगे। उन्होंने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के विचार की भी निंदा की और कहा कि इस नीति को लागू करने के लिए भारत बहुत विविध और जटिल स्थिति में है। स्वतंत्रता दिवस पर अपने भाषण के दौरान, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के बारे में चिंता व्यक्त करने पर सैम पित्रोदा ने कहा मैं उनसे सहमत हूं और हमें भारत सहित हर जगह अल्पसंख्यकों के बारे में चिंतित होना चाहिए। उम्मीद है कि यूनुस इस पर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता का पालन करेंगे।

# आंगनवाड़ी कर्मियों के 3,000 और पद सृजित करेगी पंजाब सरकार



**बरनाला,** (पंजाब केसरी): पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि उनकी सरकार राज्य में आंगनवाड़ी कर्मियों के 3,000 नए पद सृजित करेगी। मान ने रक्षा बंधन के अवसर पर यहां आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने इस संबंध में प्रक्रिया शुरू कर दी है तथा जल्द ही इन पदों के लिए भर्ती शुरू कर दी जाएगी। यह महिलाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पेश करके उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में एक कदम है। मान ने कहा कि राज्य सरकार एच.ए. (मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य) कार्यकर्ताओं की वास्तविक मांगों पर भी सक्रियता व सहानुभूतिपूर्वक विचार कर रही है।

# मंकीपॉक्स को लेकर भारत सरकार अलर्ट



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी)। केंद्र सरकार ने शनिवार को कहा कि वह मंकीपॉक्स की स्थिति पर करीब से नजर बनाए हुए है। साथ ही बीमारी के प्रसार को रोकने और नियंत्रित करने के लिए तैयारी और सावधानी के उपाय किए जा रहे हैं।स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि भारत में फिलहाल मंकीपॉक्स (एमपॉक्स) का कोई मामला सामने नहीं है।स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा की अध्यक्षता में स्वास्थ्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में यह फैसला लिया गया कि अत्यधिक सावधानी के तौर पर कुछ उपाय किए जाएं। सभी हवाई अड्डों, बंदरगाहों और ग्राउंड क्रॉसिंग पर स्वास्थ्य इकाइयों को संवेदनशील बनाने के साथ-साथ परीक्षण प्रयोगशालाओं और स्वास्थ्य सुविधाओं को तैयार किया जा रहा है। डब्ल्यूएचओ द्वारा मंकीपॉक्स को

- **हवाई अड्डों, बंदरगाहों और ग्राउंड क्रॉसिंग पर स्वास्थ्य सुविधाओं को तैयार किया जा रहा है**

अंतरराष्ट्रीय चिंता का सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल (पीएचईआईसी) घोषित करने के मद्देनजर यह बैठक बुलाई गई थी। विश्व स्तर पर, 2022 के बाद से विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 116 देशों में मंकीपॉक्स के कारण 99,176 मामले और 208 मौतें दर्ज की हैं।विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा 2022 की घोषणा के बाद से, मार्च 2024 में आखिरी मामले के साथ भारत में कुल 30 मामले पाए गए थे। केंद्र ने कहा कि स्थिति की समीक्षा के लिए स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक की अध्यक्षता में संबंधित क्षेत्रों के विशेषज्ञों की एक संयुक्त निगरानी समूह की बैठक आयोजित की गई। हालांकि आने वाले हफ्तों में बाहर से आने वाले मामलों का पता चलने की संभावना को पूरी तरह से खारिज नहीं किया गया है, लेकिन यह आकलन किया गया है कि प्रकोप का जोखिम वर्तमान में भारत के लिए कम है।

स्वीडन और पाकिस्तान में एमपॉक्स के मामलों की रिपोर्ट सामने आने के बाद, संक्रामक रोग विशेषज्ञों ने स्वास्थ्य अधिकारियों से भारत के प्रमुख हवाई अड्डों पर घातक संक्रामक बीमारी की जांच शुरू करने का आग्रह किया ताकि इसके प्रसार को रोकने में मदद मिल सके।

# रिश्वत लेते वीडियो वायरल, तीन ट्रैफिक पुलिसकर्मी निलंबित



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): गाजीपुर थाने के पास कथित तौर पर रिश्वत लेने और फिर उसका आपस में बंटवारा करने वाले तीन ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। तीनों कल्याणपुरी सर्किल में तैनात थे। एक वरिष्ठ ट्रैफिक पुलिस अधिकारी के मुताबिक रिश्वत लेने का कथित वीडियो फुटेज सामने आने के बाद दो असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर और एक हेड कांस्टेबल को निलंबित किया गया है। वहीं, इस प्रकरण के बाद ट्रैफिक पुलिस की ईस्टर्न रेंज में हड़कंप मचा हुआ है। यहां बता दें कि शनिवार सुबह से ही सोशल मीडिया पर ट्रैफिक पुलिसकर्मियों द्वारा रिश्वत लेने के दो वीडियो वायरल हुए थे। ये वीडियो गाजीपुर थाने के पास एक अस्थाई शेड के अंदर का बताया गया। एक वीडियो में ट्रैफिक पुलिसकर्मी एक व्यक्ति से कथित तौर पर रिश्वत की रकम लेते हुए नजर आता है। दूसरी वीडियो में तीन ट्रैफिक पुलिसकर्मी रकम को आपस में बांटते हुए नजर आते हैं।

# 12 राशियां और आपका दिन



Forecast for 18 Augest, 2024
By: Dr. Prem Kumar Sharma
(Astrologer, Palmist, Numerologist & Vastu Consultant)
Email: psharma@premastrologer.com,
Url: http://www.premastrologer.com
Contact: Panchkula: +91-172-2562832, 2572874
Delhi: +91-11-47033152/40532026

premastrologer premastrologer premastrologer askpremastrologer

रविवार 18 अगस्त 2024

**आज का राशिफल**

**मेष** ARIES ( 21 मार्च – 20 अप्रैल) दोस्तों से फिट रहने की प्रेरणा मिलेगी। खर्च करना है तो पहले कमाना सीखें। घर का रेनोवेशन शुरु करवा सकते हैं। ग्रामीण इलाकों में घूमने जाना सुकून देगा।
**लकी नंबर : 5, लकी कलर : ग्रीन**

**वृषभ** TAURUS ( 21 अप्रैल– 20 मई) लाइफस्टाइल के अनुकूल व्यायाम अपनायेंगे। समाज में आपकी अच्छाई की चर्चा रहेगी। कुछ लोग विदेश यात्रा पर जा सकते हैं। घर की साज सज्जा में बदलाव लाएंगे।
**लकी नंबर : 7, लकी कलर : गोल्डन**

**मिथुन** GEMINI ( 21 मई –21 जून) सीजन के अनुकूल डाइट में बदलाव जरुरी है। आर्थिक स्तर पर मजबूती आने वाली है। टाइम मैनेजमेंट ठीक करने की जरुरत है। आपके फैसले से घर वाले भी सहमत होंगे।
**लकी नंबर : 1, लकी कलर : क्रीम**

**कर्क** CANCER (22 जून –22 जुलाई) सेहत अच्छी रहेगी,फिटनेस पर ध्यान रहेगा। कोई वित्तीय स्थिति सुधारने में मदद करेगा। घरेलू माहौल में पॉजिटिव चेंज ला सकते हैं। करीबी लोगों से मुलाकात का मौका मिलेगा।
**लकी नंबर : 3, लकी कलर : मैरून**

**सिंह** LEO ( 23 जुलाई– 23 अगस्त) फिटनेस के प्रति आपका जुनून बढ़ने वाला है। लोन संबंधी पेपर वर्क पूरा कर सकते हैं। घरेलू मामलों पर तत्काल ध्यान देना होगा। रुटिन लाइफ से ब्रेक की जरुरत फील करेंगे।
**लकी नंबर : 4, लकी कलर : मैजेंटा**

**कन्या** VIRGO (24 अगस्त–23 सितंबर) सेल्फ डिसप्लिनफिट और ऊर्जावान रखेगा। पैसे से संबंधित चिंताएं अब दूर होने वाली हैं। फ्रेंड्स के साथ यात्रा पर जाना मजेदार रहेगा। सामाजिक क्षेत्र में आपका मान सम्मान बढ़ेगा। विदेश में रहने वाले परिजन मिलने आएंगे।
**लकी नंबर : 6, लकी कलर : ब्लू**

**तुला** LIBRA ( 24 सितंबर– 23 अक्टूबर) स्वास्थ पर ध्यान देने का असर दिखेगा। आमदनी और खर्च का बैलेंस बनाए रखें। नए लोगों से जुड़ेंगे,संपर्क बढ़ने वाला है। किसी समारोह में सम्मानित हो सकते हैं।
**लकी नंबर :9, लकी कलर : ब्राउन**

**वृश्चिक** SCORPIO (24 अक्टूबर– 22 नवंबर) मानसिक सेहत को प्राथमिकता दे सकते हैं। आर्थिक स्थिति संतोषजनक रहने वाली है। फैमिली के साथ सही संवाद करना जरुरी है।
**लकी नंबर : 7, लकी कलर : पर्पल**

**धनु** SAGITTARIUS ( 23 नवंबर– 21 दिसंबर) लाइफस्टाइल में बदलाव ला सकते हैं। रिटेल बिजनेस वालों की इनकम बढ़ेगी। हर किसी से अपना प्लान साझा न करें। विदेश रहने वाले संबंधी मिलने आएंगे।
**लकी नंबर :8, लकी कलर : सैफ्रॉन**

**मकर** CAPRICORN ( 22 दिसंबर– 21 जनवरी) मानसिक सेहत के प्रति जागरुकता बढ़ेगी। वित्तीय मामले में आपका समय अच्छा है। परिवार का भरोसा और प्यार हासिल करेंगे।
**लकी नंबर: 18, लकी कलर : पीच**

**कुंभ** AQUARIUS ( 22 जनवरी– 19 फरवरी) दिनचर्या में व्यायाम शामिल कर पायेंगे। आर्थिक स्तर पर उन्नति के संकेत हैं। होममेकर्स नए स्किल सीखने वाले हैं। सामाजिक क्षेत्र में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। किसी धार्मिक यात्रा पर जाने के संकेत हैं।
**लकी नंबर :22, लकी कलर : व्हाइट**

**मीन** PISCES ( 20 फरवरी – 20 मार्च) पुरानी बीमारी से राहत मिलने वाली है। कोई बड़ी खरीदारी करने में सक्षम होंगे। फैमिली को वक्त दें,इमोशनल सपोर्ट मिलेगा। आपकी छुपी प्रतिभा सामने आ सकती है। सोशलवर्क में सक्रिय रह सकते हैं।
**लकी नंबर : 17, लकी कलर : पिंक**

# खाद्य और ऊर्जा चुनौतियों से जूझ रहा 'ग्लोबल साउथ': पीएम मोदी

- प्रधानमंत्री ने खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा के क्षेत्रों में वैश्विक अनिश्चितताओं के प्रभावों पर चिंता व्यक्त की



**नई दिल्ली,**(पंजाब केसरी): प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को विकासशील देशों में, विशेषकर खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा के क्षेत्रों में वैश्विक अनिश्चितताओं के प्रभावों पर चिंता व्यक्त की। मोदी ने तीसरे 'वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ' सम्मेलन में अपने शुरुआती भाषण में इसमें भाग ले रहे देशों को डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा क्षेत्र समेत विभिन्न अहम क्षेत्रों में पूर्ण समर्थन देने की भारत की अटूट प्रतिबद्धता का आश्वासन दिया। भारत ने डिजिटल रूप से इस सम्मेलन की मेजबानी की। प्रधानमंत्री ने कहा, ''आज हम ऐसे वक्त में बैठक कर रहे हैं, जब चारों ओर अनिश्चितता का माहौल है। दुनिया अब भी पूरी तरह से कोविड-19 के प्रभाव से बाहर नहीं आई है। दूसरी ओर, युद्ध की स्थिति ने हमारी विकास यात्रा के लिए चुनौतियां पैदा कर दी है।'' उन्होंने कहा, ''हम न केवल जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, बल्कि अब स्वास्थ्य सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा और ऊर्जा सुरक्षा को लेकर भी चिंताएं हैं।'' प्रधानमंत्री ने आतंकवाद, उग्रवाद और अलगाववाद की चुनौतियों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, ''आतंकवाद, उग्रवाद और अलगाववाद हमारे समाज के लिए गंभीर खतरा बने हुए हैं।'' मोदी ने कहा, ''प्रौद्योगिकी विभाजन और प्रौद्योगिकी से जुड़ी नयी आर्थिक व सामाजिक चुनौतियां भी सामने आ रही हैं। पिछली शताब्दी में स्थापित वैश्विक शासन और वित्तीय संस्थान वर्तमान शताब्दी की चुनौतियों का सामना करने में असमर्थ हैं।'' मोदी ने कहा कि 'वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ' सम्मेलन विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करने का एक मंच बन गया है। उन्होंने कहा कि जी20 के भारत के नेतृत्व में हमने 'ग्लोबल साउथ' की अपेक्षाओं, आकांक्षाओं व प्राथमिकताओं के आधार पर एजेंडा बनाया। मोदी ने कहा कि भारत ने विकासोन्मुखी दृष्टिकोण से जी20 को आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा, ''ग्लोबल साउथ की ताकत उसकी एकता में है। इसी एकता के बल पर हम नयी दिशा की ओर बढ़ेंगे।''

## वेणुगोपाल पीएसी के अध्यक्ष बने

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): कांग्रेस के संगठन महासचिव और लोकसभा सदस्य केसी वेणुगोपाल को संसद की महत्वपूर्ण समिति माने जाने वाली लोक लेखा समिति (पीएसी) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है तथा भाजपा के सांसद संजय जायसवाल को प्राक्कलन समिति की अध्यक्षता सौंपी गई है। लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी बुलेटिन में पांच संसदीय समितियों के गठन की जानकारी दी गई है। बुलेटिन में कहा गया है कि ओबीसी के कल्याण से संबंधित संसदीय समिति तथा एससी एवं एसटी के कल्याण से जुड़ी समिति गठित की गई हैं। ओबीसी कल्याण के संबंधित समिति के अध्यक्ष भाजपा के गणेश सिंह होंगे, जबकि उनके पार्टी सहयोगी फग्गन सिंह कुलस्ते एससी-एसटी कल्याण से संबंधित संसदीय समिति के अध्यक्ष होंगे। भाजपा सांसद बैजयंत पांडा सार्वजनिक उपक्रम संबंधी संसदीय समिति की अध्यक्षता करेंगे। लोक लेखा समिति, सार्वजनिक उपक्रम संबंधी समिति (सीओपीयू) और प्राक्कलन समिति संसद की प्रमुख वित्तीय समितियां हैं।



# देशभर में डॉक्टरों का प्रदर्शनः स्वास्थ्य सेवाएं रही प्रभावित




**चंडीगढ़/भुवनेश्वर/ईटानगर,** (पंजाब केसरी): पंजाब, हरियाणा, ओडिशा और अरुणाचल प्रदेश में चिकित्सकों ने कोलकाता के एक सरकारी अस्पताल में महिला चिकित्सक के साथ कथित दुष्कर्म और फिर उसकी हत्या किए जाने की घटना के विरोध में शनिवार को प्रदर्शन किया जिसके कारण इन राज्यों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित रहीं।'इंडियन मेडिकल एसोसिएशन' (आईएमए) ने देश भर में अपने सदस्यों से 24 घंटे की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल होने का आह्वान किया है। हड़ताल रविवार सुबह छह बजे समाप्त होगी।

चंडीगढ़ में पीजीआईएमईआर में रेजिडेंट डॉक्टरों का विरोध प्रदर्शन शनिवार को छठे दिन भी जारी रहा।

पीजीआईएमईआर के संकाय सदस्य का संघ भी आईएमए के आह्वान का समर्थन कर रहा है। आईएमए की पंजाब इकाई के सलाहकार नवजोत दहिया ने कहा कि महिला चिकित्सक के लिए न्याय और चिकित्सकों की सुरक्षा की मांग को लेकर पटियाला, अमृतसर तथा लुधियाना में कई जगहों पर स्वास्थ्यकर्मियों ने धरना दिया।

प्रदर्शनकारी चिकित्सकों ने कहा कि ओपीडी की सेवाएं बंद रहीं और वैकल्पिक सर्जरी भी नहीं की गईं, लेकिन आपातकालीन सेवाएं चालू हैं। अमृतसर में प्रदर्शन कर रहे एक चिकित्सक ने कहा कि अगर चिकित्सक अस्पताल में ही सुरक्षित नहीं हैं, तो भला कहां सुरक्षित होंगे? वहीं, अरुणाचल प्रदेश के नाहरलगुन में 'टोमो रीबा इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ एंड मेडिकल साइंसेज' के चिकित्सकों ने आपातकालीन और ट्रॉमा विभाग के सामने विरोध प्रदर्शन किया। तख्तियां हाथ में लेकर प्रदर्शनकारी चिकित्सकों ने नारेबाजी की और मृतका तथा उसके परिवार के सदस्यों के लिए न्याय की मांग की। एक चिकित्सक ने नाम न उजागर करने की शर्त पर बताया कि अस्पताल में सभी नियमित सेवाएं बंद कर दी गई हैं। ईटानगर स्थित रामकृष्ण मिशन अस्पताल (आरकेएम) के चिकित्सक भी विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। आरकेएम के सचिव स्वामी वेदसरानंद ने एक विज्ञप्ति में बताया कि अस्पताल ने आज सुबह छह बजे से अगले 24 घंटे की अवधि के लिए ओपीडी और वैकल्पिक सर्जरी की सेवाओं को निलंबित कर दिया।

पश्चिम सियांग जिले के आलो सामान्य अस्पताल और पासीघाट के बाकिन पर्टिन सामान्य अस्पताल के चिकित्सकों ने भी देशव्यापी विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया। ओडिशा में विरोध-प्रदर्शन में आईएमए के लगभग 6,000 सदस्य शामिल हुए, जिसके कारण सरकारी और निजी दोनों अस्पतालों में ओपीडी, वैकल्पिक सर्जरी और प्रयोगशाला सेवाएं बंद रहीं।

# न्यायालय का फैसला आरक्षण से खिलवाड़ भाजपा की साजिश को करारा जवाब



- भाजपा सरकार सही मायने में युवाओं की दुश्मन
- सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ने वाले हर योद्धा की जीत है

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में 69,000 सहायक शिक्षकों की भर्ती पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय का फैसला आरक्षण व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार की साजिशों को करारा जवाब है। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि पढ़ाई करने वालों को 'लड़ाई' करने पर मजबूर करने वाली भाजपा सरकार सही मायने में युवाओं की दुश्मन है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने उत्तर प्रदेश में एटीआरई के तहत 69 हजार शिक्षकों की नियुक्ति के लिए जून 2020 में जारी चयन सूची एवं 6800 अभ्यर्थियों की पांच जनवरी 2022 की चयन सूची को दरकिनार कर नए सिरे से सूची बनाने के आदेश दिए हैं। इससे पहले एकल पीठ ने 69 हजार अभ्यर्थियों की चयन सूची पर पुनर्विचार करने के साथ-साथ 6800 अभ्यर्थियों की पांच जनवरी 2022 की चयन सूची को खारिज कर दिया था।

राहुल ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''69,000 सहायक शिक्षकों की भर्ती पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय का फैसला आरक्षण व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वाली भाजपा सरकार की साजिशों को करारा जवाब है। यह पांच वर्षों से सर्दी, गर्मी, बरसात में सड़कों पर निरंतर संघर्ष कर रहे अमित मौर्या जैसे हज़ारों युवाओं की ही नहीं, सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ने वाले हर योद्धा की जीत है।'' उन्होंने आरोप लगाया कि आरक्षण छीनने की ''भाजपाई ज़िद'' ने सैकड़ों निर्दोष अभ्यर्थियों का भविष्य अंधकार में धकेल दिया है। कांग्रेस नेता ने कहा, ''पांच साल ठोकरें खा कर बर्बाद होने के बाद जिनको नई सूची के ज़रिए नौकरी मिलेगी और जिनका नाम अब चयनित सूची से कट सकता है, दोनों की ही गुनहगार सिर्फ भाजपा है।''

# कांग्रेस पार्टी के भ्रष्टाचार का काला इतिहास जारी है : नड्डा



- नेशनल हेराल्ड से लेकर कर्नाटक के मैसूरु भूमि घोटाले तक नाम है

**नई दिल्ली,**(पंजाब केसरी) : भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के भ्रष्टाचार का इतिहास काला है और यह नेशनल हेराल्ड से लेकर कर्नाटक के मैसूरु भूमि घोटाले तक जारी है। भाजपा अध्यक्ष ने कांग्रेस नेताओं द्वारा कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत के खिलाफ जारी बयानबाजी की तीखी आलोचना करते हुए कहा है कि नेशनल हेराल्ड से लेकर एमयूडीए घोटाले तक कांग्रेस के भ्रष्टाचार की विरासत जारी है।

उन्होंने कांग्रेस को तल्ख शब्दों में नसीहत देते हुए कहा कि कांग्रेस को इस फैसले ( राज्यपाल के फैसले) को असंवैधानिक बताने की बजाय अपने कृत्यों पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने जनता का विश्वास तोड़ने का काम किया। इन्होंने व्यक्तिगत लाभ के लिए भ्रष्टाचार किया। कांग्रेस को अपने कृत्यों पर आत्मचिंतन करना चाहिए। नड्डा ने आगे कहा कि कांग्रेस खुद को दलितों और अल्पसंख्यकों की हितैषी बताती है, लेकिन उनके मुख्यमंत्री दलित परिवार की जमीन हड़पने में शामिल हैं। यह कांग्रेस की दोहरी नीति और परिवारवादी राजनीति का एक और उदाहरण है। जे.पी. नड्डा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, कांग्रेस पार्टी का भ्रष्टाचार जारी है! नेशनल हेराल्ड से लेकर कर्नाटक के एमयूडीए घोटाले तक, कांग्रेस पार्टी का भ्रष्टाचार का इतिहास जगजाहिर है। बार-बार, उन्होंने निजी लाभ के लिए लोगों का भरोसा तोड़ा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस को इस फैसले को असंवैधानिक बताने की बजाय अपने कर्मों पर विचार करना चाहिए।









# सड़क पर डॉक्टर, तड़पते मरीज

## दिल्ली में चिकित्सकों की हड़ताल में शामिल हुए निजी अस्पताल, ओपीडी सेवाएं बंद

## दिल्ली में 5 दिन में 1 लाख से ज्यादा मरीजों को नहीं मिला इलाज

कोलकाता के एक अस्पताल में महिला चिकित्सक के साथ कथित बलात्कार एवं हत्या के विरोध में चिकित्सकों की हड़ताल तेज होती जा रही है। शुक्रवार को एम्स, सफदरजंग एव आरएमएल अस्पताल समेत दिल्ली के प्रमुख निजी अस्पताल भी इस विरोध प्रदर्शन में शामिल होते हुए अपनी ओपीडी, वैकल्पिक सर्जरी और आईपीडी सेवाएं बंद कर दीं। वहीं राजधानी में रेजिडेंट डॉक्टर सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। दूसरी ओर दिल्ली मेडिकल एसोसिएशन के आहवान पर जंतर-मंतर पर बड़ी संख्या में डॉक्टरों ने धरना प्रदर्शन किया और पीड़ित परिवार के लिए न्याय की मांग के साथ-साथ डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए सेंट्रल प्रोटेक्शन एक्ट की मांग की। शुक्रवार को हड़ताल के छठे दिन इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के कहने पर सरकारी अस्पतालों के साथ-साथ निजी अस्पताल भी इसमें शामिल हो गए। गंगा राम, फोर्टिस एवं अपोलो जैसे अस्पतालों ने अपनी ओपीडी, वैकल्पिक सर्जरी एवं आईपीडी सेवाएं बंद कर दी हैं। सर गंगा राम अस्पताल के प्रबंधन बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. डीएस राणा ने कहा कि हमने ओपीडी, वैकल्पिक ऑपरेशन थियेटर और आईपीडी सेवाएं पूरी तरह बंद करने की घोषणा की है। मेरा मानना है कि अधिकारियों पर दबाव बनाने और जांच प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए अब विरोध प्रदर्शन में शामिल होना और काम बंद करना जरूरी हो गया है, ताकि न्याय में देरी न हो। उन्होंने कहा कि जब तक सभी स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा संबंधी चिंताओं को दूर करने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए जाते, तब तक हम हड़ताल का पूरी तरह से समर्थन करते रहेंगे। फोर्टिस हॉस्पिटल्स ने एक बयान में कहा कि कोलकाता में हुई भयावह घटना से हम बेहद दुखी और स्तब्ध हैं। फोर्टिस अस्पताल में, हम इस कृत्य की निंदा करने में आईएमए और चिकित्सा समुदाय के साथ खड़े हैं। हम अपने चिकित्सकों की भावनाओं का सम्मान करते हैं। हम उन लोगों का समर्थन करेंगे जो राष्ट्रव्यापी बंद में भाग लेना चाहते हैं। दिल्ली के सभी प्रमुख अस्पतालों के रेजिडेंट डॉक्टर कोलकाता की पीड़िता के लिए न्याय की मांग और सुरक्षा चिंताओं को लेकर विरोध प्रदर्शन व मार्च कर रहे हैं और धरना दे रहे हैं।अपोलो भी विरोध प्रदर्शन में शामिल हो गया है।

## एम्स दिल्ली में ओपीडी और मरीजों के दाखिले में 90% कमी

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : कोलकाता में प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ कथित दुष्कर्म और उसकी हत्या की घटना के विरोध में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान चिकित्सा संस्थान (एम्स) और सफदरजंग सहित दिल्ली के कई अस्पतालों में शनिवार को भी चिकित्सकों की हड़ताल जारी रहा। एम्स, वीएमएमसी और सफदरजंग अस्पताल, डॉ. राम मनोहर लोहिया और इंदिरा गांधी अस्पताल के "रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन" (आरडीए) ने लगातार छठे दिन हड़ताल जारी रखी जिससे बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी), आपरेशन थिएटर" (ओटी) और वार्ड बंद हैं। रेजिडेंट डॉक्टरों के हड़ताल पर चले जाने से दिल्ली स्थित एम्स में कामकाज बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। शनिवार को सर्जरी में 90 प्रतिशत और भर्ती होने वालों की संख्या में 90 प्रतिशत की कमी आई। दिल्ली स्थित एम्स की चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मदान ने बताया कि शनिवार को कुल 240 मरीज भर्ती किए गए। भर्ती किए गए मरीजों में से 218 मुख्य अस्पताल में थे। उन्होंने बताया कि हड़ताल से प्रभावित अन्य सेवाओं में बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) में पंजीकरण में 90 प्रतिशत की कमी, प्रयोगशाला सेवाओं में 80 प्रतिशत तथा रेडियोलॉजिकल जांच में 90 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। शनिवार को की गई कुल सर्जरी में से 62 बड़ी और 4 छोटी थीं। इस दौरान केवल इमरजेंसी सेवाएं ही चालू रही। एम्स द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि सभी वैकल्पिक भर्ती तत्काल प्रभाव से रोक दिए जाएंगे और हड़ताल समाप्त होने तक मरीजों की केवल आपातकालीन भर्ती ही ली जाएंगी। एम्स आरडीए के महासचिव डॉ. रघुनंदन दीक्षित ने कहा कि आपातकालीन देखभाल जारी रहेगी, ताकि गंभीर रूप से बीमार मरीजों को परेशानी न हो और उन्हें उपचार मिल सके।



जंतर-मंतर पर प्रदर्शन



लेडी हार्डिंग अस्पताल




सफदरजंग अस्पताल

फोटो : मिहिर सिंह

### डीएमए के आह्वान पर जंतर-मंतर पर प्रदर्शन

कोलकाता कांड ने पूरे देश में आक्रोश पैदा कर दिया है। इस कांड के विरोध में पिछले कई दिनों से प्रदर्शन हो रहा है। उस भयावह घटना के विरोध में आज देशभर के डॉक्टर्स हड़ताल पर हैं। सरकारी और निजी अस्पतालों में ओपीडी की सेवाएं बंद रही, लेकिन इमरजेंसी सर्विस को जारी रखा गया। इस कांड के विरोध में कई दिनों से बंगाल से लेकर दिल्ली तक विरोध प्रदर्शन हो रहा है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के आह्वान पर जहां निजी अस्पताल की इमरजेंसी छोड़कर 24 घंटे के लिए सभी सेवाएं बंद रहीं वहीं दिल्ली मेडिकल एसोसिएशन (डीएमए) के आह्वान पर जंतर-मंतर पर डॉक्टरों ने धरना प्रदर्शन कर अपनी एकजुटता दिखाई। डीएमए के निर्वाचित अध्यक्ष डॉ. गिरिश त्यागी ने डॉक्टरों की सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की और कोलकाता कांड में पीड़िता के न्याय मिलने और डॉक्टरों की मांग मानने के लिए केंद्र सरकार से आग्रह किया साथ ही मांगें पूरी नहीं होने पर इमरजेंसी सेवाएं भी बंद कर डॉक्टरों की शक्ति प्रदर्शन की चेतावनी दी।

### डॉक्टर्स की मांगें...

सबसे बड़ी मांग पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन की मांग की गई है। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज पीड़िता को तत्काल न्याय मिले। डॉक्टरों के लिए बना सेंट्रल प्रोटेक्शन एक्ट लागू हो। सुरक्षा की ऑडिट हो और तत्काल सुरक्षाकर्मी उपलब्ध हो। अस्पताल में लगे कैमरा की पूरी रिपोर्ट सामने लाई जाए। बता दें कि कोलकाता में डॉक्टर से रेप और मर्डर की घटना के विरोध में दिल्ली में लेडी हार्डिंग अस्पताल के साथ-साथ अन्य अस्पतालों के डॉक्टर विरोध मार्च निकाल रहे हैं। वहीं, कोलकाता में डॉक्टर से रेप और मर्डर की घटना के बाद चल प्रदेश हड़ताल में सीनियर फैकल्टी, नर्सिंग स्टाफ स्टाफ भी डॉक्टर्स के समर्थन में आ गया है। सफदरजंग हॉस्पिटल में डॉक्टर्स ने एक मार्च निकाल और सेंट्रल प्रोटेक्शन एक्ट की मांग की।



आरएमएल अस्पताल में मरीज परेशान

**राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की...** दिल्ली सरकार के अधीन काम करने वाले डॉक्टरों का प्रतिनिधित्व करने वाले दिल्ली एडमिनिस्ट्रेशन डॉक्टर्स वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्य कोलकाता के एक अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात महिला रेजिडेंट डॉक्टर के साथ क्रूर बलात्कार-हत्या और राज्य प्रशासन की असंवेदनशील उदासीन प्रतिक्रिया के बाद स्तब्ध और दुखी हैं। इस एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. मुकेश मित्तल ने बताया कि वह इस घटना और पश्चिम बंगाल राज्य की ओर से की गई चूक और कमीशन के कृत्यों की निंदा करती है। संविधान इस तथ्य को ध्यान में रखता है कि पश्चिम बंगाल राज्य में कानून और व्यवस्था मशीनरी के खराब होने के कारण अस्पतालों और स्वास्थ्य संस्थानों में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों के जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार खतरे में पड़ गया है।

### संजय गांधी अस्पताल में भी प्रदर्शन

**पश्चिमी दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : मंगोलपुरी स्थित संजय गांधी अस्पताल में डॉ. और नर्स के साथ हुए दुष्कर्म की घटना लेकर अस्पताल के रेजिडेंट डॉक्टर्स, नर्सिंग अधिकारियों ने अस्पताल विरोध प्रदर्शन कर रैली निकाली। ज्ञात हो तो बीते कई दिनों से बंगाल में डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म की घटना को लेकर देशभर के अस्पतालों में डॉक्टर प्रशिक्षु डॉक्टर को इंसाफ दिलाने के लिए प्रदर्शन कर रहे है। वही उत्तराखंड में नर्स के साथ हुई दुष्कर्म की घटना को लेकर नर्सिंग अधिकारियों में भी बेहद रोष है, जिसे लेकर अस्पताल के सभी नर्सिंग अधिकारियों ने दो घंटे के सांकेतिक हड़ताल कर अपना विरोध दर्ज कराया। इस प्रदर्शन में संजय गांधी के रेजिडेंट डॉक्टर एसो. के प्रेसिडेंट डॉक्टर नवदीप ने कहा कि जब तक दोषियों को सजा नहीं मिलती है, हम प्रदर्शन जारी रखेंगे।




### सरकार ने मानी डॉक्टरों की मांग सुरक्षा के लिए बनाएगी कमेटी

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : कोलकाता रेप मर्डर केस के विरोध में प्रदर्शन कर रहे डॉक्टरों की मांग केंद्र सरकार ने मान ली है। सरकार ने कहा है कि वह सेंट्रल प्रोटेक्शन एक्ट को लेकर समिति बनाएगी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने डॉक्टरों को सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास का आश्वासन दिया स्वास्थ्य पेशेवरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उपाय सुझाने के लिए एक समिति गठित की जाएगी।



शहीद भगत सिंह रोड़ पर प्रदर्शन।

### एबीवीपी का बंग भवन पर प्रदर्शन



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने पश्चिम बंगाल स्थित आरजी कर मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर के साथ यौन दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले में शनिवार को दिल्ली स्थित बंग भवन सहित देशव्यापी प्रदर्शन कर इस मामले में न्याय की मांग की। पश्चिम बंगाल में घटित जघन्यतम श्रेणी के इस अपराध ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। विद्यार्थी परिषद के देशभर में हुए प्रदर्शनों में बड़ी संख्या में विद्यार्थी सम्मिलित हुए तथा विद्यार्थी समुदाय ने महिला डॉक्टर के साथ हुए क्रूरतम अपराध पर अपना रोष प्रकट किया, साथ ही मेडिकल कॉलेज में हुई तोड़फोड़ तथा साक्ष्य मिटाने के प्रयासों को रोकने में ममता बनर्जी सरकार की विफलता की कड़ी निन्दा की।

## जेएनयू में छात्रों की भूख हड़ताल जारी, कई छात्रों की बिगड़ी तबीयत

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में अपनी लंबित मांगों को लेकर जेएनयूएसयू के बैनर तले छात्र बीते छह दिनों लगातार अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे हैं। शनिवार को हड़ताल में बैठे कई छात्रों की तबीयत बिगड़ गई है। जिसमें छात्र संघ अध्यक्ष धनंजय, छात्र रणविजय, शुभम और गगन शामिल हैं। हालत बिगड़ते देख डॉक्टर्स की सलाह पर चारों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस बारे में छात्र संगठन आईसा का कहना है कि शुक्रवार को पांचवें दिन जब डॉक्टरों ने इन सभी की स्वास्थ्य जांच की थी तो करीब 6 छात्रों का वजन दो से तीन किलो कम हो गया था। बावजूद इसके अंदोलनकारी छात्रों ने अपनी हड़ताल जारी रखी, शनिवार को इनकी तबीयत और बिगड़ने पर इन्हें आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया। ऑल इंडिया स्टूडेंट एसोसिएशन (आइसा) दिल्ली की सचिव नेहा तिवारी का



कहना है कि हड़ताल के 130 घंटे बीतने के बाद भी जेएनयू प्रशासन ने अभी तक भूख हड़ताल पर बैठे छात्रों से मिलना भी जरूरी नहीं समझा है। उन्होंने कहा कि नीतीश, रणविजय, शुभम, गगन और पुष्पराज भूख हड़ताल पर बैठे हुए हैं। रणविजय को कमजोरी, जोड़ों में दर्द, कमर दर्द की शिकायत है। वहीं धनंजय में पीलिया के लक्षण दिखाई दिए हैं।

## शाहदरा साउथ जोन में अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): कौन कहता है कि आसमां में सुराख नहीं हो सकता, एक पत्थर तो तबीयत से उछालो यारों... ! दुष्यंत कुमार की यह पंक्तियां दिल्ली नगर निगम के शाहदरा साउथ जोन पर बिल्कुल सटीक बैठ रही है। दरअसल शनिवार को शाहदरा साउथ जोन की टीम ने एक ऐसे अवैध निर्माण पर कार्रवाई की है, जिसने न सिर्फ सरकारी महकमे को बल्कि कृष्णा नगर वॉर्ड से भाजपा पार्षद संदीप कपूर को भी कटघरे में खड़ा कर दिया था। पंजाब केसरी ने 9 अगस्त के अंक में 'भाजपा पार्षदों के वॉर्डों में सरकारी जमीन पर हो रहा कब्जा, कोर्ट पहुंचे पूर्व मेयर' के शीर्षक से खबर प्रकाशित किया था। जिसके बाद शनिवार को शाहदरा साउथ जोन की टीम ने दुकान पर बुलडोजर चलाकर उसे जमींदोज कर दिया। पुलिस टीम की मौजूदगी में यह कार्रवाई की गई है। ज्ञात हो कि कृष्णा नगर वॉर्ड से भाजपा पार्षद संदीप कपूर और गांधी नगर वॉर्ड से प्रिया कंबोज के क्षेत्र में अवैध निर्माण किया गया था। सरकारी जमीन पर लोग कब्जा कर दुकान व




घर बना रहे थे। बता दें कि कृष्णा नगर वॉर्ड स्थित वीर सावरकर मार्केट में सरकारी जमीन (सड़क) पर दुकान बना ली गई थी, वहीं गांधी नगर वॉर्ड में गली के आखिरी छोर पर ही चार फ्लोर का मकान बना लिया गया। मामले में हाईकोर्ट ने निगम अधिकारियों को फटकार भी लगाई थी और सख्त निर्देश जारी किया था कि अगामी 30 सितंबर के अंदर निगम ने क्या कार्रवाई की, उसकी विस्तृत रिपोर्ट दें। यदि ऐसा नहीं हुआ तो निगम अधिकारी को निलंबित भी किया जा सकता है। बहरहाल पंजाब केसरी में खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करने के बाद अधिकारियों ने इसपर कार्रवाई की।

> अवैध निर्माण की शिकायत आने पर उस पर कार्रवाई जरूर की जाएगी। इस मामले में भी शिकायत आई थी और शनिवार को दुकान को तोड़ दिया गया है।
>
> — **अंशुल सिरोही**, उपायुक्त, शाहदरा साउथ जोन

### संक्षिप्त समाचार...

### पूर्व छात्रों को किया सम्मानित



**पश्चिमी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): सागरपुर स्थित राजकीय उच्चतर बाल विद्यालय नंबर-1 में पूर्व छात्रों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. मनीष कुमार ने सभी पूर्व छात्रों को सम्मानित किया और इस दौरान उन्होंने कहा कि इन सभी पूर्व छात्रों का विद्यालय का नाम रोशन करने में एक बेहद ही विशेष भूमिका रही है। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य और निगम पार्षद स्कूल के सभी पूर्व छात्रों 1992 तथा उसके बाद पासआउट डॉ. राजेश खंडोडिया, सुनील सरकनिया, अशोक कुमार, पवन कुमार, सुरेंद्र सिंह, संतोष कुमार, डॉ. भ्रम देव, संजय सिंह, ध्रुव गर्ग, अरमान कुमार, प्रिंस कुमार, सोनू गुप्ता को स्कूल की शील्ड देकर सम्मानित किया।

### बच्चियों ने बांधी सीआरपीएफ जवानों को राखी



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): मयूर विहार फेस-3 स्थित विद्या बाल भवन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सीआरपीएफ 31वीं बटालियन मयूर विहार फेस-3 में जवानों को राखी बांधकर रक्षाबंधन पर्व मनाया। स्कूली बच्चों से राखी बंधवाने के दौरान जवानों की आंखें नम हो गईं क्योंकि उन्हें उनके परिवार की याद आ गई। स्कूली बच्चियों के साथ जवान बेहद खुश दिखे। उन्होंने कहा कि हमें अपने परिवार की कमी जो महसूस हो रही थी, उसे इन बच्चियों ने राखी बांधकर पूरा कर दिया। सीआरपीएफ जवानों में अशोक कुमार सिंह, सेकंड कमांडेंट संतोष, सेकंड कमांडेंट, एनएस राठौर, डिप्टी कमांडेंट और संजय डिप्टी कमांडेंट आदि उपस्थित रहे।

### पुल निर्माण को लेकर लोगों ने किया प्रदर्शन

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): मीठापुर में वर्षों से लंबित पुल निर्माण को लेकर क्षेत्र के मीठापुर में पूर्व विधायक चौ. राम सिंह नेताजी के अगुवाई में शनिवार को विशाल धरना प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए राम सिंह नेताजी ने बताया कि इस पुल निर्माण का कार्य अधर में है। इस पुल से रोजाना हजारों लोगों का आना-जाना होता है। नौकरी पेशा वाले लोग प्रतिदिन घंटों ट्रैफिक में फंसे रहते हैं। उन्होंने कहा कि जब एनटीपीसी यूनिट चल रही थी तब उन्होंने जैतपुर मोड़ को चौड़ा करवाया। अपने पूरे आठ महीनों के कार्यकाल में उन्होंने केवल इसी पुल का निर्माण कार्य करवाया है।

### अवैध पार्किंग पर चिंता जताते हुए एलजी वीके सक्सेना ने दिए अधिकारियों को निर्देश...

## अवैध रूप से वाहन खड़े करने वाले हो जाएं सावधान

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली में अवैध पार्किंग एक गंभीर समस्या बन गई है। इस समस्या से न केवल आम लोग परेशान हैं बल्कि यह समस्या ट्रैफिक पुलिस व प्राशासनिक अधिकारियों के लिए भी जी का जंजाल बन गई है। इससे निजात पाने के लिए अब नई तकनीक का इस्तेमाल होगा। राजनिवास के अधिकारियों ने बताया कि अवैध पार्किंग पर चिंता जताते हुए एलजी वीके सक्सेना ने ट्रैफिक पुलिस, नगर निगम और एनडीएमसी को एकीकृत मोबाइल ऐप विकसित करने के निर्देश दिए हैं। इसमें अवैध पार्किंग में खड़े वाहनों की तस्वीर खींचकर मोबाइल ऐप पर अपलोड की जा सकेगी। इसके जरिए ही इन वाहनों का चालान किया जाएगा। एनडीएमसी क्षेत्र में पहले इसका उपयोग होगा

एलजी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ ट्रेफिक व्यवस्था और अवैध पार्किंग की स्थिति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने दिल्ली में ट्रैफिक के हालात पर निराशा जताई और कहा कि शहर में सड़कों पर ट्रैफिक जाम व पार्किंग बड़ी समस्या बन गई है, इस पर सभी एजेंसियों को ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक पुलिस, एमसीडी और एनडीएमसी मिलकर एक ऐप विकसित करेंगे जिसमें अवैध व अनधिकृत रूप से पार्क किए गए वाहनों की तस्वीरें फोन से अपलोड की जा सकेंगी, ताकि इसके खिलाफ जल्द से जल्द कार्रवाई की जा सके। इस योजना को पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर एनडीएमसी क्षेत्र में लागू किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि एनडीएमसी क्षेत्र में काम करने वाले तमाम माली गलत तरीके से पार्क किए गए वाहनों की फोटो खींचकर उसे मोबाइल एप पर अपलोड कर सकते हैं। इससे उन वाहनों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की जा सकेगी। एलजी ने कहा कि पार्किंग क्षेत्रों और स्थानों के प्रबंधन में ट्रैफिक पुलिस को भी शामिल किया जाना चाहिए। एलजी ने कहा कि बहुस्तरीय पार्किंग स्थलों की पूरी क्षमता का उपयोग नहीं किया जा रहा है। इसके चलते ही सड़कों पर पार्किंग की समस्या उत्पन्न हो रही है। यातायात पुलिस को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि निर्धारित बहुस्तरीय पार्किंग स्थलों पर ही वाहनों को खड़ा किया जाए। उन्होंने कहा कि पायलट आधार पर कमला नगर और यूसुफ सराय मार्केट में बहुत स्तरीय पार्किंग को तुरंत शुरू किया जाए। यातायात पुलिस और परिवहन विभाग को तालमेल बनाकर पुराने और खराब हो चुके वाहनों को हटाने की बात पर एलजी ने बल दिया।



- अवैध रूप से पार्क किये गये वाहनों का फोटो खींचकर होगा चालान
- ट्रैफिक पुलिस, नगर निगम और एनडीएमसी मिलकर बनाएंगे एप
- अवैध पार्क किये गये वाहनों की फोटो एप पर होगी अपलोड, कटेगा चालान

**ई वाहनों को पार्किंग में मिलेगी छूट...** इस दौरान एलजी के निर्देश पर अधिकारियों ने जानकारी दी कि इलेक्ट्रिक व्हीकल्स को पार्किंग फीस में समुचित छूट दी जाएगी। इससे इलेक्ट्रिक व्हीकल्स को एक विकल्प के रूप में प्रोत्साहित किया जा सकेगा, साथ ही इससे वाहनों के उत्सर्जन से होने वाले प्रदूषण को दूर करने में भी काफी मदद मिलेगी।

## दिल्ली विद्युत बोर्ड के पेंशनर्स अब उठा सकेंगे कैशलेस मेडिकल सुविधाओं का लाभ

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): अरविंद केजरीवाल सरकार ने दिल्ली विद्युत बोर्ड के रिटायर पेंशनर्स को बड़ी सौगात दी है। पेंशनर्स को अब पैनल अस्पतालों पर कैशलेस सुविधाएं भी मिलेंगी। शनिवार को बिजली मंत्री आतिशी ने एक प्रेसवार्ता कर बताया कि दिल्ली विद्युत बोर्ड के पेंशनर्स को मेडिकल रिम्बर्समेंट के लिए अब दफ्तरों के चक्कर काटने की जरूरत नहीं है। पैनल अस्पतालों में उन्हें कैशलेस मेडिकल सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार के इस फैसले से दिल्ली विद्युत बोर्ड के 20,000 से अधिक पेंशनर्स को लाभ मिलेगा। इसका आधिकारिक नोटिफिकेशन एक से दो दिन में जारी होगा। बिजली मंत्री ने कहा कि 2002 में दिल्ली के पॉवर सेक्टर में बड़ा रिफॉर्म हुआ था। दिल्ली विद्युत बोर्ड से बिजली सेक्टर की अलग-अलग सेक्टर की इकाइयां बनाई गई थी। जिसमें दिल्ली सरकार की बिजली जेनरेशन कंपनियां, ट्रांसमिशन कंपनी दिल्ली ट्रांस्को लिमिटेड और तीन डिस्कॉम्स दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों में पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन का काम करती हैं। उन्होंने कहा कि जब दिल्ली विद्युत बोर्ड की अनबंडलिंग की गई तो जो सरकारी कर्मचारी उस समय दिल्ली विद्युत बोर्ड में काम कर रहे थे, उन्हें सभी सुविधाएं देने की जिम्मेदारी दिल्ली सरकार ने ली थी। लेकिन ये दुर्भाग्यपूर्ण था कि जो सरकारी कर्मचारी रिटायर हुए उनमें से कई कर्मचारियों को बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ा। इन्हें अक्सर समय से पेंशन नहीं मिलती थी, बाकी सुविधाएं नहीं मिलती थी।



झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND
झारखण्ड मुख्यमंत्री
मंईयां
सम्मान योजना
हर बहना को
हर साल
₹ 12 हजार
रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर आज से योजना का हो रहा शुभारंभ
केवल 2 सप्ताह में 43 लाख निबंधन एक बड़ी उपलब्धि
अब तक 37 लाख बहनों के आवेदन की जाँच एवं प्रशासनिक स्वीकृति भी पूरी कर ली गई है
31 अगस्त से पहले सभी बहनों के खातों में होगी एक हज़ार रुपये की सम्मान राशि (पहली किस्त)
सितंबर से हर महीने की 15 तारीख को हर बहन के खाते में बिना देर पहुँचेगी सम्मान राशि
रक्षाबंधन
के शुभ अवसर पर
झारखण्ड मुख्यमंत्री
मंईयां सम्मान योजना(JMMSY)
का
शुभारंभ
हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड
PR No. 333127(IPRD)
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

**डीपीएल का आगाज** | ऋषभ पंत, ललित यादव, हर्षित राणा और इशांत शर्मा जैसे सुपरस्टार खिलाड़ी दिल्ली प्रीमियर लीग में ले रहे हैं हिस्सा

# दिल्ली के क्रिकेटर्स को निखार रहे रोहन जेटली

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : इंडियन प्रीमियर लीग की तर्ज पर दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) का आगाज 17 अगस्त को हो गया है। इस बार यह सीजन 6 पुरुष टीम और 4 महिला टीम के बीच खेला जाने वाला है। जिसमें ऋषभ पंत, इशांत शर्मा, आयुष बड़ोनी और यश ढुल जैसे सितारे खेलते हुए नजर आने वाले हैं। शनिवार को साउथ दिल्ली सुपरस्टार और पुरानी दिल्ली-6 के बीच पहले सीजन का पहला मुकाबला खेला गया। मुकाबला शुरू होने से पहले पहले शानदार उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। इस सेरेमनी में बॉलीवुड सिंगर बादशाह और पंजाब की क्वीन कहे जाने वाली सोनम बाजवा ने प्रस्तुति दी। इस दौरान मंच पर दिल्ली एवं जिला क्रिकेट एसोसिएशन (डीडीसीए) के अध्यक्ष रोहन जेटली, मनजीत सिंह, (डायरेक्टर डीडीसीए), सीके खन्ना (पूर्व अध्यक्ष बीसीसीआई) और राजीव शुक्ला मौजूद रहे।



फोटो : नीरज



### डीपीएल लॉन्च होना गर्व की बातः रोहन

इस कार्यक्रम में दिल्ली एवं जिला क्रिकेट एसोसिएशन (डीडीसीए) के अध्यक्ष रोहन जेटली ने कहा कि "हम दिल्ली और जिला क्रिकेट एसोसिएशन (डीडीसीए) में दिल्ली प्रीमियर लीग के उद्घाटन संस्करण को आधिकारिक तौर पर लॉन्च करने पर बेहद गर्व महसूस कर रहे हैं। यह दोनों के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। यह समुदाय को भी एक साथ लाएगा। लीग में भाग लेने वाले सभी पुरुष और महिला खिलाड़ियों को हमारी शुभकामनाएं और हम एक रोमांचक सीजन की आशा करते हैं।"



**ऋषभ पंत ने मैच में 32 गेंदों में बनाए 35 रन...** डीडीसीए ने भारत की हालिया आईसीसी टी20 विश्व कप जीत में योगदान के लिए दिल्ली के क्रिकेटर ऋषभ पंत और विराट कोहली को सम्मानित किया।

### सभी टीम के कप्तान मंच पर रहे मौजूद

दिल्ली प्रीमियर लीग को आकर्षक बनाने के लिए डीडीसीए ने उद्घाटन सेरेमनी में अद्भुद प्रबंध किए। वहीं मुकाबले की शुरुआत से पहले टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही सभी टीम के कप्तान मंच पर मौजूद रहे। पुरुष टीम के 6 और महिला वर्ग की 4 कप्तान मंच पर ट्रॉफी के साथ नजर आईं। साथ ही मंच पर डीडीसीए के अध्यक्ष रोहन जेटली भी मंच पर मौजूद रहे।

### 23 दिनों तक चलेगा टूर्नामेंट

दिल्ली में क्रिकेट को उच्च लेवल पर पहुंचाने के लिए डीडीसीए ने टी-20 फॉर्मेट में टूर्नामेंट का आयोजन किया है। जिसमें दिल्ली के युवा अनकैप्ड खिलाड़ी और इंडियन क्रिकेट टीम के सीनियर खिलाड़ी भी खेलते हुए नजर आ रहे है। इस टूर्नामेंट में कुल 40 मुकाबले खेले जाने वाले है। जिसमें पुरुष वर्ग में 33 और महिला वर्ग 7 महिला खेले जाएंगे। वहीं महिला वर्ग में कुल 4 टीमें अपना जौहर दिखाते हुए नजर आने वाली है।



दिल्ली प्रीमियर लीग का शनिवार को हुआ भव्य उद्घाटन समारोह। इस दौरान डीडीसीए के अध्यक्ष रोहन जेटली, डीडीसीए के डायरेक्टर मनजीत सिंह, नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर टीम के को-ऑनर कपिल मिश्रा और नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर टीम की को-ऑनर अदिती चौहान।





### बादशाह और सोनम बाजवा ने दिखाया जलवा

दिल्ली प्रीमियर लीग की ओपनिंग सेरेमनी में बॉलीवुड सिंगर बादशाह और एक्ट्रेस सोनम बाजवा ने अपने परफोर्मेंस से ग्राउंड में मौजूद दर्शकों को दिल मोह लिया। इस दौरान स्टेडियम में मैच देखने आई फैंस की भारी भीड़ ने बादशाह और सोनम के परफॉर्मेंस का जमकर लुत्फ भी उठाया। देखते ही देखते दर्शकों ने पहले बादशाह के साथ गाना गाया। इसके बाद मैदान में परफॉर्मेंस देने आई सोनम ने अपनी डासिंग अदा से हर किसी को अपना कायल बना दिया।

# 20 अगस्त से ऑटो संवाद अभियान की शुरुआत करेगी 'आप'

**केजरीवाल के प्रतिनिधि बनेंगे ऑटो चालक, सभी स्टैंड पर संवाद कर जनता तक पहुंचाएंगे 'आप' के काम**

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली के ऑटो चालक सीएम अरविंद केजरीवाल के काम को पूरी दिल्ली में जनता तक पहुंचाएंगे और साथ ही दिल्ली का काम रोकने की भाजपा साजिश का सच उजागर करेंगे। इसके लिए ऑटो चालक सीएम केजरीवाल के प्रतिनिधि बनेंगे और पूरी दिल्ली के ऑटो स्टैंड पर रोजाना ऑटो संवाद अभियान चलाकर लोगों से बात करेंगे। शनिवार को आम आदमी पार्टी कार्यालय पर आयोजित ऑटो विंग के प्रदेश स्तरीय सम्मेलन के दौरान प्रदेश संयोजक एवं कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने ऑटो संवाद अभियान चलाने का एलान किया। 20 अगस्त से शुरू हो रहे इस अभियान का संचालक एक 14 सदस्यीय कमेटी करेगी।

गोपाल राय ने जेल से सीएम अरविंद केजरीवाल के भेजे संदेश को ऑटो चालकों तक पहुंचाया और कहा कि अरविंद केजरीवाल को जेल में भी आपकी बड़ी चिंता है। भाजपा ने दिल्ली का काम रोकने और दिल्लीवालों को परेशान करने के लिए उनको जेल में डाला है, लेकिन वो आपका एक भी काम रूकने नहीं देंगे। इस बार का चुनाव केजरीवाल सरकार के काम बंद करने और जारी रखने के मुद्दे पर होगा। अगर आप चुनाव में चुप बैठ गए तो केजरीवाल सरकार चली जाएगी और आपको मुफ्त मिल रही बिजली-पानी, स्कूल-अस्पताल की दोगुनी कीमत वसूली जाएगी।




### परिवहन मंत्री भी ऑटो चालकों की समस्या पर कर रहे कामः राय

ऑटो चालकों को संबोधित करते हुए गोपाल राय ने कहा कि मैंने तीन दिन पहले तिहाड़ जेल जाकर सीएम अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की। उन्होंने सबसे पहले मुझसे पूछा कि मेरे जेल जाने के बाद से क्या अधिकारी ऑटो चालकों को परेशान तो नहीं कर रहे हैं? जब मुख्यमंत्री बाहर थे, तब भी परिवार की तरह दिल्ली के ऑटो चालकों की चिंता करते थे। लेकिन आज जेल में होने के बावजूद आज भी उनके दिल में केवल एक ही चिंता है कि कहीं मेरे अंदर आने के बाद बाहर ऑटो चालकों को परेशान तो नहीं किया जा रहा है। उन्होंने मुझसे दिल्ली के ऑटो चालकों की समस्याओं के बारे में पूछा। आज भले ही चारों तरफ से आम आदमी पार्टी को घेरने का प्रयास चल रहा है, लेकिन ऑटो चालकों को कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। मैंने उनको बताया कि कुछ दिनों पहले परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने ऑटो चालकों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। दिल्ली सरकार की तरफ से जो भी हो सकता है उसके लिए परिवहन मंत्री काम कर रहे हैं।


**उ.प्र. पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड**

**ई-निविदा सूचना :** इस कार्यालय के द्वारा निम्नलिखित कार्य के संपादन हेतु अनुभवी दक्ष एवं वस्तु एवं सेवाकर में पंजीकृत ठेकेदारों से अति अल्पकालीन दिनांक 28.08.2024 को मध्याह्न 12:00 बजे आमंत्रित की जाती है, जिनका प्रथम भाग 14:00 बजे तथा द्वितीय भाग अगले दिन अधोहस्ताक्षरी द्वारा खोली जाएगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता को समस्त निविदाएं या उसके किसी भी अंश को बिना कारण बताये स्वीकार/अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित है। नियत तिथि पर अवकाश होने पर अगले कार्यदिवस पर निविदा प्रक्रिया सम्पन्न की जाएगी। निविदा प्रपत्र विद्युत पारेषण खंड-फतेहगढ़ के कार्यालय से निविदा खुलने से एक दिन पूर्व निविदा मूल्य अदा कर प्राप्त किए जा सकते हैं। जिसका विस्तृत विवरण ई-टेंडर की वेबसाइट **www.etender. up.nic.in** पर उपलब्ध है। क्र.सं.-1 निविदा संख्या-टी-02 वि.पा.ख.(फ)/2024-25, कार्य का विवरण-विद्युत पारेषण खंड-फतेहगढ़ के अंतर्गत 220के.वी. उपकेन्द्र फर्रुखाबाद पर स्थापित 40 एम.वी.ए. (TAL Make) परिवर्तक के इरेक्शन का कार्य। ई-निविदा की धरोहर धनराशि रु. 4000.00 निविदा मूल्य रु. 590.00 बिक्री कर सहित। **"राष्ट्रहित में बिजली बचायें" हस्ता./-अधिशासी अभियंता, विद्युत पारेषण खंड-फतेहगढ़ (फर्रुखाबाद)। पत्रांक : 3687 दिनांक 17.08.2024**


## ऑटो वाले अभी भी विषमताओं से जूझ रहे हैं : वीरेन्द्र सचदेवा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि मंत्री गोपाल राय द्वारा ऑटो संवाद अभियान की घोषणा के साथ ही दिल्ली के लोगों को एहसास हो गया है कि दिल्ली विधानसभा के चुनाव अब नजदीक हैं। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि गत 12 साल में जब भी कोई चुनाव नजदीक आता है तो आम आदमी पार्टी के नेताओं को ऑटो वालों की याद आती है। 2013 एवं 2015 के विधानसभा चुनावों में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के ब्रांड एम्बेसडर की भूमिका निभा चुके ऑटो वाले आज लगभग एक दशक बाद खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। ऑटो वालों को ब्रांड एम्बेसडर बना कर 2013 से 2020 के तीन चुनाव जीतने वाले सीएम अरविंद केजरीवाल अपने जीवन में तो अभूतपूर्व बदलाव ले आए, लेकिन ऑटो वाले वर्तमान में भी विषमताओं से जूझ रहे हैं। सीएम ने ऑटो वालों से ऑटो परमिट ब्लैक रोकने, नये ऑटो स्टैंड बनवाने, उनके परिवारों के लिए हेल्थ सुविधाएं देने के अलावा उनके बच्चों के लिए बेहतर शिक्षा वयवस्था करने के दिव्य स्वप्न दिखाये थे, मगर आज तक वह सब सपने ही बने हैं। सचदेवा ने कहा है कि 2013 एवं 2015 के चुनावों में कोठी बंगला न लेने का संकल्प दोहराने वाले आलीशान सीएम आवास में रहते हैं, लेकिन ऑटो वालों अभी भी ब्लैक में ऑटो खरीदने को बाध्य हैं और उन्हें न ऑटो स्टैंड मिले न ही कोई स्वास्थ्य सेवा नसीब हुई है।







**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, चाईबासा**
**email- rwdchaibasa64@gmail.com**

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक– 1060(अनु0) दिनांक–29.07.2024 द्वारा आमंत्रित ई निविदा आमंत्रण सूचना सं0–**06/2024-25 /RWD/EE/CHAIBASA** के क्रम0 सं0–1 में अंकित कार्य का जिसके शुद्धि पत्र का **PR No–332493 (West Singhbhum) 24-25* D** में निकाली गई निविदा में आंशिक रूप से इस प्रकार संशोधित किया जाता है जो निम्न है –

| क्र0 | पूर्व में दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित | संशोधित तिथि |
|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 14.08.2024 | वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 20.08.2024 |
| 2 | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 24.08.2024 अपराह्न 05:00 बजे तक। | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 31.08.2024 अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 27.08.2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे। | निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 02.09.2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे। |

निविदा की शेष कंडिकाएँ एवं शर्त्ते यथावत् रहेंगी।

**विश्वासभाजन,**
**कार्यपालक अभियंता**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल,चाईबासा**

**PR 332990 West Singhbhum(24-25).D**



**कार्यालय नगर पालिका परिषद लोनी, गाजियाबाद**

पत्रांक : सं.:=625/न.पा.परि.लोनी-गा.बाद/2024-25 दिनांक 16 अगस्त 2024

**- : आवश्यक नीलामी सूचना :-**

एतद्द्वारा फर्मों/ठेकेदारों/सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निकाय द्वारा निकाय कैंटीन हेतु अवशेष माह वित्तीय वर्ष 2024-25 तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 सार्वजनिक नीलामी हेतु पत्रांक सं.:-597/न.पा.परि.लोनी-गा.बाद/2024-25 दिनांक 09 अगस्त 2024 की अंतिम तिथि पुन: दिनांक 20.08.2024 तक बढ़ाई जाती है। जमानत राशि नकद/निकाय कोष/एफडीआर के रूप में मान्य होगी, शेष शर्तें पूर्वत रहेंगी।

**हस्ता./-अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, लोनी**
**गाजियाबाद**

**हस्ता./-अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, लोनी**
**गाजियाबाद**


# आवासीय भूखंड योजना में घोटाले का आरोप, सीबीआई जांच की मांग

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली के पूर्व मेयर श्याम सुंदर अग्रवाल ने यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण पर बड़ा आरोप लगाया है। श्याम सुंदर अग्रवाल ने यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा आवासीय भूखंड योजना को लेकर सीईओ पर आरोप लगाया है कि उन्होंने देश के एक लाख से अधिक लोगों धोखा देकर प्लॉट के आवेदन की तारीख पांच अगस्त से बढ़ाकर 23 अगस्त कर दी। अग्रवाल का आरोप है कि प्राधिकरण के सीईओ ने ये सब कुछ एक निजी बैंक को फायदा पहुंचाने के लिए किया, जिससे बैंक को 200 से 250 करोड़ रुपए तक का लाभ हुआ है।अग्रवाल ने यह भी आरोप लगाया है कि जो ड्रॉ 20 सितंबर को होना था उसकी भी तारीख बढ़ाकर 10 अक्टूबर कर दिया जिसके चलते पांच अगस्त तक आवेदन करने वाले उपभोक्ताओं को 50 करोड़ से ज्यादा ब्याज का नुकसान हुआ है। इस पूरे मामले में बड़े घोटाले का आरोप लगाते हुए श्याम सुन्दर अग्रवाल ने कहा है कि प्राधिकरण ने मात्र 361 प्लॉट का आवंटन ड्रॉ के माध्यम से करना है जिसके लिए पांच अगस्त तक एक लाख आठ हजार आवेदन आ चुके थे तो फिर आवेदन की तारीख क्यों बढ़ाई गई। श्याम सुन्दर अग्रवाल ने ये भी कहा है कि तारीख बढ़ाने का फैसला एक आईसीआईसीआई बैंक को फायदा पहुंचाने के लिए किया गया है। यह बैंक सबसे छोटे प्लॉट 120 मीटर के 11232 रुपए, 162 मीटर के 13925 रुपए, 200 मीटर के लिए 16361 रुपए, 300 मीटर के लिए 22771 रुपए, 500 मीटर के लिए 35591 रुपए,1000 मीटर के लिए 67643 रुपए, 4000 मीटर के लिए 2 लाख 59 हजार 250 रुपए ब्याज वसूल रहा है जो कि उपभोक्तों वापस नही किए जायेंगे। उनका ये भी कहना है कि औद्योगिक प्राधिकरण द्वारा आवासीय भूखंड योजना की तारीख बढ़ाने के कारण बैंक के माध्यम से एक लाख से ज्यादा आवेदन फॉर्म जमा हो चुके है यानी बैंक को 200 से 250 करोड़ का फायदा हुआ है या फिर इसे ऐसे कहा जा सकता है कि सीईओ द्वारा बैंक को फायदा पहुंचाने के लिए भ्रष्टाचार किया गया है।

इस मामले में श्याम सुन्दर अग्रवाल ने यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सीईओ को पत्र भी लिखा है और मांग की है कि जिन लोगों ने पांच अगस्त तक आवेदन कर दिया था केवल उन्हीं की पर्ची डालकर ड्रॉ किया जाए और 20 दिन ड्रॉ लेट होने पर असफल आवेदकों को 20 दिन का उनकी राशि में 12 प्रतिशत की दर से ब्याज को जोड़कर भुगतान किया जाए। यही नहीं श्याम सुंदर अग्रवाल ने इस मामले में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए सीबीआई को भी पत्र लिखा है और मामले की जांच कर दोषियों को गिरफ्तार करने की मांग की है।

**खास बातें...**



- श्याम सुंदर अग्रवाल ने यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सीईओ को पत्र लिखकर लगाया आरोप


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,साहेबगंज।**
**CORRIGENDUM ( चतुर्थ शुद्धि पत्र)**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा सुचना सं0– DWSD/SAHIBGANJ- 03/2024-25, Dt.- 16.07.2024, P.R.No.- 329767 में प्रकाशित निविदा में निम्नलिखित संशोधन किया जाता है।

| क0 | पूर्व में प्रकाशित | संशोधित |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 16.08.2024, 05.00 P.M | 22.08.2024, 05.00 P.M |
| 2 | अग्रधन की राशि एवं परिणाम विपत्र का मूल्य Online जमा करने की तिथि एवं समय (As per Letter No. -120, dated - 03.10.2023 of Secretary to Govt., Information Technology & e - Governance Department, Govt. of Jharkhand) – 16.08.2024, 05.00 P.M | 22.08.2024, 05.00 P.M |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 17.08.2024, 05.00 P.M | 23.08.2024, 05.00 P.M |

निविदा की अन्य शर्ते यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,
साहेबगंज।

PR 332981 Drinking Water and Sanitation(24-25)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, जामताड़ा**
**ई–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**
**ई0–अल्पकालीन निविदा संख्या :– 08/2024-25/RWD/JAMTARA दिनांक–16.08.2024**

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, जामताड़ा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखंड का नाम | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (रुपया में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD /JAMTARA/ STPKG- 08/2024-25 | नाला | 1 | पलस्थली से जामबेदिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (5.100 कि.मी.) | 10479350 0.00 | दस करोड़ सैंतालीस लाख तीरान्वें हजार पाँच सौ मात्र | 15 महीना |
| | | नाला | 2 | मौरवासा से गोदापियाल तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (5.750 कि.मी.) | | | |
| | | नाला | 3 | खस्तीपुर से मगुरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (4.100 कि.मी.) | | | |
| | | नाला | 4 | धोयाटॉड़ से दरार तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (2.050 कि.मी.) | | | |
| | | नाला | 5 | बड़ारामपुर से सुल्तानपुर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (2.500 कि.मी.) | | | |
| | | नाला | 6 | कालाथोल से नारीथोल तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (2.820 कि.मी.) | | | |
| | | फतेहपुर | 7 | देवजोड़ से धोवना एण्ड चक गीताजोड़ी तक पथ का सुदृढ़ीकरण (1.430 कि.मी.) | | | |
| | | नाला | 8 | हुसुमनगर से लक्षमणपुर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (1.030 कि.मी.) | | | |
| | | नाला | 9 | किस्टोपुर से पाकुड़ मांडु तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (1.700 कि.मी.) | | | |
| | | नाला | 10 | घुटबोना से इन्द्रकुड़ी भाया नौडीहा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (5.650 कि.मी.) | | | |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 21.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 30.08.2024 अपराहन् 5:00 बजे।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः 02.09.2024 अपराहन् 3:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, जामताड़ा, ब्लॉक–सी, प्रथम तल्ला, कम्बाईड बिलडिंग, जामताड़ा, पिन–815351
विस्तृत जानकारी के लिये बेबसाईट **jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

**कार्यपालक अभियंता**
**ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमंडल, जामताड़ा**

PR 333004 Rural Work Department(24-25)D

सीसीटीवी कैमरे से खुला राज, पुलिस ने तीनों आरोपियों को पकड़ा | शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में सुरक्षित रखा ...

# संपत्ति के लालच में कलयुगी बेटी बनी मां की कातिल, मंगेतर के साथ उतारा मौत के घाट

● *महिला के माथे, आंख और दोनों हाथों में गंभीर चोट के निशान, पुलिस हत्या से जुड़े हर पहलू की जांच में जुटी...*




**दक्षिणी दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : द्वारका डिस्ट्रिक्ट के नजफगढ़ थाना इलाके में बेटी के रिश्ते का शर्मसार कर देने वाली वारदात सामने आई है। जहां संपत्ति के लालच में एक बेटी ने अपने मंगेतर और उसके दोस्त के साथ मिलकर अपनी मां की निर्मम हत्या कर दी। महिला के माथे, आंख और दोनों हाथों की कलाई पर चोट के निशान थे और उसके मुंह से खून निकल रहा था। मृतका की पहचान सुमित्रा (58) के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर महिला की बेटी मोनिका, मोनिका के मंगेतर नवीन कुमार और नवीन के दोस्त योगेश उर्फ योगी को गिरफ्तार किया है। पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि शनिवार को नजफगढ़ में एक पीसीआर कॉल मिली। कॉलर महिला ने पुलिस को बताया कि उसकी मां गेट नहीं खोल रही है। उसे गेट खोलने के लिए पुलिस की मदद चाहिए। सूचना मिलते ही पुलिस टीम चौथी मंजिल, एच.नं. 1062, मेन मार्केट, नजफगढ़ में पहुंच गई। पुलिस को यहां कॉलर मोनिका मिली। उसने पुलिस को बताया कि उसकी मां सुमित्रा यहां अकेली रहती है। वह गत 15 को मिलने आई थी। जब तक सब ठीक था। आज फिर से वह आई तो उसकी मां ने गेट नहीं खोला। पुलिस ने गेट तोड़ा और वह अंदर दाखिल हुई। पुलिस ने देखा कि फ्लैट के अंदर बाथरूम के फर्श पर सुमित्रा बेहोशी की हालत में पड़ी थी। उसके माथे, आंख और दोनों हाथों की कलाई पर चोट के निशान थे और उसके मुंह से भी खून निकल रहा था। हत्या का मामला दर्ज कर लिया और पुलिस जांच में जुट गई।

**सीसीटीवी में दिखाई दिए आरोपी...** पुलिस ने इमारत में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। पुलिस को शनिवार तड़के करीब 02:18 बजे एक महिला और दो पुरुष फ्लैट में आते हुए दिखाई दिए। बाद में महिला की पहचान सुमित्रा की बेटी मोनिका और दो लड़कों की पहचान मोनिका का मंगेतर नवीन कुमार और उसके दोस्त योगेश के रूप में हुई।

### आरोपियों ने कबूला जुर्म

पुलिस ने तीनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल लिया। इसके बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। जांच में पुलिस को पता चला कि संपत्ति विवाद को लेकर महिला ने वारदात को अंजाम दिया है। वह यहां अकेली रहती थी। परिवार में एक बेटा है। वह शादीशुदा है और अपने परिजनों के साथ मोहन गार्डन में रहता है।

### बेटे के नाम पहले ही किया हुआ था वसीयतनामा

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जांच में पुलिस को पता चला सुमित्रा पहले ही अपने बेटे मनोज सोलंकी के नाम वसीयतनामा कर चुकी थी। मनोज यूट्यूब चैनल चलाता है। मोनिका को डर था कि वह सारी संपत्ति अपने बेटे को दे देगी। इसलिए उसने मां की हत्या की योजना बनाई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मोनिका और नवीन के बीच प्रेम विवाह होना था। सुमित्रा को यह रिश्ता पसंद नहीं था। लेकिन बेटी की खुशी की वजह से वह दोनों की शादी करा रही थी।

# स्वतंत्रता दिवस पर रोडरेज के चलते युवक की बीच सड़क पर चाकू घोंपकर हत्या

● *प्रसाद नगर:जीप टच हो जाने पर आरोपियों ने दिया वारदात को अंजाम, उपचार के दौरान एक युवक की हुई मौत...*


वारदात के बाद फरार होने वाले चारों आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) :जहां एक तरफ पूरा देश स्वतंत्रता दिवस की खुशी मना रहा था। वहीं राजधानी दिल्ली के सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट के प्रसाद नगर में जीप टच हो जाने पर दो युवकों को बीच सड़क पर चाकू घोंपकर लहूलुहान कर दिया गया। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान मोनू (22) की मौत हो गई। घायल विमल का अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान जुगनू, अमित, विक्की और करण के रूप में हुई है। ये सभी जींस की फैक्ट्री में काम करते हैं। पुलिस ने इनके पास से वारदात में इस्तेमाल चाकू बरामद कर लिया है। पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है।

डीसीपी एम हर्षवर्धन ने बताया कि 15 अगस्त की देर रात करीब 12 बजे थाना प्रसाद नगर में चाकू घोंपने की पीसीआर कॉल मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस उसे लेकर अस्पताल गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान मोनू के रूप में हुई। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने वारदात स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। पुलिस ने फुटेज की मदद से आरोपियों की पहचान की। जांच में पुलिस को पता चला कि आरोपी और मोनू दोनों एक ही मोहल्ले में रहते हैं और एक दूसरे को अच्छी तरह से जानते हैं। आगे जांच में पुलिस को पता चला कि रोडरेज में झगड़े के दौरान करण ने मोनू पर चाकू से हमला किया था। पुलिस ने गुप्त सूचना के बाद आरोपियों को पकड़ लिया। आरोपियों की पहचान जुगनू, अमित, विक्की और करण के रूप में हुई। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वारदात से दो घंटे पूर्व जुगनू की स्कूटी और मोनू के दोस्त नीरज द्वारा चलाई जा रही गाड़ी से एक दूसरे से मामूली टक्कर हो गई थी। इसके बारे में सूचना पुलिस को नहीं दी गई थी। इसके बाद उनके बीच फिर से झगड़ा और उन्होंने मोनू की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। आगे जांच में पुलिस को पता चला कि मोनू पर पहले से एक मामला दर्ज है।

# पब्लिक का हीरो जिसने खुलवाया 'हिट एंड रन' केस स्पेशल सीपी ने किया सम्मानित



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): पश्चिम विहार इलाके में 'हिट एंड रन' केस में आरोपी ट्रक चालक को पब्लिक के हीरो ने अपनी कार से काफी दूर तक पीछा करने के बाद पकड़ लिया। जिसके बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। पब्लिक के हीरो की इस बहादुरी के लिए स्पेशल सीपी ट्रैफिक अजय चोधरी ने दस हजार रुपए कैश अवार्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। एडिशनल सीपी (ट्रैफिक जोन-2) दिनेश कुमार गुप्ता ने बताया कि 9-10 अगस्त की दरम्यानी रात करीब तीन बजे पश्चिम विहार ईस्ट थाने को आउटर रिंग रोड पर भेरा एंक्लेव अंडरपास के नीचे सड़क पर एक घायल व्यक्ति के पड़े होने की कॉल मिली थी। मौके पर पहुंचने पर पुलिस को पता चला कि घायल व्यक्ति की मौत हो चुकी है। घटनास्थल पर पुलिस को कोई चश्मदीद नहीं मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए संजय गांधी अस्पताल की मोर्चरी में भेज दिया। इसी बीच रितिक वत्स (27) नाम के एक युवक ने पुलिस को कॉल कर सूचना दी कि उसने एक्सीडेंट कर भाग रहे आरोपी ट्रक चालक को पीछा करने के बाद तिलक नगर एरिया में पकड़ लिया है। पुलिस टीम तुरंत तिलक नगर इलाके में पहुंची और रितिक की मदद से आरोपी ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी चालक की पहचान शिवम (24) के तौर पर की। शिवम फर्रुखाबाद यूपी का रहने वाला है। वह एक्सीडेंट के बाद मौके से ट्रक समेत फरार हो गया था।

# टीवी दिखाने के बहाने 11 वर्षीय मासूम के साथ दुष्कर्म, पिता-पुत्र गिरफ्तार

**पूर्वी दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : नॉर्थ-ईस्ट डिस्ट्रिक्ट के करावल नगर इलाके में मकान मालिक के बेटे ने टीवी दिखाने के बहाने 11 वर्षीय मासूम के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने किसी को कुछ भी बताने पर जाने से मारने की धमकी दी। मासूम को खून से लथपथ देखकर परिजनों से उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार किया गया। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर दुष्कर्म और पॉक्सो समेत कई धाराओं में केस दर्ज लिया। पुलिस ने आरोपी और उसके पिता को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। जानकारी के मुताबिक, मासूम, करावल नगर इलाके में किराए के मकान में परिवार



के साथ रहती है। परिवार में माता-पिता व अन्य सदस्य हैं। मकान के भूतल पर मकान मालिक का परिवार रहता है। गत 13 अगस्त को मासूम अपनी मां के साथ थी और मकान मालिक का बेटा नीचे अकेला था। इसी दौरान मासूम खेलने की बात कहकर नीचे आई। इसी बीच आरोपी मासूम को टीवी दिखाने की बात कहकर अपने साथ कमरे में ले गया और उसने वारदात को अंजाम दिया। आरोपी ने किसी को कुछ भी बताने पर जाने से मारने की धमकी दी। मासूम ने डर की वजह से किसी को कुछ नहीं बताया। लेकिन रात में उसकी तबीयत बिगड़ी तो परिजनों को सारी बात पता चली। शिकायत के बाद मकान मालिक और उसके आरोपी बेटे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

### परिजनों ने किया प्रदर्शन

मासूम के परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाकर प्रदर्शन किया और सोम बाजार मेन रोड पर जाम लगा दिया। उनका आरोप था कि पुलिस आरोपी को बचाने का प्रयास कर रही है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने इससे इंकार किया है। पुलिस ने परिजनों को समझाकर हटाया। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि वह आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा दिलवाने का प्रयास करेंगे। बाद में परिजनों ने सड़क के जाम को खोला।




# एएसआई ने गोल्ड मेडल पर लगाया निशाना, सीपी ने दी बधाई



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली पुलिस के शार्प शूटर एएसआई राजीव डबास ने 39वीं दिल्ली स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप-2024 में जमकर गोल्ड व सिल्वर मेडल पर निशाना साधा है। इस प्रतियोगिता में उन्होंने पांच गोल्ड मेडल और चार सिल्वर मेडल जीते हैं। उन्होंने दिल्ली पुलिस की तरफ से खेलते हुए कुल नौ मेडल जीते हैं। दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने राजीव डबास को बधाई दी। यहां बता दें कि एएसआई राजीव डबास पुलिस आयुक्त कार्यालय से जुड़े हुए हैं और सेवाएं दे रहे हैं।

उन्होंने बताया कि वह परिवार समेत सवादा दिल्ली में रहते हैं। वह पूर्व स्पेशल सीपी दीपक मिश्रा को अपना आदर्श मानते हैं। वह उनके पास 2010 से 2017 तक बतौर ड्राइवर रहे। पुलिस मुख्यालय द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक राजीव डबास ने 66वीं नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप में भी 25 मीटर सेन्टर पिस्टल .32 बोर में सिल्वर मेडल जीता और इंटरनेशनल ट्रायल के लिए भी क्वालीफाई किया था। जून में आयोजित 22वीं कुमार सुरेन्द्र सिंह मेमोरियल शूटिंग चैम्पियनशिप 2024 में एक सिल्वर और एक ब्रॉन्ज मेडल जीता है। वह अब तक नेशनल और राज्य स्तर पर कुल 17 गोल्ड, 11 सिल्वर और 8 ब्रॉन्ज मेडल जीते हैं।

# कोचिंग हादसा मामला: सह मालिकों की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित

## सीबीआई ने जमानत याचिका का किया विरोध

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): राजधानी के ओल्ड राजेंद्र नगर में कोचिंग में तीन छात्रों की मौत के मामले में इमारत के चार सह मालिकों की जमानत याचिका पर शनिवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई। इस मामले में सुनवाई के बाद कोर्ट ने अफना फैसला सुरक्षित रख लिया। कोर्ट इस मामले में 23 अगस्त को फैसला सुनाएगी। सुनवाई के दौरान सीबीआई ने चारो आरोपियों को जमानत दिए जाने का विरोध करते हुए कहा कि ये पावरफुल लोग है अगर जमानत दी गई तो ये गवाहों को और एजेंसियों को प्रभावित करेंगे। इस दौरान सीबीआई की तरफ से कहा गया कि बेसमेंट ही अवैध तरीके से बना था। सीबीआई की तरफ से कहा गया है कि लीज़ डीड में यह साफ था कि बिल्डिंग कॉमर्शियल गतिविधि और कोचिंग के लिए इस्तेमाल नहीं होगी और बेसमेंट सिर्फ स्टोरेज के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। इस दौरान एक पीड़ित के वकील ने कहा कि हाईकोर्ट ने भी माना है यहां पर भ्रष्टाचार हुआ था, अगर भ्रष्टाचार जैसे गंभीर मामले में ज़मानत दी जाती है इससे समाज में गलत संदेश जाएगा।



### सीबीआई ने क्या दलील दी?

आरोपियों की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान सीबीआई ने कहा कि तीन बच्चे मर गए और ये लोग 25 दिन जेल में बिताने के बाद घुटन महसूस कर रहे हैं? राउज एवेन्यू कोर्ट की प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अंजू बजाज चांदना के समक्ष सीबीआई के वकील ने कहा कि बेसमेंट का इस्तेमाल शैक्षणिक उद्देश्यों के लिए नहीं किया जाना चाहिए था। इसका इस्तेमाल केवल भंडारण उद्देश्यों के लिए किया जा सकता था। यह उनके (सह-मालिकों) ज्ञान में था। उन्होंने बेसमेंट का लाइब्रेरी के रूप में इस्तेमाल किया जाना पूरी तरह से "अवैध" कार्य बताया। सीबीआई के वकील ने कहा कि आरोपी, जो 20 दिनों से जेल में है, प्रभावशाली व्यक्ति हैं जो जांच में गड़बड़ी कर सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार...

### सदर बाजार के व्यापारी करेंगे प्रदर्शन




**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): राजधानी दिल्ली के सदर बाजार में आए दिन लोगों को जाम की समस्याओं से दो-चार होना पड़ता है। यातायात की समस्या ऐसी की पैदल जाने वाले लोगों के लिए भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसी को लेकर व्यापारियों के एक संगठन ने दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन करने की शनिवार को चेतावनी दी है। सोशल मीडिया पर जारी एक वीडियो में फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेडर्स एसोसिएशन (फेस्टा) के अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा ने क्षेत्र में भारी यातायात जाम की समस्या का जिक्र किया है। पम्मा ने वीडियो शेयर करते हुए कहा है कि सदर बाजार आने वाले खरीददारो व व्यापारियों को घंटों तक ट्रैफिक में फंसे रहना पड़ता है आलम यह है कि पैदल यात्री भी यहां से नहीं निकल पाते है। उन्होंने यह भी दावा किया कि वहां जाम खुलवाने के लिए कोई यातायात पुलिसकर्मी मौजूद नहीं था और पुलिस ने सुचारू यातायात सुनिश्चित करने के बजाय केवल चालान काटे। पम्मा ने कहा कि सदर बाजार व्यापारी संघ जल्द ही यातायात पुलिस के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन करेगा और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करेगा।

### कांस्टीट्यूशन क्लब में बजट पर चर्चा




**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन दिल्ली प्रदेश द्वारा प्रांतीय बैठक एवं बजट परिचर्चा कांस्टीट्यूशन क्लब में आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि देश में 38.40 लाख करोड़ का टोटल टैक्स आया जिसमें से इनकम टैक्स 11.87 ,जीएसटी 10.6 ,कॉरपोरेट टैक्स 10.2 ,एक्साईज ड्यूटी 3.9 ,कस्टम ड्यूटी 2.3, सेस से 1.5 लाख करोड रुपए टैक्स के रूप में आए इससे यह प्रदर्शित होता है कि आम जनमानस के ऊपर टैक्स का भार बढ़ रहा है और बड़ी-बड़ी कंपनियां पर कॉर्पोरेट टैक्स कम हो रहा है, जबकि देश में कर्ज अगर कहीं माफी होती है तो कॉरपोरेट कंपनियों की कर्ज माफ होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राष्ट्रीय समन्वयक मुदित अग्रवाल ने छोटे और मध्यम व्यापारियों को जीएसटी से हो रही परेशानी का मुद्दा प्रमुख रूप से उठाया। उन्होंने कहा कि जीएसटी रिटर्न्स को रिवाइज करना व्यापारियों की सबसे बड़ी मांग है। जीएसटी काउंसिल में राज्य सरकारों को ज्यादा अधिकार मिलना चाहिए।

### भाजपा नेता झुग्गियों में मनाएंगे रक्षाबंधन

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली भाजपा के नेता एवं कार्यकर्ता रविवार की सुबह 10 से 12 बजे के बीच दिल्ली की लगभग 300 झुग्गी एवं सेवा बस्तियों में हर्षोल्लास के साथ रक्षाबंधन का पर्व मनाएंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, पूर्वी दिल्ली के विनोद नगर की सेवा बस्ती नेहरू कैम्प की बहनों के साथ रक्षा बंधन मनाएंगे। पार्टी सांसद, विधायक, पार्षद, प्रदेश, जिला एवं मंडल पदाधिकारियों के साथ ही वरिष्ठ नेता विभिन्न बस्तियों में रक्षा बंधन मनाएंगे। पार्टी के वरिष्ठ नेता सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी बदरपुर, योगेंद्र चांदोलिया संजय कैम्प समयपुर बादली, बांसुरी स्वराज अर्जुन कैम्प लक्ष्मीबाई नगर, प्रदेश महामंत्री विष्णु मित्तल जेजे क्लस्टर आनंद विहार में कार्यकर्ताओं के साथ जाकर रक्षा बंधन मनाएंगे।

### वसंत कुंज नॉर्थ के एंबियंस मॉल को बम से उड़ाने की धमकी से हड़कंप

दक्षिणी दिल्ली, (पंजाब केसरी) : साउथ-वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के वसंत कुंज नॉर्थ इलाके में स्थित एंबियंस मॉल को बम से उड़ाने की धमकी देने से हड़कंप मच गया। मॉल में बम होने की सूचना मिलने के बाद मौके पर दिल्ली पुलिस, डॉग स्क्वायड, दमकल विभाग और बम डिस्पोजल स्क्वायड पहुंच गए। दो घंटे तक तलाशी लेने के दौरान पुलिस को कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। इसके बाद पुलिस ने राहत की सास ली और पुलिस ने उसे हॉक्स कॉल बताया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि धमकी गुरुग्राम स्थित मॉल को दी गई थी। जिसके बाद दिल्ली के मॉल और दिल्ली पुलिस को तुरंत सूचना दी गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शनिवार को वसंत कुंज स्थित डीएलएफ और एंबियंस मॉल में बम होने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। जांच में सामने आया कि बम होने की सूचना गुरुग्राम स्थित एंबियंस मॉल को शनिवार सुबह करीब 9.30 बजे ईमेल के द्वारा मिली। जिसमें दिल्ली के एंबियंस मॉल और डीएलएफ में बम रखे होने की धमकी दी गई थी। दिल्ली में इसकी जानकारी करीब 10.20 बजे मिली। जिसके बाद सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस, डॉग स्क्वायड, दमकल विभाग और बम डिस्पोजल स्क्वायड पहुंच गए। तलाशी लेने पर कुछ नहीं मिला तो इसको फर्जी घोषित कर दिया गया। जिसके बाद मॉल को लोगों के लिए खोल दिया गया।

ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत्
भगवान इस जग के कण-कण में विद्यमान हैं।




संस्थापक: शहीद शिरोमणि लाला जगतनारायण जी, अमर शहीद रमेश चन्द्र जी एवं कलम के योद्धा अश्विनी कुमार जी

# धरती की धड़कन सुनेगा भारत

**जश्न**-ए-आजादी के रंग उस वक्त और भी गहरे हो गए जब भारत ने अंतरिक्ष की ऊंचाइयों में एक और स्वर्णिम अध्याय जोड़ दिया। चन्द्रयान-3 को चांद पर पहुंचा कर दुनिया में अपनी धाक जमाने के बाद भारत के अंतरिक्ष संस्थान इसरो ने 16 अगस्त को सुबह स्मॉल सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल-03 की तीसरी और अंतिम विकासात्मक उड़ान से एक नए अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट (ईओएस-08) सफलतापूर्वक लांच किया। इसरो भारत का एक ऐसा संस्थान है जिसकी उपलब्धियां बेशुमार हैं। अमेरिकी संस्थान नासा के वैज्ञानिक भी इसरो के प्रशंसक हैं। इसरो की यह अभूतपूर्व उपलब्धि इसलिए है क्योंकि इससे प्राकृतिक आपदाओं की समय से जानकारी मिल जाएगी। प्राकृतिक आपदाओं को टालना तो बहुत मुश्किल है लेकिन आधुनिक विज्ञान की मदद से हम नुक्सान को कम से कम कर सकते हैं और मानवीय जीवन को बचा सकते हैं। हाल ही में केरल के वायनाड में आई भयंकर प्राकृतिक आपदा से हुए जानमाल के नुक्सान से बचा जा सकता था, अगर मानव के पास वैज्ञानिकों की चेतावनियां उपलब्ध होतीं। यद्यपि कहा तो यही जा रहा है कि वायनाड प्रशासन ने चेतावनियों को अनसुना किया। उत्तराखंड और हिमाचल में भी बाढ़ और भूस्खलन से भयंकर नुक्सान हुआ।

प्रकृति के दो रूप होते हैं, दयालु और साथ ही आक्रामक। इसके मानव जाति को सबसे अधिक बार लेकिन ऐसे समय दर्शन होते हैं जब यह आक्रामक हो जाती है। जब यह आक्रामक हो जाती है तो यह भयावह तबाही लाती है। प्राकृतिक आपदा एक प्रतिकूल घटना है जो पृथ्वी की प्राकृतिक प्रक्रियाओं से उत्पन्न होती है। एक प्राकृतिक आपदा से सम्पत्ति को नुक्सान और जीवन की हानि हो सकती है। सुनामी, बाढ़, चक्रवात, सूखा, भूकम्प प्राकृतिक आपदाएं हैं। कोई भी देश आपदाओं से सुरक्षित नहीं है, इसलिए भारत भी अपनी भौगोलिक स्थिति और विविध जलवायु के कारण एक अत्यधिक आपदाओं वाला देश है। केरल में बाढ़, तमिलनाडु और ओडिशा में चक्रवात, उत्तर भारत में भूकम्प जैसी कई आपदाएं हुईं। कोई समय था जब हमारे पास मौसम की सटीक भविष्यवाणी करने की कोई ठोस तकनीक नहीं थी। लोग मौसम विभाग का मजाक उड़ाते थे। समय के साथ-साथ भारत सरकार ने प्रभावित क्षेत्रों और देश के लोगों पर आपदाओं के प्रभाव को कम करने के लिए विभिन्न संस्थाओं,फंडों की स्थापना की। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, नेशनल रिमोट सेंसिंग सेंटर, इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च, केन्द्रीय जल आयोग जैसे संगठन स्थापित किए। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन बल तैयार किया।

**हाल ही में केरल के वायनाड में आई भयंकर प्राकृतिक आपदा से हुए जानमाल के नुक्सान से बचा जा सकता था, अगर मानव के पास वैज्ञानिकों की चेतावनियां उपलब्ध होतीं। यद्यपि कहा तो यही जा रहा है कि वायनाड प्रशासन ने चेतावनियों को अनसुना किया। उत्तराखंड और हिमाचल में भी बाढ़ और भूस्खलन से भयंकर नुक्सान हुआ। प्रकृति के दो रूप होते हैं, दयालु और साथ ही आक्रामक। इसके मानव जाति को सबसे अधिक बार लेकिन ऐसे समय दर्शन होते हैं जब यह आक्रामक हो जाती है। जब यह आक्रामक हो जाती है तो यह भयावह तबाही लाती है। प्राकृतिक आपदा एक प्रतिकूल घटना है जो पृथ्वी की प्राकृतिक प्रक्रियाओं से उत्पन्न होती है।**

पिछले दो दशकों में ओडिशा, केरल, गोवा, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात के अलावा लक्षद्वीप समूह के तटीय क्षेत्रों ने भयंकर तूफानों का सामना किया। राहत की बात यह है कि सुपर साइक्लोन जैसे तूफानों से भी जनहानि बहुत कम हुई। हमने तूफानों से लड़ना इसलिए सीख लिया क्योंकि मौसम विभाग तूफान की दिशा, गति और टकराव के सही स्थान की स्टीक भविष्यवाणी करने में सक्षम हो चुका है। सैटेलाइट के जरिये हर मिनट में मिल रही तस्वीरों और पश्चिमी तट पर पांच राडार के जरिये तूफानों पर नजर रखी जाती है और तूफानों को लगातार ट्रैक किया जाता है। अब हमें सात दिन पहले ही पता चल जाता है कि तूफान कौन से हिस्से में जाकर टकराएगा और उसका रास्ता और गति क्या होगी।


भारत के आपदा प्रबंधन मॉडल में ओडिशा की भूमिका काफी अग्रणी रही है। आपदा राज्य कहलाया जाने वाला ओडिशा अब मौसम विभाग की स्टीक जानकारी मिलते ही तेजी से कार्रवाई करता है और कुछ ही घंटों में हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा देता है। वैज्ञानिक और तकनीकी क्षमताओं को समझते हुए हमें प्राकृतिक खतरों के लिए पहले से ही तैयारी कर लेनी चाहिए। इसरो द्वारा लांच किए गए ईओएस-08 अब धरती की धड़कन को समय पर सुन सकेगा। बाढ़, भूस्खलन और भूमि की नमी की जानकारी समय रहते देगा जिससे जानमाल का नुक्सान कम किया जा सकेगा। धरती की हर धड़कन अब भारत के राडार पर होगी। यद्यपि इस मिशन की अवधि एक वर्ष है। यह पेलोड दिन और रात के समय तस्वीरें खींच सकता है।

उपग्रह आधारित निगरानी,आपदा निगरानी, पर्यावरण निगरानी, आग लगने का पता लगाने, ज्वालामुखी गतिविधि का अवलोकन तथा औद्योगिक एवं विद्युत संयंत्र आपदा निगरानी जैसे कार्यों के लिए इसका इस्तेमाल किया जा सकेगा। जीएनएसएस-आर पेलोड समुद्री सतह की हवा का विश्लेषण, मृदा नमी आंकलन, हिमालयी क्षेत्र में 'क्रायोस्फेयर' अध्ययन, बाढ़ का पता लगाने और जल निकायों का पता लगाने आदि के लिए जीएनएसएस-आर आधारित रिमोट सेंसिंग का उपयोग करने की क्षमता को प्रदर्शित करता है। एसआईसी यूवी डेसिमीटर गगनयान मिशन में 'क्रू मॉड्यूल' के 'व्यूपोर्ट' पर यूवी विकिरण पर नजर रखेगा और गामा विकिरण के लिए अलार्म सेंसर का काम करेगा।

एसएसएलवी विकास परियोजना की सफलता के बाद प्रौद्योगिकी हस्तांतरण करने के अलावा भारतीय उद्योग और न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड अब वाणिज्यिक मिशन के लिए एसएसएलवी का उत्पादन कर सकेंगे। इसरो को हर तरफ से बधाइयां मिल रही हैं। मानवीय जीवन और राष्ट्रीय सम्पदा को बचाने के लिए विज्ञान काफी काम कर रहा है। हमें यह समझने की भी जरूरत है कि खतरनाक हथियारों का विकास सामाजिक और आर्थिक समस्याओं की गहन मानवीय संवेदनाओं को छू पाने में सक्षम नहीं है। इसलिए हमें जमीनी स्तर पर काम करना होगा और विज्ञान के अलर्ट पर तुरंत काम करके लोगों को बचाना होगा। हमें ज्यादा से ज्यादा वैज्ञानिक तकनीकों का सहारा लेना होगा।

**आदित्य नारायण चोपड़ा**
Adityachopra@punjabkesari.com

## नारी के बिना शून्य पुरुष...



गीता पाढा

बेटियां पिता का मान है,
एक घर का स्वाभिमान है,
इनके होने से ही मुक्कमल ये जहान है,
नारी के बिना शून्य पुरुष की पहचान है !!

# पीएम के मुरीद क्यों हो रहे हैं डीके?



मिर्च मसाला
त्रिदीब रमण
gossipguru.in

*पिघलते लोहे की गर्म भट्ठी में*
*ख्यालों सा छिटकता रहा हूं मैं*
*समेटता रहा हूं सौ-सौ बार,*
*पर टूट कर बिखरता रहा हूं मैं'*

**कर्नाटक** के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार को बताया जा रहा है कि आने वाले 10 सितंबर के लिए व्हाइट हाउस से निमंत्रण प्राप्त हुआ है, यह भी कहा जा रहा है कि जिस डीके पर पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं उन्हें भारत सरकार ने अमेरिका जाने की परमिशन भी दे दी है। इससे पहले डीके दिल्ली आकर पीएम मोदी के संग बैठक भी कर चुके हैं,



कहा जाता है कि पिछले कुछ महीनों में डीके कम से कम तीन बार पीएम से मिल चुके हैं, पर्यवेक्षक इसे कहीं न कहीं कांग्रेस के लिए एक खतरे की घंटी मान रहे हैं।

वैसे भी कर्नाटक के कांग्रेसी सीएम सिद्दारमैया 'मुडा' यानी मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण में कथित भूमि घोटाले में फंस चुके हैं, कहा जा रहा है कि इस अवैध आवंटन से राज्य के सरकारी खजाने को कोई 45 करोड़ रुपयों का चूना लगा है, राज्यपाल ने भी सीएम के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति दे दी है, बावजूद इसके कांग्रेस हाईकमान सिद्दारमैया की जगह राज्य की कमान डीके को सौंपने का इच्छुक नहीं जान पड़ती, यही वजह शायद डीके को बार-बार दिल्ली भगवा आंगन की ओर ले जा रही है।

सूत्र बताते हैं कि डीके ने 'श्यामला गोपालन फाऊंडेशन' को चिकमंगलूर में वंचित वर्ग की छात्राओं के लिए एक वर्ल्ड क्लास स्कूल बनाने के लिए जमीन आवंटित की है। सनद रहे कि डॉ. श्यामला गोपालन अमेरिकी उपराष्ट्रपति व राष्ट्रपति पद की डेमोक्रेट उम्मीदवार कमला हैरिस की मां हैं। जिनका 2019 में कैंसर से निधन हो गया था। भले ही यह फाऊंडेशन कमला हैरिस की मां के नाम पर हो, पर इसका कमला या उनकी बहन माया से कोई लेना-देना नहीं है।

### भाजपा में नए अध्यक्ष की तलाश जोरों पर



भाजपा व संघ के दरम्यान पार्टी के नए अध्यक्ष के चुनाव को लेकर मशक्कत जारी है। पिछले सप्ताह भाजपा के मौजूदा अध्यक्ष जेपी नड्डा और संघ के नेतृत्व के बीच एक लंबी व अहम बैठक हुई। पार्टी इस माह के अंत तक पूर्वकालिक अध्यक्ष की घोषणा करना चाहती है। कहते हैं संघ के शिखर नेतृत्व ने नड्डा से जानना चाहा कि नए अध्यक्ष को लेकर पार्टी शीर्ष के मन में क्या चल रहा है? तो नड्डा ने बताया कि पार्टी शीर्ष की राय है कि भाजपा का अगला अध्यक्ष ओबीसी, अति पिछड़ा या फिर दलित समुदाय से होना चाहिए जिससे देश को यह संदेश दिया जा सके कि पार्टी को हाशिए पर खड़े उस हर अंतिम व्यक्ति की चिंता है। इस पर संघ ने थोड़ा असहज होते हुए कहा-आप हमें जातीय समीकरणों में उलझाने के बजाए साफ तौर पर किसी व्यक्ति का नाम बताएं कि आप लोगों के मन में किसका नाम चल रहा है?' इस पर नड्डा ने चुप्पी साध ली।

सूत्र बताते हैं कि भाजपा शीर्ष अपने लिए एक ऐसा अध्यक्ष चाहता है जो सबके साथ बेहतर तालमेल में काम कर सके। इस कड़ी में भूपेंद्र यादव से लेकर देवेंद्र फड़णवीस के नाम लिए जा सकते हैं। जबकि इस बारे में संघ का मंतव्य किंचित अलग है, संघ की सोच है कि भाजपा का नया अध्यक्ष पार्टी चलाने के लिए स्वतंत्र हो। संगठन व सरकार दोनों की अपनी अलग वकत हो, संघ इसके लिए पहले भी भाजपा शीर्ष को अपनी ओर से राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी व शिवराज सिंह चौहान जैसे नेताओं के नाम सुझा चुका है।

### प्रियंका की चाय पर मिले राहुल व अखिलेश

पिछले काफी समय से यूपी में सपा और कांग्रेस के दरम्यान तल्खी की बात



सुनने को मिल रही थी, इस बार भी जब रायबरेली लोकसभा सीट से राहुल गांधी ने अभूतपूर्व विजय हासिल की और जब राहुल अपने विजय जुलूस के लिए राय बरेली पहुंचने वाले थे तो किसी बड़े कांग्रेसी नेता ने अति उत्साह में आकर अखिलेश को रायबरेली आमंत्रित कर दिया। कहते हैं इस बात पर अखिलेश खिन्न हो गए और बोले-'यह एक सांसद का विजय उत्सव है, उसमें मेरा क्या काम? क्या मैं राहुल जी से कन्नौज आने को थोड़े ही कर रहा हूं।'

संसद के मानसून सत्र के अनिश्चित काल के लिए स्थगित होने से ठीक एक दिन पहले प्रियंका गांधी ने अखिलेश को फोन कर अपने घर चाय पर आमंत्रित किया, प्रियंका ने कहा कि 'आप पंडारा पार्क में हैं, मैं सुजान सिंह पार्क में आपसे थोड़ी ही दूरी पर रहती हूं, सो आप डिंपल भाभी को साथ लेकर आइए।' अखिलेश प्रियंका के इस आमंत्रण को ठुकरा नहीं पाए, अखिलेश सपत्नीक पधारे, राहुल भी आए, पर बातें सारी गैर राजनीतिक हुई। जैसे अखिलेश ने बताया कि अब उनकी दूसरी बेटी भी पढ़ने के लिए लंदन चली गई है, प्रियंका ने बताया कि उनके बच्चों ने भी लंदन से ही पढ़ाई की है। राहुल ने भी लंदन के अपने कॉलेज के दिनों के कई किस्से शेयर किए, माहौल हल्का-फुल्का रहा और रिश्तों पर जमी बर्फ धीरे-धीरे पिघलती रही।

### वन नेशन, वन इलेक्शन के बहाने

इस दफे लालकिले की प्राचीर से पीएम मोदी ने जब अब तक का सबसे लंबा संबोधन दिया तो चर्चा की धुरी 'वन नेशन, वन इलेक्शन' पर टिक आई। चुनाव आयोग ने भी पीएम की 'हां' में 'हां' मिलाते संकेत दे डाले हैं कि 'पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने में वह पूरी तरह सक्षम है और उसने इसकी पूरी तैयारी भी कर रखी है।' यानी लोकसभा चुनावों के साथ-साथ तमाम राज्यों के विधानसभा चुनाव भी एक समय पर हो जाएंगे। अब सुगबुगाहट सुनने को मिल रही है कि अगले आम चुनाव नियत समय से पहले हो सकते हैं यानी 2027 के यूपी विधानसभा चुनावों के साथ।

भाजपा शीर्ष से जुड़े कुछ विश्वस्त सूत्र खुलासा करते हैं कि पिछले दिनों दिल्ली के भगवा शीर्ष ने एक बड़े सैंपल साइज के साथ यूपी में एक चुनावी सर्वेक्षण करवाया है कि आज अगर यूपी में विधानसभा चुनाव होते हैं तो उसमें भाजपा कहां खड़ी है?



सूत्र बताते हैं कि इस सर्वेक्षण के नतीजे बेहद चौंकाने वाले रहे, सर्वे में भाजपा को यूपी में मात्र 125-135 सीटें मिलती हुई दिखाई गई हैं, वहीं सपा 200 के आंकड़े को पार कर रही है। कहते हैं इस सर्वेक्षण रिपोर्ट को भाजपा शीर्ष ने यह कहते हुए संघ के पास भेजा है कि 'अगर राज्य में योगी का रवैया यथावत कायम रहा तो यहां फिर भाजपा का क्या हश्र होने वाला है?' कहते हैं आज भी संघ मजबूती से योगी के पीछे खड़ा है। जब संघ ने इस सर्वे रिपोर्ट की बाबत योगी से बात की तो योगी का दो टूक कहना था-'प्रदेश में जमीन पर ऐसा कोई सर्वे ही नहीं हुआ है, उन्हें नीचा दिखाने के लिए यह सर्वे टेबल पर तैयार हुआ है, हकीकत है कि हम आज भी यूपी में ढाई सौ से ज्यादा सीटें जीतने का दम रखते हैं।'

### ...और अंत में

दिल्ली योगी को घेरने व बेधने के लिए कृतसंकल्प जान पड़ती है। सूत्रों के दावों पर अगर यकीन किया जाए तो पिछले दिनों एनडीए के घटक दल राष्ट्रीय लोकदल के नेता जयंत चौधरी की दिल्ली दरबार में पेशी हुई। सूत्र बताते हैं कि जयंत से कहा गया कि वे यूपी सरकार से अपने कोटे के मंत्री को 'विड़ा' कर लें ताकि योगी पर दबाव बनाया जा सके। जयंत से कहा गया कि एक तो आपसे दो मंत्रालय दिए जाने की बात हुई थी, पर मिला सिर्फ एक, वह



भी बेहद हल्का मंत्रालय। फिलहाल असमंजस में बताए जा रहे हैं जयंत, एक तो एनडीए में रह कर किस प्रकार अपने मंत्री को योगी सरकार से इस्तीफा दिलवा दें। दूसरा उन्हें योगी की ताकत का भी बखूबी इल्म है, वे 'महाराज' से जानबूझ कर कोई पंगा भी नहीं लेना चाहते।

# रेपिस्ट को मिले फांसी



श्रीमती किरण चोपड़ा
डायरेक्टर- पंजाब केसरी दैनिक समाचार लि.
चेयरपर्सन- वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब
मुख्य संरक्षिका- चौपाल
सदस्या-राष्ट्रीय सलाहकार मण्डल, एकल
संरक्षिका- भारतीय लोक विकास परिषद
f/kiranchopra01
kiranchopra@punjabkesari.com
kiranchopradesk@gmail.com

**नारी** पूजनीय है, वह वंदनीय है। यह सब बातें किताबों में लिखी हैं लेकिन तस्वीर का दूसरा पक्ष बहुत खौफनाक है जो नारी की अस्मिता को पांव तले रौंदने की दर्दनाक कहानी बयान कर रहा है। आक्रोश की पराकाष्ठा देखिये कि आजादी की पूर्व संध्या पर उसी अस्पताल में रात को नारी शक्ति ने धावा बोल दिया, जहां मेडिकल डॉक्टर से रेप के बाद हत्या कर दी गई।

कोलकाता में प्रशिक्षु लेडी डॉक्टर से बलात्कार और हत्या को लेकर देशभर में आक्रोश दिखाई दे रहा है। देश में बलात्कार की घटनाएं कोई नई नहीं हैं लेकिन कोलकाता बलात्कार और हत्या केस को दिल्ली के निर्भय कांड की तरह जघन्य माना जा रहा है। निर्भय बलात्कार और हत्या के बाद से शुरू हुई सामाजिक क्रांति ने तत्कालीन सत्ता की चूलें हिलाकर रख दी थीं और आक्रोषित छात्र-छात्राओं का हुजूम राष्ट्रपति भवन के द्वार पर पहुंच गया था। सामाजिक क्रांति के परिणाम स्वरूप महिलाओं के प्रति अपराधों के लिए सख्त कानून बनाए गए थे लेकिन कड़े कानून भी यौन पिपासुओं की कुत्सित मानसिकता को नहीं बदल पाए। कोलकाता केस ने भी देशभर में डॉक्टरों में खौफ पैदा कर दिया है और खासतौर पर महिला डॉक्टर अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। विडम्बना यह है कि कोलकाता पुलिस ने पहले तो महिला डॉक्टर की हत्या के मामले को आत्महत्या में बदलने की कोशिश की और जांच इत्यादि में देरी कर दी। एक सैकेंड सोचकर देखें कि उस डॉक्टर के साथ कैसा घिनौना, दर्दनाक, शर्मनाक कांड हुआ। मेरा तो मानना है गुनाहगारों को पकड़ कर उसी समय भरे बाजार चौराहे पर फांसी दे देनी चाहिए। ऐसी मानसिकता वाले लोगों के अन्दर डर, खौफ पैदा करना होगा।




आरजी कर मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल का इस्तीफा काफी नहीं है। गुनाहगार वहां कैसे पहुंचा, यह रेप क्यों किया। हत्या करने की इसकी परतें उखड़नी चाहिए। शुरू में तो केस दबाने की बात भी हुई बताई जा रही है। जब मामले ने तूल पकड़ा तब जाकर कोलकाता पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा भी पुलिस को हड़काये जाने पर ही उसने कार्रवाई शुरू की। इसी बीच कोलकाता हाईकोर्ट ने मामले की जांच सीबीआई के हवाले की। डॉक्टरों को भगवान माना जाता है क्योंकि वे बीमार लोगों को नया जीवन देते हैं लेकिन अगर समाज के रक्षक ही भक्षकों का शिकार होने लगे तो फिर कौन सुरक्षित होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लालकिले से देश को सम्बोधित करते हुए इसी केस के संदर्भ में कहा कि ऐसे जघन्यतम अपराध करने वालों को फांसी की सजा होनी चाहिए और ऐसा डर पैदा होना चाहिए ताकि दूसरे अपराधी भी अपराध करने से पहले सोचे। प्रधानमंत्री ने राज्य सरकारों को भी इस दिशा में सक्रिय होकर काम करने को कहा। इस मामले को लेकर कई सवाल भी उठ रहे हैं। महिला डॉक्टर हत्या, बलात्कार मामले में क्या आरोपियों को बचाने की कोशिश की गई है? क्या अपराध को अंजाम देने वाला एक मात्र आरोपी था? या उसके साथ कुछ और लोग भी थे। अब क्योंकि जांच सीबीआई के हवाले है तो उम्मीद की जानी चाहिए कि महिला डॉक्टर को इंसाफ मिलेगा। अब सवाल यह है कि महिलाओं के प्रति अपराधों को रोका कैसे जाए। स्थिति यह है कि आज के दौर में शहरों से लेकर गांवों तक की गलियों में युवतियों को हवस का शिकार बनाने के लिए दरिन्दे खड़े हैं। कौन दरिन्दा किसी को किस समय दबोच ले कुछ कहा नहीं जा सकता।

सवाल यह पैदा होता है कि अगर डॉक्टर भी अस्पतालों में सुरक्षित नहीं हैं तो फिर सुरक्षित कौन होगा? कोरोना के दिनों में यह भारतीय डॉक्टर और प्रशिक्षु डॉक्टर ही थे जिन्होंने पूरे देश को संभाल लिया। लोगों के घरों में जा-जाकर दवाईं पहुंचाई और अस्पतालों में उन्हें कोरोना के इलाज के साथ-साथ बचाव के मंत्र भी दिए, तभी तो इन डॉक्टरों और डॉक्टरों से जुड़े संस्थानों पर फूल बरसाए गए थे लेकिन दु:ख इस बात का है कि जब-जब रेप से जुड़े ऐसे कांड होते हैं तो मामला कुछ दिन गर्म रहता है और बाद में सब कुछ भुला दिया जाता है। अस्पतालों में हड़ताल हुई क्योंकि डॉक्टर्स ऐसा कांड न हो, उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो तथा जिस महिला डॉक्टर से रेप के बाद हत्या की गई हो उसके गुनाहगार को तुरंत फांसी दिए जाने की मांग कर रहे हैं जो कि गलत नहीं है। मेरा यह मानना है कि हड़ताल को लेकर समर्थन या विरोध की बात नहीं है लेकिन राष्ट्र की मांग है कि गुनाहगार को फांसी के लिए व्यवस्था तेज होनी चाहिए। फास्ट ट्रैक आधार पर न सिर्फ केस चलें बल्कि उसकी भी समय सीमा महीनाभर तय हो जाए और इस अवधि में गुनाहगार की सजा सुनिश्चित कर दी जाये तो यह अपने आप में एक बड़ा उदाहरण होगा। देश में यौन शोषण से जुड़े अपराधों की पेंडिंग व्यवस्था को छोड़कर तुरंत न्याय की व्यवस्था होनी चाहिए। हमें ऐसे केसों में तारीख पर तारीख की नहीं इंसान दर इंसाफ की व्यवस्था चाहिए।

राजनीति से ऊपर उठकर हर पार्टी को इस दिशा में जो संभव हो सके वह करना चाहिए। सरकार के साथ सहयोग भी करना चाहिए लेकिन गुनाहगार बचकर नहीं निकलना चाहिए। नारी सशक्तिकरण केवल किताबी शब्द नहीं बल्कि समाज में नारी और बेटियों की मजबूती चाहिए। यही भारत की पहचान है। नारी दुर्गा है, भक्ति है, शक्ति है और काली भी है। गुनाहगारों को यह सबक सिखाना होगा और सरकार को गुनाहगार के दिल में एक खौफ बैठाना होगा ताकि भविष्य में कोई ऐसी हरकत न कर पाए। यही रोष या आक्रोश अगर इंसाफ के लिए बुलंद हो रहा है तो इसका गंभीर चिंतन और इस मामले पर उपाय भी अविलंब होना चाहिए। वारदात के बाद तुरंत न्याय किसी भी बड़े गुनाह के खात्मे के लिए काफी है। इसे आप मेरी सलाह मानिए या न्याय के लिए मेरी मांग समझिए लेकिन इसकी जरूरत पूरे देश में तुरंत लागू करने की है। उम्मीद है कि सरकार इस कांड की गंभीरता को समझकर जल्द गिरफ्तार हो चुके गुनाहगार को कड़ी सजा भी तुरंत दिलाएगी।

# कोलकाता कांड-राजनीति नहीं इंसाफ चाहिए



खरी-खरी बात
-वीरेन्द्र कपूर

**भारत** में अजीब चीजें घटित हुई हैं लेकिन 9 अगस्त की रात को कोलकाता के प्रमुख सार्वजनिक अस्पताल में एक युवा जूनियर डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या की घटना के खिलाफ पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का सड़कों पर उतरना एक अधिक उल्लेखनीय तमाशा माना जाना चाहिए। वह किसके खिलाफ प्रदर्शन कर रही थीं? पश्चिम बंगाल के स्वास्थ्य मंत्री के खिलाफ? लेकिन फिर वह अपनी सरकार में स्वास्थ्य मंत्री हैं। क्या गृह मंत्री के खिलाफ? एक बार फिर, वह जिस सरकार का नेतृत्व कर रही हैं, उसमें वह गृह मंत्री हैं, कोई और नहीं। इस विरोध मार्च के तमाशे में उनकी पार्टी की कई महिला सांसदों का उनके साथ चलना उनके नैतिक दिवालियापन को ही रेखांकित करता है।

इनमें से किसी की भी जुबान नहीं खुली थी, जब 9 अगस्त की रात 12 से सुबह 3 बजे के बीच रेजिडेंट डॉक्टर पर बेरहमी से हमला किया गया था। राज्य के सबसे व्यस्ततम सरकारी अस्पताल में लगातार 36 घंटे ड्यूटी करने के बाद, यह बदकिस्मत लड़की बगल के सेमिनार रूम में कुछ देर आराम करने के लिए गई थी, तभी उस पर जंगली शिकारी ने हमला कर दिया। यह बर्बरतापूर्ण था। उसके साथ इतनी क्रूरता की गई कि उसके चेहरे और शरीर पर गहरे घाव हो गए, उसकी गर्दन की हड्डी टूट गई, और जब उसने बहादुरी से हमले का मुकाबला किया तो उसका गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। फिर भी, अगली सुबह जब उन्हें उसका शव मिला, तो न तो अस्पताल कॉलेज के प्रिंसिपल और न ही उसके अधीक्षक ने एफआईआर दर्ज कराना उचित समझा।

माता-पिता को शुरू में बताया गया था कि उनकी मौत आत्महत्या से हुई है। दुखी माता-पिता की बहुत विनती के बावजूद भी उन्हें तीन घंटे तक शव देखने नहीं दिया गया। राज्य के प्रमुख अस्पताल में कार्यरत 31 वर्षीय डॉक्टर की मौत पर इस तरह की असंवेदनशीलता और उदासीनता के प्रदर्शन ने पूरे देश में समूचे चिकित्सा समुदाय के आक्रोश को और बढ़ा दिया है। कोलकाता और पश्चिम बंगाल के अन्य स्थानों पर डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ के साथ आम नागरिक भी शामिल हुए, जबकि डॉक्टरों के संघ ने देशव्यापी विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया।

यह समझना होगा कि सरकारी अस्पतालों में जूनियर डॉक्टर ही बाह्य रोगी और आपातकालीन वार्डों की




जिम्मेदारी संभालते हैं। उनके बिना अस्पताल लगभग ठप्प हो जाते हैं। लेकिन इन कठिन परिस्थितियों में काम करते हुए, यदि एक युवा रेजिडेंट डॉक्टर के साथ बलात्कार किया जाता है और उसे मार दिया जाता है, तो ममता बनर्जी ने पक्षपातपूर्ण राजनीति के चश्मे से इसे अपनी सरकार की विफलता के रूप में देखकर, असहाय पीड़ित के प्रति अपनी सहानुभूति और भावना का पूर्ण अभाव प्रदर्शित किया है। बलात्कार में शामिल कई हमलावरों की रिपोर्ट की पुष्टि नहीं की गई। पुलिस ने एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया था जिसे बाद में सीबीआई को सौंप दिया गया था।

इस बीच, मुख्य विपक्षी भाजपा और वामदलों ने कोलकाता में सड़क पर विरोध प्रदर्शन किया और मांग की कि मुख्यमंत्री शहर के अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात जूनियर डॉक्टरों की सुरक्षा करने में अपनी गंभीर विफलता के लिए खुद जिम्मेदार हैं। खुद को बैकफुट पर पाते हुए, ममता ने भाजपा पर राजनीतिक उद्देश्य के लिए युवा डॉक्टर की मौत का फायदा उठाने का आरोप लगाया लेकिन जमीनी हकीकत और ऑन-ड्यूटी महिला डॉक्टर के खिलाफ बर्बरतापूर्ण क्रूरता के कारण पैदा हुए जनाक्रोश से ममता इतनी दूर थीं कि उन्होंने आधी रात को अस्पताल पर छापेमारी के लिए राम और बाम पर आरोप लगाया। नि:संदेह, यह झूठा आरोप था। एक दिन बाद, पुलिस ने अस्पताल में बर्बरता के कृत्यों के लिए कई लोगों को गिरफ्तार किया, जिससे भीड़ के हमले में स्थानीय टीएमसी नेताओं की संलिप्तता की पुष्टि हुई।

इस बीच, यह पता चला कि एकमात्र संदिग्ध, संजय रॉय, जो अब सीबीआई की हिरासत में था, एक सिविल स्वयंसेवक था जो मरीजों की सहायता के लिए अस्पताल में अक्सर आता था। ऐसा लगता है कि पहले उसकी पत्नी ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह उसके साथ हिंसक तरीके से मारपीट करता था, लेकिन पुलिस स्टेशन ने उसके खिलाफ कार्रवाई करने से इनकार कर दिया।

ममता बनर्जी को 2026 तक कोई खतरा नहीं है, जब राज्य में नए चुनाव होने हैं। करीब एक तिहाई मुसलमानों की मौजूदगी से ममता बेफिक्र है। कांग्रेस तब समाप्त हो गई जब उसने अपने एकमात्र ममता विरोधी नेता अधीर रंजन चौधरी को उतार दिया क्योंकि पार्टी को लगता है कि आईएनडीआई गठबंधन की स्थिति में ममता प्रधानमंत्री के लिए राहुल का समर्थन करेंगी।

दिल्ली आर.एन.आई. नं. 40474/83
पंजाब केसरी
दिल्ली कार्यालय :
फोन आफिस: 011-30712200, 45212200,
प्रसार विभाग: 011-30712224
विज्ञापन विभाग: 011-30712229
सम्पादकीय विभाग: 011-30712292-93
मैगजीन विभाग: 011-30712330
फैक्स : 91-11-30712290, 30712384, 011-45212383, 84
Email: Editorial@punjabkesari.com
स्वत्वाधिकारी दैनिक समाचार लिमिटेड, 2-प्रिंटिंग प्रैस कॉम्पलैक्स, नजदीक वजीरपुर डीटीसी डिपो, दिल्ली-110035 के लिए मुद्रक, प्रकाशक तथा सम्पादक अनिल शारदा द्वारा पंजाब केसरी प्रिंटिंग प्रैस, 2-प्रिंटिंग प्रैस कॉम्पलैक्स, वजीरपुर, दिल्ली से मुद्रित तथा 2, प्रिंटिंग प्रैस कॉम्पलैक्स, वजीरपुर, दिल्ली से प्रकाशित।

# विपक्ष के पास कहने को कुछ नहीं झूठ फैला रही है कांग्रेस : नायब सिंह



**चंडीगढ़,** (राजेश जैन): मुख्यमंत्री नायब सैनी ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि कांग्रेस के पास कोई मुद्दा ही नहीं है। कांग्रेस सिर्फ और सिर्फ झूठ फैला रही है। अच्छा होता कि कांग्रेस नेता झूठ फैलाने की बजाए जनता को ये बताते कि अपने कार्यकाल में उन्होंने क्या-क्या काम किए हैं, लेकिन सच्चाई तो यह है कि काम उन्होंने किए ही नहीं। जनता इनके झूठ वादों को अच्छी तरह समझ गई है, चुनावों में कांग्रेस को सबक सिखाएगी।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि भाजपा ने बिना भेदभाव के विकास कार्य किए हैं। हम चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार हैं और हमारा मानना है कि तीसरी बार हरियाणा में बहुमत से भाजपा सरकार आ रही है। हम इतने बड़े जन हितैषी फैसले ले रहे हैं, हर वर्ग के हित को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिए हैं, 4 तारीख को भाजपा की सरकार बनते ही विधानसभा में सभी फैसलों को लागू कर दिया जाएगा। बहुत से फैसले तो हमने लागू भी कर दिए हैं। अब प्रदेश में आचार संहिता लगी चुकी है, इसलिए अब हम कोई फैसला नहीं ले सकते, लेकिन कैबिनेट में जो मुद्दे आए हैं, उन पर निर्णय लेने के लिए चुनाव आयोग के पास भेज रहे हैं।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि शनिवार को कैबिनेट की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई और कैबिनेट ने उन्हें स्वीकार भी किया है।

# जेजेपी में भगदड़ : 24 घंटे में चार विधायकों ने पार्टी छोड़ी

**चंडीगढ़,** (पंजाब केसरी) : हरियाणा में विधानसभा चुनाव के ऐलान के बाद से जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) में घमसान मचा है। पूर्व श्रम मंत्री अनूप धानक के इस्तीफे के बाद शनिवार को शाहबाद से विधायक रामकरण काला, गुहला चीका से विधायक ईश्वर सिंह और टोहाना से विधायक देवेंद्र बबली ने भी पार्टी से इस्तीफा दे दिया। डॉ. अजय सिंह चौटाला को लिखे लेटर में विधायक ईश्वर सिंह और रामकरण काला ने इस्तीफे के पीछे निजी कारण लिखे हैं। 24 घंटे में जेजेपी के 4 विधायकों ने पार्टी छोड़ दी है। रामकरण, ईश्वर और देवेंद्र कांग्रेस जॉइन कर सकते हैं। अनूप धानक भाजपा में शामिल हो सकते हैं। हालांकि, अब तक इनका बयान सामने नहीं आया है। चार विधायकों के पार्टी से इस्तीफे के बाद अब 6 बचे हैं।

# एसडीजी पर प्रगति के लिए वित्त पोषण अंतर को दूर करने की जरूरत



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि विकासात्मक वित्त तक कम पहुंच के कारण विकासशील अर्थव्यवस्थाओं को सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को हासिल करने में बाधा पहुंच रही है।

उन्होंने इस संबंध में 4,000 अरब अमेरिकी डॉलर के वार्षिक वित्त पोषण अंतर को तत्काल दूर करने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने डिजिटल रूप से आयोजित तीसरे 'वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ' सम्मेलन में कहा कि हालिया रिपोर्टों से पता चलता है कि विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में कई एसडीजी का कार्यान्वयन स्थिर हो रहा है, जबकि कुछ संकेतक पीछे भी जा रहे हैं।

सीतारमण ने कहा कि विकासशील देशों के लिए एसडीजी वित्तपोषण अंतर सालाना 4,000 अरब डॉलर होने का अनुमान है।

# भारत को रोजगार सृजन के लिए अधिक सुधारों की जरूरत : गीता गोपीनाथ

**नई दिल्ली,** (भाषा) अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की उप प्रबंध निदेशक गीता गोपीनाथ ने शनिवार को कहा कि भारत को आर्थिक वृद्धि के रास्ते पर आगे बढ़ने तथा देश में पर्याप्त रोजगार सृजन सुनिश्चित करने के लिए और अधिक सुधार करने की आवश्यकता होगी। यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गोपीनाथ ने कहा कि यदि भारत वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में एक महत्वपूर्ण भागीदार बनना चाहता है तो उसे आयात शुल्क कम करना होगा।

उन्होंने कहा-संरचनात्मक सुधारों के संदर्भ में सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में महत्वपूर्ण सुधार किए हैं। गोपीनाथ ने कहा कि विश्व ऐसे माहौल में है जहां व्यापार एकीकरण पर सवाल उठ रहे हैं, तथा भारत के लिए वैश्विक व्यापार के लिए खुला रहना महत्वपूर्ण है। प्रमुख अर्थशास्त्री ने कहा, ''भारत में शुल्क दरें अन्य समकक्ष अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में अधिक हैं। यदि वह विश्व मंच पर एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनना चाहता है, तो उसे उन शुल्क को कम करना होगा।


**HIMACHAL PRADESH, PUBLIC WORKS DEPARTMENT**
e-mail ee-roh-hp@nic.in

**e-Procurement Notice**
**INVITATION FOR BIDS (IFB)**

The **Executive Engineer HPPWD Rohru Distt. Shimla H.P** on behalf of Governor of H.P invites item rate, bids, in electronic tendering system, in 2 cover system for the under mentioned work from the eligible and approved contractors/firms registered with HP.PWD Department.

| Sr. No. | Name of Work | Estimated Cost (Rs) | Starting date for downloading Bid | Earnest money | Deadline for submission bid |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Govt Sr. Sec. School Building at Kharla Tehsil Tikkar Distt. Shimla (SH:- C/o Building Portion,Site development WS & SI) | 4,02,67,752/- | 28.08.2024 | 805355/- | 03.09.2024 |

The Bidders are advised to note other details for tenders and letter No.PWD(B) A(3) 1/2020 dated 12.01.2023 issued by secretary PW) to the Govt. of himachal Pradesh Public Works Department from the department website www.hptenders.gov.in. and any corrigendum will be uploaded on the website only.

Executive Engineer, HPPWD Division Rohru
Distt. Shimla HP

R.o. No. 1510/2024-2025


# बलात्कार के आरोपी की संपत्ति कुर्क

**मुजफ्फरपुर** (बिहार), (भाषा): बिहार पुलिस ने शनिवार को एक दलित नाबालिग लड़की की हत्या के मुख्य आरोपी की संपत्ति कुर्क कर ली। लड़की का शव हाल ही में अपहरण और संदिग्ध बलात्कार के बाद एक तालाब में फेंक दिया गया था।

मुजफ्फरपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के अनुसार संजय राय के खिलाफ अदालत से वारंट प्राप्त कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि उसपर मृतका के परिवार वालों ने इस सप्ताह की शुरुआत में अपने घर से लड़की को उठाने का आरोप लगाया है। राय ने बताया, हमने राय के घर की दीवार पर अदालत का एक नोटिस चिपका दिया था जिसमें उसे शनिवार दोपहर तक आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया था। चूंकि वह नहीं आया, इसलिए उसकी संपत्ति कुर्क की जा रही है। राय पर आरोप है कि उसने लड़की के परिवार पर शादी करने के लिए दबाव डाला और 11 व 12 अगस्त की रात को पांच अन्य लोगों के साथ मिलकर लड़की का अपहरण कर लिया। बाद में लड़की का शव उसके गांव के पास एक तालाब में मिला।


## गुमशुदा की तलाश



नसरीन खान

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला जिसका **नामः नसरीन खान, पत्नीः** मुंतसर, **पताः** गली नं.9, जोशी कॉलोनी, दिल्ली, **लिंगः** महिला, **उम्रः** 23 साल, **कदः** 5फुट 3इंच, **रंगः** गोरा, **शरीरः** पतला, **चेहराः** लम्बा, **पहनावाः** सफेद रंग का सूट, पैंट और पैरों में सफेद रंग की चप्पल पहने हुए है, जो अपने घर से 29.06.2024 से लापता है। इस संदर्भ में **DD No. 87A, दिनांक 05.07.2024,** थानाः मधु विहार, दिल्ली में दर्ज है।

पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस लापता महिला के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस लापता महिला के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो कृपया निम्नलिखित पते पर सूचित करें।

ईमेल : cic@cbi.gov.in
वेबसाइट : http://cbi.nic.in
फैक्स : 011-24368639
दूरभाष : 011-24368638, 24368641

थाना प्रभारी
थानाः मधु विहार, दिल्ली
फोनः 8750370624

DP/10572/ED/2024

## अपहृत की तलाश



नेहा

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका **नामः नेहा, पुत्रीः** छोटे लाल, **पताः** मकान नं. 235, मोहन गार्डन, दिल्ली **लिंगः** महिला, **उम्रः** 16 साल, **कदः** 5फुट 2इंच, **रंगः** सांवला, **चेहराः** गोल, **शरीरः** पतला, **पहनावाः** गुलाबी रंग का सूट, नीले रंग का पिलाजो और पैरों में फिल्प फिलोप पहने हुए है, जो कि अपने घर से 05.09.2022 से अपहृत है। इस संदर्भ में **FIR No. 517/2022, U/s 363 IPC, दिनांकः 08.09.2022,** थाना मोहन गार्डन, दिल्ली में दर्ज है।

पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस अपहृत लड़की के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस अपहृत लड़की के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो कृपया निम्नलिखित पते पर सूचित करें।

ईमेल : cic@cbi.gov.in
वेबसाइट : http://cbi.nic.in
फैक्स : 011-24368639
दूरभाष : 011-24368638, 24368641

थाना प्रभारी
थानाः मोहन गार्डन, दिल्ली
फोनः 8050871029, 9818592166

DP/10917/DW/2024

## पहचान के लिए अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक पुरूष जिसका **नामः अज्ञात, पुत्रः** अज्ञात, **पताः** अज्ञात, जो कि दिल्ली के एस.जी.एम. अस्पताल, मंगोलपुरी में भर्ती था, जहाँ डॉक्टर ने उसे दिनांकः 26.07.2024, सांय 06.38 बजे को मृत घोषित कर दिया। इस सन्दर्भ में **डीडी नं0: 123ए, दिनांक 26.07.2024, पुलिस थाना मंगोलपुरी, बाहरी जिला, दिल्ली–110083** में रिपोर्ट दर्ज है।

**लिंगः** पुरूष, **उम्रः** लगभग 29 वर्ष, **रंगः** सावंला, **कदः** 5'7'', **पहचान चिन्हः** दाहिने हाथ की बांह पर टैटू "राहुल", **पहनावाः** नीली गोल गले की टी–शर्ट, सफेद और नीली चेक लुंगी पहने और नंगे पैर है।

अगर किसी को इस मृत पुरूष के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें।

थाना अध्यक्ष
पुलिस थाना मंगोलपुरी,
बाहरी जिला, दिल्ली–110083
मोबाइलः 9999590020

ई–मेलः ciccbi@cbi.nic.in
DP/10958/OD/2024

## पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक मृतक व्यक्ति जिसका **नाम** : नामालूम, **पुत्र** : नामालूम, **पताः** नामालूम, **उम्र** : लगभग 50–55 साल, **कद** : 5'5'', **रंग** : गेहूँआ, **पहनावा** : हरे व सफेद रंग की हाफ शर्ट और काले रंग का पैजामा जो यू टर्न निगम बोघ घाट के सामने कश्मीरी गेट, दिल्ली में दिनांक 14.08.2024 को मृत मिला। इस संदर्भ में **डीडी नं. 37–ए धारा 194 बीएनएसएस दिनांक 14.08.2024** थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली में दर्ज है। मृतक के शरीर को सब्जी मंडी दिल्ली के शवगृह में 72 घंटे के लिए रखा गया है।

पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक व्यक्ति के बारे कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

थानाध्यक्ष
थाना : कश्मीरी गेट, दिल्ली

DP/10964/N/2024 फोनः 011-23968730, 8750870123

## पहचान की अपील



आम जनता को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका **नामः** नामालूम, **पुत्र** : नामालूम, **पताः** नामालूम, **उम्रः** लगभग 25–30 साल, **कदः** 5'6'', **लिंगः** पुरुष, **रंगः** गेहुँआ, **शरीरः** मीडियम, **चेहराः** लम्बोतरा, **चोट के निशानः** दोनों पैर कटे तथा दोनों हाथ टूटे हुए एवं चेहरे पर रगड़ के निशान, **पहनावाः** पीले रंग की टी–शर्ट, मटमैली लोअर और पैरों में चप्पल पहने है, जो के.एम. पोल सं. 6/24–6/26, उत्तर रेलवे लाइन, शाहदरा, दिल्ली में मृत अवस्था में पाया गया था। मृतक के शव को जीटीबी अस्पताल के शवगृह में पहचान के लिए संरक्षित रखा गया है।

इस सम्बंध में **DD No. 21A, दिनांक 13.08.2024, पुलिस स्टेशनः पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन** में दर्ज है। यदि इसके बारे में कोई सुराग या जानकारी मिले तो तुरंत इसकी सूचना निम्नलिखित पते पर दें।

थानाध्यक्ष
पुलिस स्टेशनः पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन

DP/10860/Rly/2024 फोनः 011-23961522, 9968425912, 8750871302

## पहचान की अपील



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव नामः मालूम नही, पुत्रः मालूम नही, निवासीः मालूम नही, उम्रः लगभग 45 वर्ष, कदः 5'0", रंगः सांवला, पहनावाः नीला रंग टी–शर्ट और लाल रंग का लोअर पहने है। जो KM. Pol No.11/27-11/29, नजदीक RLY लाइन, गंदा नाला, श्रीराम वाली गली समयपुर बादली, दिल्ली मे मृत पाया गया था। इस बाबत DD No. 88A दिनांक. 13.08.2024 थानाः समयपुर बादली, दिल्ली में दर्ज है।

इस मृत व्यक्ति के बारे में या इसके परिवार के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी/सुराग मिले तो निम्नलिखित पते या फोन नम्बरों पर सूचित करें।

हस्ता/- थानाध्यक्ष
समयपुर बादली, दिल्ली
फोन नं. 7065036326

DP/10944/ON/2024


## अर्थजगत

# गेहूं, चीनी में सुधार, उड़द-मूंग दाल में मंदी

**नई दिल्ली,** (एनएनएस): स्टॉकिस्टों की हल्की-फुल्की लिवाली निकलने से गेहूं दड़ा मिल पहुंच तथा चक्की पहुंच में 9-10 रुपए प्रति क्विंटल का सुधार हुआ। दूसरी ओर, लिवाली कमजोर पडऩे से उड़द में 50-100 रुपए तथा मूंग में 100-500 रुपए प्रति क्विंटल की मंदी आई। चीनी बाजार में, हल्की-फुल्की लिवाली निकलने से विभिन्न मिलों की चीनी में 5-10 रुपए प्रति क्विंटल का सुधार हुआ।

### कल क्या होगा?



सोमवार श्रावण पूर्णिमा को रक्षाबंधन है। गेहूं, जौ, जई, ढैंचा, ग्वार, ग्वार गम, तुवर, देशी चना, मसूर, काबली चना, अंजीर, हल्दी, अजवायन, अमचूर, जायफल, बादामगिरी, लौंग, जावित्री, इमली, काजू, पारा, गुड़, तेल सरसों, बिनौला, सोया, वनस्पति घी, कॉपर, पीतल में लाभ तथा ज्वार, लोबिया, मक्की, बाजरा, राजमा चित्रा, मूंग–मोठ, उड़द, बिनौला, लालमिर्च, गोला, पिस्ता, धनिया, जीरा, महुआ फूल, किशमिश, शक्कर, चीनी, देशी घी, दूध पाउडर, द्राख गोला में हानि की संभावना है। भाग्यांक 1–5–7–8 है। यात्रा विचार– पश्चिम दिशा की ओर 6.18 बजे प्रातः के बाद यात्रा करना लाभप्रद होगा।

**अनाज-दाल :** गेहूं: एमपी देशी 3600/3800, दड़ा (मिल पहुंच) 2775/2780, चक्की (पहुंच) 2782/ 2785, आटा चक्की (10 किलो) (जीएसटी सहित) 300/310, रोलर फ्लोर मिल आटा (50 किलो) 1510/1515, मैदा (50 किलो) 1600/1610, सूजी (50 किलो) 1640/1650, चोकर (48 किलो) 1040/1050, चावल: बासमती लालकिला 14400, स्वाद 10000, शरबती सेला 4400/4500, स्टीम 8500/8600, सोर्टेक्स 8700/8800, (1509 नं.) चावल सेला 6000/6100, ताज 4600/ 4700, परमल कच्चा 3100/3200, ब्रोकन (25 प्रश.) 3000/3050, वंड 3500/3600, पीआर-(11) सेला 4400/4500, ज्वार: पीली 2500/2550, सफेद 3550/3600, मक्की: यूपी 2525/2550, एसक्यू 9150/9160, दाल उड़द: छिलका (लोकल) 9100/10100, बढिय़ा 10500/10700, दाल मूंग: छिलका 8800/9500, मसूर कच्ची: छोटी 6200/6700, दाल मसूर: लोकल 7500/7600, दाल अरहर: दड़ा 14000/14300, पटका 15400/16000, चना (खड़ी मोटर) राजस्थान 7950/7960, एमपी 7900/7925, चनादाल: लोकल 9100/9150, राजमा चित्रा: चीन 11200/13000, काबली चना: छोटा 9000/9800, मीडियम 10500/11000, लोबिया: ब्राजील 9000/9500, लाल 7500/7600, मटर: सफेद देशी 4500/4600

**चीनी मिल डिलीवरी :** अफजलगढ़ 3845, सिंभावली 3920, शामली &, मोदी &, देवबंद 3930, किनौनी 3960, बुढ़ाना 3880, खतौली 3920, मवाना 3861, दौराला 3940

**गुड़-शक्कर :** गुड़ पेड़ी 4500/4600, चाकू 4400/4500, ढैया 4700/4800, शक्कर 4800/4900, खांडसारी 5200/5300

**तिलहन और तेल :** सरसों 5875/5925, खली एक्सपेलर: सरसों 2600/2800, बिनौला 3500/3700, डिऑयल्ड एक्सटेरक्शन (टन): राइसब्रान कंटीन्यूस 15600/15700, सरसों 23500/23700, सोयाबीन पीला 38000/38500, सूरजमुखी 24000/24200, मूंगफली (40-45 प्रश.) 32500/34000, खाद्य तेल (जीएसटी अतिरिक्त): मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड (टीन) 2700/2800, सरसों तेल (टीन) 1800/2000, सरसों एक्सपेलर 11550, तिल तेल 15800, सनफ्लावर 1650/1700, गोला तेल (टीन) 2600/2700, अखाद्य तेल: राइस फैट्टी 7800/7850, सोया एसिड ऑयल 6500/6550, अरंडी 12900/13000

**लोहा व इस्पात :** सरिया: कामधेनु: (8 एमएम) 65500, (10 एमएम) 64300, (12 एमएम) 62000, (16-25 एमएम) 63100, कामधेनु पीएएस-10000 (पीस): (8 एमएम) 371, (10) 568, (12) 802, (16) 1427, ( 20 एमएम) 2230, (25 एमएम ) 3482, अम्बा शक्ति -500 एसडी: (8 एमएम) 65300, (10 एमएम)63500, (12 एमएम) 62700, (16-25 एमएम) 62500, (32 एमएम) 62300, अम्बा शक्ति-ट्राईकोर (8 एमएम) 65100, (10) 63000, (12) 62500, (16-25) 62100, (32) 62700, केवीएस टीएमटी बार (8 एमएम) 65400, (10) 63600, (12) 62700, (16-25) 62400, (28-32) 62400, बिरला (8 एमएम) 64900, (10 एमएम) 61800, (12 एमएम) 62500, (16-25 एमएम) 61000, टीएमटी: जयभारत: (8 एमएम) 64900, (10 एमएम) 63700, (12 एमएम) 62400, (16-25 एमएम) 62000, अनमोल-500 एसडी: (8 एमएम) 64300, (10 एमएम) 63700, (12 एमएम) 62500, (16-25 एमएम)62500, चैनल: राना (जीएसटीअतिरिक्त) 50500, एमएस (केवीएस) (75&40) (100&50) 52200, जयभारत 50500, अनमोल 50500, बिरला 52300, गार्डर (ज्वाइस्ट): जयभारत 51000, अनमोल 51000, टी-आयरन: राना 51500, (बिलट): (ढाई से तीन इंच) 42400, (साढ़े तीन इंच) 42400, (चार इंच) 42800, (पांच इंच) 42700, (छः इंच) 42700, स्क्रैप: पुरानी 36000, मैल्टिंग स्क्रैप 38000, इंगट 43000, राउंड 48000

**अलौह धातु :** एंटीमनी: चीन &, कैडमियम: रॉड &, मैक्सिको &, प्लेट &, लैड (सीसा): बैट्री सफेद 107.50, बैट्री काला 99.50, देशी मुलायम 185/203, देशी सख्त (एक-डेढ़ प्रतिशत) 185/203, चार प्रतिशत 189/207, पी.पी.&, गन मैटल स्क्रैप: लोकल &, मिक्स &, जालंधर &, स्टील बर्तन &, ब्रास (पीतल): हनी 556, रेडिएटर देशी 396, रेडिएटर विदेशी 397, चादरी देशी 546, पुर्जे स्क्रैप 531, टिन (रांग): इंगट मलेशिया &, इंडोनेशिया 2700, जिंक (जस्ता): इंगट (पटरा) एचजेडएल 271, एजेड 275, आईजेड 272, आईजे 274,पीएमआई 222, ड्रास (ढीमा) 205, निकिल कैथोड: रसियन-(4&4) 1370, (8&8) 1375, (4&24) 1380, नार्वे (4&4) 1400, (4&24) 1405, कॉपर (तांबा): आरमेचर प्लांट 740, भटठी 738, सीसी 812, एल्यूमीनियम: सीजी इंगट 222, शीट कटिंग 207, वायर स्क्रैप 211, बर्तनफूट 181, पुर्जाफूट 174, रॉड: लोकल 228, कम्पनी 236.

# पुलिस भर्ती में 60 हजार से अधिक नौजवानों को मिलेगा अवसर : योगी



**अंबेडकरनगर,** (पंजाब केसरी) : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि प्रदेश में होने वाली पुलिस भर्ती में 60 हजार से अधिक नौजवानो का अवसर मिलेगा जिसमें 20 प्रतिशत बेटियों को भी नियुक्ति दी जाएगी।

श्री योगी ने कटेहरी स्थित स्थित देव इंद्रावती महाविद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय वृहद रोजगार एवं ऋण मेले के उदघाटन के अवसर पर कहा कि प्रदेश में 23, 24, 25 व 30 तथा 31 अगस्त को पुलिस भर्ती प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा जिसमें हर जिले के युवा को इस पूर्ण पारदर्शी नियुक्ति प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर मिलेगा। उन्होने कहा कि पुलिस भर्ती में 20 प्रतिशत बेटियों को भी नियुक्ति दी जाएगी जो प्रदेश की सड़कों पर उतरकर शोहदों का सही इलाज करेंगी।

अपराधियों, माफिया और अराजक तत्वों को चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ किसी को भी खिलवाड़ करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। वो समय गया, जब प्रदेश में चाचा-भतीजा की गैंग वसूली करने निकलती थी। अब तो जो भी ऐसा करेगा उनकी संपत्ति जब्त कराकर जरूरतमंद में बंटवा दी जाएगी।

प्रदेश में किसी बेईमान को, अपराधी को और अराजकता को बढ़वा देने वाले तत्वों को छूट नहीं दी जाएगी। कार्यक्रम में कुल 2,500 युवाओं को प्रशस्ति पत्र, 5,100 छात्र-छात्राओं को टैबलेट व कुल 211 करोड़ रुपए के ऋण का वितरण किया गया।

# अंतर्राष्ट्रीय अंग व्यापार रैकेट में शामिल 4 लोगों के खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल



- अंग प्रतिरोपण की सुविधा के लिए उनसे लगभग 50 लाख रुपये वसूले

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने केरल के नेदुंबसेरी में मेडिकल पर्यटन की आड़ में अंतरराष्ट्रीय अंग व्यापार रैकेट में शामिल चार आरोपियों के खिलाफ शनिवार को आरोप-पत्र दाखिल किया। आरोप-पत्र में कहा गया है कि आरोपी भोले-भाले युवाओं को धन के बदले अंग दान के लिए प्रेरित करते थे और एक बड़े अवैध अंग व्यापार रैकेट के तहत विदेशों में अंगों की तस्करी करते थे।


एनआईए की जांच के अनुसार, वे (आरोपी) भारत में संभावित अंगदाताओं की पहचान करते थे और एजेंट तथा सोशल मीडिया के माध्यम से उन्हें धन का लालच देकर उनका शोषण करते थे। एनआईए की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि गिरोह ने प्रतिरोपण की जरूरत वाले भारतीय मरीजों से भी संपर्क किया और ईरान में उनके अंग प्रतिरोपण की सुविधा के लिए उनसे लगभग 50 लाख रुपये वसूले। गिरोह ने दानकर्ताओं और प्राप्तकर्ताओं को यह विश्वास दिलाया कि ईरान में अंग व्यापार कानूनी है।

बयान में कहा गया है कि तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जिनकी पहचान सबित कोरुकुलथ नासर, सजित श्याम, बेलमकोंडा राम प्रसाद के रूप में हुई है, जबकि चौथा मधु जयकुमार फरार है। चारों पर केरल के एर्नाकुलम में विशेष एनआईए अदालत के समक्ष आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं।

# होटल, अस्पतालों में बड़े नकद लेनदेन की पहचान करने के निर्देश

**नई दिल्ली,** (भाषा): देश में प्रत्यक्ष कर प्रशासन के शीर्ष निकाय केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने आयकर विभाग से होटल, लक्जरी ब्रांड की बिक्री, अस्पताल और आईवीएफ क्लीनिक जैसे व्यावसायिक क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर नकद लेनदेन की जांच करने को कहा है। बोर्ड ने कहा कि यह जांच गैर जरूरी हस्तक्षेप के बिना होनी चाहिए। सीबीडीटी ने कर विभाग से बकाया मांगों की वसूली के लिए ठोस प्रयास करने को भी कहा है, जिसमें पिछले वित्त वर्ष से तेज वृद्धि देखने को मिली है। इस संबंध में बोर्ड ने हाल में केंद्रीय कार्य योजना 2024-25 जारी की है।

# जालसाजी में सरकार से कानूनी राय लेने के निर्देश पर रोक




**नई दिल्ली,** (भाषा): उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा जारी हाल के उन निर्देशों पर रोक लगा दी है, जिसमें पुलिस को निर्देश दिया गया था कि वह उन मामलों में धोखाधड़ी, जालसाजी या आपराधिक विश्वासघात के लिए प्राथमिकी दर्ज करने से पहले सरकार की कानूनी राय ले, जहां ऐसा प्रतीत होता है कि यह एक दीवानी विवाद है। न्यायमूर्ति सीटी रविकुमार और न्यायमूर्ति संजय करोल की पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार की याचिका पर नोटिस जारी किया और उच्च न्यायालय के फैसले के कुछ पैराग्राफ पर रोक लगा दी, जिनमें प्राधिकारों को कई निर्देश जारी किए गए थे।

पीठ ने 14 अगस्त के अपने निर्देश में कहा, ''नोटिस जारी किया जाता है। इस पर चार सप्ताह में जवाब दिया जाए। आपराधिक याचिका पर पारित 18 अप्रैल, 2024 के आदेश के पैराग्राफ 15 से 17 का संचालन और कार्यान्वयन अगली सुनवाई तक स्थगित रहेगा।''

# मेरठ दक्षिण आरआरटीएस स्टेशन रविवार से यात्रियों के लिए खोला जाएगा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने कहा कि मेरठ दक्षिण आरआरटीएस स्टेशन रविवार से यात्रियों के लिए खोल दिया जाएगा। एनसीआरटीसी ने शनिवार को एक बयान में कहा कि इसके साथ ही 82 किलोमीटर लंबे रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) में से 42 किलोमीटर का हिस्सा चालू हो जाएगा। एनसीआरटीसी ने एक बयान में कहा-मेरठ दक्षिण आरआरटीएस स्टेशन रविवार अपराह्न दो बजे से यात्रियों के लिए खुल जाएगा। इस आठ किलोमीटर लंबे खंड के जुड़ने से अब दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर का कुल 42 किलोमीटर का हिस्सा चालू हो गया है।

# गर्भपात के दौरान महिला की मौत, प्रेमी ने झाड़ियों में फेंका शव

**नोएडा,** (पंजाब केसरी) : जेवर में प्रेम प्रसंग के चलते एक विधवा महिला गर्भवती हो गई। करतूत पर पर्दा डालने के लिए प्रेमी ने गर्भपात के लिए उसे एक झोलाछाप डॉक्टर के पास ले गया। डाक्टरों ने महिला का गर्भपात किया। जिसके बाद उसकी हालत बिगड़ने से मौत हो गई। आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर महिला के शव को अनूपशहर के जंगल की झाड़ियां में छिपा दिया और सभी आरोपी फरार हो गए। मृतका के बेटे ने 15 अगस्त को अपनी मां के लापता होने की रिपोर्ट जेवर थाने में दर्ज कराई। जिसमें कहा गया था कि वह बीती 6 अगस्त से लापता है।

डीसीपी ग्रेटर नोएडा साद मियां खान ने बताया कि इस मामले में 4 आरोपियों जमशेद पुत्र फजरुद्दीन, मनोज कुमार पुत्र केहर सिंह, मिथलेश देवी पत्नी मनोज कुमार तथा राज बहादुर पुत्र राधेश्याम को गिरफ्तार किया गया है। जांच के दौरान गुमशुदा महिला के मोबाईल नंबर की जांच पर पता चला कि पड़ोसी जमशेद से उसकी ज्यादा बातचीत हुई है। गुमशुदा के साथ जमशेद के प्रेम संबंध थे। इसके संबंध में जमशेद से पूछताछ की गई तो उसने कुछ जानकारी देने से इंकार कर दिया।

# सेक्टर-11 और 93बी में चलाया गया सफाई अभियान



**नोएडा,** (पंजाब केसरी) : नोएडा प्राधिकरण की तरफ से शनिवार को सेक्टर-11 और 93 बी में सफाईगिरी अभियान चलाया गया। इस दौरान अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं सुनी। कुछ समस्याओं का मौके ही पर समाधान कर दिया गया। वहीं, सेक्टर-27 में नो थू-थू अभियान चलाया गया। दोनों जगह कार्यक्रम की शुरूआत प्रतिभागियों को स्वच्छता के प्रति शपथ दिलाई गई। सेक्टर-11 में चले कार्यक्रम में प्राधिकरण के डीजीएम राजेश सिंह और परियोजना अभियंता गौरव बंसल की अगुवाई में प्राधिकरण की टीम ने सेक्टर का दौरा कर समस्याएं देखी। वहीं, सेक्टर-93बी में परियोजना अभियंता आर के शर्मा ने लोगों की समस्याएं सुनी। सफाईगिरी कार्यक्रम के बाद सेक्टर-27 की सावित्री बाजार से डी ब्लॉक बाजार तक नो थू-थू अभियान चलाया गया।

# विश्वविख्यात श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव समिति (पंजी.)

पंजाबी बाग द्वारा

# 48वाँ श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव

देखिए सीधा प्रसारण
संस्कार/सुभारती
TATA PLAY 1082
airtel 698

**मंगलवार, 20 अगस्त 2024 से सोमवार, 26 अगस्त 2024 तक**

**प्रतिदिन सायं 8.00 बजे से रात्रि 12.00 बजे तक**

**आयोजन स्थल : जन्माष्टमी पार्क, रिंग रोड, पंजाबी बाग, नई दिल्ली - 110026**

प्रवेश निःशुल्क

प्रिय महानुभाव,

!! जय श्रीकृष्ण !!

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव समिति पंजाबी बाग, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महापर्व आयोजन के लिए दिल्ली ही नहीं अपितु विश्व में अपनी एक अलग पहचान बना चुकी है। इस महोत्सव की मुख्य विशेषता विद्युत चलित झांकियाँ एवं देश विदेश से आए हुए फिल्मी कलाकारों द्वारा नृत्य-नाटिका मंचन, सुप्रसि) भजन गायकों द्वारा सुन्दर भजनों की अमृत वर्षा व भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन, नाट्य व गायन द्वारा प्रस्तुत किया जाता है। इस कार्यक्रम में आप सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।




















**: निवेदक :**



| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गंगा बिशन गुप्ता<br>मुख्य संरक्षक | शिव कुमार गर्ग<br>मुख्य संरक्षक | डॉ. रामबाबू सिंगल<br>मुख्य प्रेरक | डॉ. सुशील गुप्ता (पूर्व राज्यसभा सदस्य)<br>चेयरमैन | संजीव टेकड़ीवाल<br>वरिष्ठ वाईस चेयरमैन | डॉ. कृष्ण सिंगला<br>प्रधान | राज कुमार गर्ग<br>वरिष्ठ उपप्रधान | साहिब चंद सिंघल<br>महामंत्री |



| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सतपाल गर्ग<br>मुख्य सलाहकार | मंगल गोयल<br>मुख्य सलाहकार | विजय मित्तल<br>कोषाध्यक्ष | डॉ. मधुसूदन मित्तल<br>सह कोषाध्यक्ष | कमलेश कुमार गुप्ता<br>मुख्य संयोजक | जगदीश गोयल<br>वाइस चेयरमैन | प्रवीण गर्ग<br>वाइस चेयरमैन | पवन डालमिया<br>मंत्री | हरी राम गर्ग<br>महाप्रबंधक |

-: मुख्य प्रायोजक :-

MAPSKO
INSPIRING DEVELOPMENT



MAPSKO GROUP WISHES YOU A

Happy Janmashtami

MAY LORD KRISHNA MAKE YOUR LIFE FULL OF JOY AND PROSPERITY

MAPSKO ASPR HILLS Sec 78, GURGAON | MAPSKO THE ICON 79 Sector 79, Gurugram | MAPSKO ASPR GREENZ Sec 35G, Sonipat | MAPSKO GARDENIA SECTOR 26A, SONIPAT

Price Rs. 5.00 (वार्षिक शुल्क 1980 रुपए डाक द्वारा) PunjabKesari.com PunjabKesari.com @punjabkesaricom पंजाब केसरी DELHI
R.N.I. No. 404 74/83, Postal Regn.No. DL(N)/0169/2018-20, Posted at Delhi RMS Delhi-6

ग्लोबल Window

## जेनेलिया ने शेयर किया दिल खुश करने वाला पोस्ट



**मुंबई, (आईएएनएस) :** अभिनेत्री जेनेलिया देशमुख ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज़ पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उनके पति रितेश देशमुख अपने भतीजे अवान को चियर कर रहे हैं। अभिनेत्री जेनेलिया डिसूज़ा ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा, कल रात इस छोटे लड़के ने हमारा दिल जीत लिया.. अवान, तुमने हमें बहुत गौरवान्वित किया। दिल की गहराइयों से मैं चाहती हूं कि तुम वही करो जो तुम्हारा दिल चाहता है और मैं वादा करती हूं, तुम्हारे माता-पिता अदिति देशमुख और अमित देशमुख के बाद यायी हमेशा तुम्हारी सबसे बड़ी चीयरलीडर होगी। बधाई हो भैया भाभी, आप लोग अच्छे माता-पिता के खूबसूरत उदाहरण हैं।

## अमेरिका में भारतवंशी की गोली मारकर हत्या

● नाबालिग गिरफ्तार, स्टोर में लूटपाट के बाद दिया वारदात को अंजाम

**वाशिंगटन, (भाषा):** अमेरिका के उत्तरी कैरोलिना प्रांत में एक किशोर ने एक स्टोर में लूटपाट करने के बाद भारतीय मूल के 36 वर्षीय व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। 'सैलिसबरी पोस्ट' की रिपोर्ट के अनुसार, 2580 एयरपोर्ट रोड स्थित 'टोबैको हाउस स्टोर' के मालिक मेनांक पटेल की मंगलवार सुबह गोलीबारी में मौत हो गई। रोवन काउंटी शेरिफ कार्यालय के अनुसार, इस अपराध के लिए एक नाबालिग को हिरासत में लिया गया है, चूंकि वह वयस्क नहीं है इसलिए पुलिस अधिकारी उसका नाम उजागर नहीं कर सकते। आरोपी को मंगलवार शाम को गिरफ्तार कर लिया गया लेकिन कोई अतिरिक्त विवरण जारी नहीं किया गया। रोवन काउंटी के शेरिफ कार्यालय के जन सूचना अधिकारी कैप्टन मार्क मैकडेनियल ने बताया कि जब वे घटनास्थल पर जा रहे थे तभी उन्हें सूचना मिली कि गोलीबारी हुई है। मैकडेनियल ने बताया कि जब पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि पटेल घायल हैं और उन्हें गोलियां लगी हैं। पटेल को नोवेंट हेल्थ रोवन मेडिकल सेंटर ले जाया गया और फिर चार्लोट के प्रेस्बिटेरियन अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी मौत हो गई। मैकडेनियल ने कहा कि गोलीबारी के कारणों के बारे में जानकारी नहीं मिली है। ऐसा लगता है कि यह डकैती का मामला है। पटेल के परिवार में उनकी पत्नी और पांच साल की बेटी है। उनकी पत्नी गर्भवती हैं।

## बिल गेट्स ने भारत की तारीफ में पढ़े कसीदे




**सिएटल/न्यूयॉर्क, (भाषा):** प्रौद्योगिकी कंपनी 'माइक्रोसॉफ्ट' के सह-संस्थापक और अरबपति परोपकारी बिल गेट्स ने सिएटल क्षेत्र में पहले भारत दिवस समारोह को हरी झंडी दिखाते हुए कहा कि सुरक्षित टीकों के निर्माण से लेकर डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे तक हर क्षेत्र में भारत की कुशलता न केवल भारतीयों, बल्कि पूरे विश्व की मदद कर रही है। 'गेट्स फाउंडेशन' के अध्यक्ष बिल गेट्स ने भारत के 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सिएटल स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास के मुख्य अतिथि के रूप में ग्रेटर सिएटल क्षेत्र में प्रथम भारत दिवस समारोह का उद्घाटन किया। सिएटल वाणिज्य दूतावास द्वारा शुक्रवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि गेट्स ने समारोह में भारतीय-अमेरिकी समुदाय के 2,000 से अधिक सदस्यों को संबोधित करते हुए भारत को 'प्रौद्योगिकी, कृषि और स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों में अभूतपूर्व नवोन्मेष करने वाला एक वैश्विक नेता' बताया। गेट्स ने इंस्टाग्राम पर इस समारोह की तस्वीरें भी साझा कीं। भारतीय राष्ट्रध्वज के रंगों का स्कार्फ पहने गेट्स के साथ सिएटल में भारत के महावाणिज्य दूत प्रकाश गुप्ता और अन्य अधिकारी समारोह में शामिल हुए। वाणिज्य दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट साझा कर ग्रेटर सिएटल क्षेत्र में प्रथम भारत दिवस समारोह को हरी झंडी दिखाने के लिए गेट्स को धन्यवाद दिया।

## कोलकाता रेप-मर्डर मामले को लेकर ढाका में प्रदर्शन



**ढाका,** (भाषा) बंगलादेश के ढाका विश्वविद्यालय के छात्रों ने पड़ोसी देश भारत में कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक महिला प्रशिक्षु डॉक्टर के बलात्कार और हत्या के विरोध में जारी प्रदर्शनों में शामिल होकर एकजुटता दिखाई। समाचार पत्र 'ढाका ट्रिब्यून' की खबर के अनुसार शुक्रवार को ''आवाज तोलो नारी'' (आवाज उठाओ महिलाओं) के बैनर तले आयोजित यह प्रदर्शन ढाका विश्वविद्यालय में 'राजू स्कल्प्चर' (ढाका विश्वविद्यालय में एक छात्र की स्मृति में बनाया गया स्मारक) के निकट किया गया। प्रदर्शनकारियों ने तख्तियां भी ले रखी थीं जिन पर लिखा था 'बलात्कारियों को फांसी दो', 'क्या मैं अगली हूं?', 'हिंसा बंद करो'। 'ढाका ट्रिब्यून' ने भौतिकी विभाग की छात्रा रहनुमा अहमद निरेट के हवाले से अपनी खबर में कहा, ''हम बंगाल में बलात्कार के मामले में मेडिकल कॉलेज प्रशासन के असहयोगपूर्ण रवैये से अवगत हैं। महिला होने के नाते, हम मांग करते हैं कि प्रशासन अधिक से अधिक कानूनी सहायता प्रदान करे।

स्पोर्ट्स राउंडअप

'मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के बीच साल्ट लेक स्टेडियम में होने वाला डूरंड कप मैच को शहर में मौजूदा अशांति के कारण रद्द कर दिया गया है। यह निर्णय कोलकाता पुलिस अधिकारियों और टूर्नामेंट के आयोजकों के बीच एक बैठक के बाद लिया गया।'

# अब दलीप ट्रॉफी खेलेंगे ईशान किशन और अय्यर



● इस साल की शुरुआत में ईशान किशन और श्रेयस अय्यर ने घरेलू क्रिकेट को नजर अंदाज किया था

● टूर्नामेंट की शुरुआत 5 सितंबर से होगी

**नई दिल्ली,**(पंजाब केसरी): भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने हाल ही में एक फरमान जारी किया था। इसके तहत सभी केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट खेलना होगा। अगर प्लेयर फिट है और नेशनल ड्यूटी पर नहीं है तो उसे डोमेस्टिक क्रिकेट खेलना होगा। इस साल की शुरुआत में ईशान किशन और श्रेयस अय्यर ने घरेलू क्रिकेट को नजर अंदाज किया था। ऐसे में उन्हें बोर्ड के गुस्से का सामना करना पड़ा था। दोनों ही प्लेयर्स को केंद्रीय अनुबंध से हाथ धोना पड़ा था। श्रेयस अय्यर और ईशान किशन दोनों अब दलीप ट्रॉफी में हिस्सा ले रहे हैं। टूर्नामेंट की शुरुआत 5 सितंबर से होगी। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा कि दोनों खिलाड़ियों ने बीसीसीआई की कठोर कार्रवाई के बाद यह निर्णय लिया है।

जय शाह ने कहा, "अगर आप दलीप ट्रॉफी टीम पर नजर डालें तो रोहित शर्मा और विराट कोहली के अलावा बाकी खिलाड़ी खेलेंगे। यह मेरे द्वारा उठाए गए कठोर कदमों के कारण है कि श्रेयस अय्यर और ईशान किशन दलीप ट्रॉफी खेल रहे हैं।" जय शाह ने कहा, "हम थोड़ा सख्त रहे हैं। जब रवींद्र जड़ेजा घायल हो गए थे, तो मैंने ही उन्हें फोन किया था और घरेलू मैच खेलने के लिए कहा था। अब यह तय है कि जो भी चोटिल होकर बाहर जाएगा, वह घरेलू क्रिकेट में अपनी फिटनेस साबित करने के बाद ही भारतीय टीम में आ सकता है।"

### ईशान किशन ने बुची बाबू टूर्नामेंट में शतक जड़ा

झारखंड के विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन ने घरेलू क्रिकेट में शतक लगाकर अपनी दमदार वापसी की है। मध्य प्रदेश के खिलाफ मुकाबले में झारखंड के कप्तान ईशान किशन ने तूफानी अंदाज में शतकीय पारी खेली। ईशान 114 रन बनाकर आउट हुए। ईशान ने अपना शतक सिर्फ 86 गेंद में पूरा कर लिया। ईशान ने अपने आईकॉनिक अंदाज में सिक्स लगाकर अपनी सेंचुरी को पूरी की। लंबे समय बाद घरेलू क्रिकेट में झारखंड के लिए खेल रहे ईशान अब इस शतकीय पारी से टीम इंडिया में अपनी दावेदारी को पेश करेंगे।

# विनेश फोगाट को गोल्ड नहीं मिला लेकिन वह हमारे लिए हीरा है: चौ. सुरेन्द्र सोलंकी



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेने के बाद शनिवार को स्वदेश लौटी पहलवान विनेश फोगाट का एयरपोर्ट पर सर्वखाप पंचायत पालम 360 द्वारा ज़ोरदार स्वागत किया गया। पालम 360 खाप द्वारा बड़ी तैयारी के साथ हज़ारों कि संख्या में लोगों ने फूल मालाओ, गदा नोटों कि माला से विनेश फोगाट को स्वागत किया गया। इस अवसर पर पालम 360 खाप पंचायत के प्रधान चौधरी सुरेंद्र सोलंकी ने कहा कि विनेश फोगाट को भले ही मेडल ना मिला हो लेकिन हमारी बेटी हमारे लिए हीरा है। वो सही सलामत वापिस देश लौट आई, इसकी हमे ख़ुशी है। चौधरी सुरेंद्र सोलंकी ने कहा कि विनेश फोगाट ने विश्व चैंपियन को हरा कर पूरे विश्व मे देश का नाम रोशन किया है। ऐसे में खाप पंचायत ने ये फ़ैसला किया था कि हम विनेश का ज़ोरदार स्वागत करेंगे और आने वाले दिनों मैं हम विनेश को गोल्ड मेडल से सम्मानित भी करेंगे। चौ सुरेन्द्र सोलंकी ने कहा कि आने वाले दिनों मे खाप पंचायतें बड़ी मीटिंग बुला कर विनेश फोगाट को खाप रतन कि उपाधि और गोल्ड मेडल देकर सम्मानित करेगी और साथ ही हमारे जितने खिलाड़ी मेडल लाए है उनको भी सम्मानित करने का काम किया जाएगा। इस मौके पर सांसद दीपेंद्र हुड्डा, बॉक्सर विजेंदर सिंह, साक्षी मलिक, बजरंग पुनिया, कंडेला खाप के प्रधान ओम प्रकाश सहित दाहिया खाप, कादियान खाप, समेत सभी खापों के प्रधान मौजूद रहे।

## बजरंग पूनिया के तिरंगे पर पैर रखने पर विवाद



**नई दिल्ली,**(पंजाब केसरी): पेरिस से वतन लौटी विनेश फोगाट के वेलकम प्रोग्राम में रेसलर बजरंग पूनिया विवादों में आ गए। विनेश फोगाट की स्वागत के लिए लाई गई जीप पर तिरंगे के पोस्टर लगे हुए थे। विनेश फोगाट के स्वागत के दौरान बजरंग तिरंगे के पोस्टर पर खड़े हो गए। वह जूता पहनकर कार के बोनट पर खड़े थे। वहां से बजरंग भीड़ और मीडिया को संभाल रहे थे। बोनट पर ही तिरंगे का पोस्टर चिपका हुआ था। इसपर बजरंग ने अपना पैर रख दिया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। सोशल मीडिया पर लोग बजरंग पर तिरंगे का अपमान करने का आरोप लगा रहे हैं। बजरंग का बचाव भी कर रहेसोशल मीडिया पर कुछ लोग बजरंग पूनिया का बचाव भी कर रहे हैं। उनका कहना है कि बजरंग से यह गलती अनजाने में हुई है।

## नीरज चोपड़ा ने लुसाने डाइमंड लीग में हिस्सा लेने की पुष्टि की

**नई दिल्ली,** (भाषा): भारत के दोहरे ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने शनिवार को 22 अगस्त को लुसाने में होने वाली आगामी डाइमंड लीग प्रतियोगिता में हिस्सा लेने की पुष्टि की। लंबे समय से ग्रोइन की चोट से परेशान नीरज ने हाल में संपन्न पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीता था। तीन साल पहले उन्होंने तोक्यो खेलों में स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। नीरज ने वर्चुअल बातचीत के दौरान कहा, ''मैंने अंतत: 22 अगस्त को होने वाली लुसाने डाइमंड लीग में हिस्सा लेने का फैसला किया है।''



xmart *नियम व शर्तें लागू, सांकेतिक कीमत XUV700 AX7 MT पेट्रोल वेरिएंट की एक्स-शोरूम (संपूर्ण भारत) कीमत है, यह ऑफर ३१ अक्तूबर २०२४ तक या स्टॉक रहने तक, जो भी पहले हो, मान्य है, दिखाए गए फीचर्स वेरिएंट के अनुसार बदल सकते हैं।

• SOUTH WEST DELHI : SHUBAN SAI MAHINDRA :MARBLE MARKET, DWARKA/SEC - 20, : 8178101584, MADHU VIHAR, RAJAPURI: 8178101995 NAJAFGARH: 8178102134 • CENTRAL DELHI : MALWA MAHINDRA : KAROL BAGH : 9289524166, DARYAGANJ : 9289923362, 9289809360, •WEST DELHI: SRI DURGA : MOTI NAGAR: 7290055624, INDRAPRASTHA AUTOMOBILES : PEERAGARHI: 7290055619, INDRAPRASTHA AUTOMOBILES : JANAKPURI : 9821500363, MALWA MAHINDRA : NARAINA : 92056 66547 • EAST DELHI : INDRAPRASTHA AUTOMOBILES : ASHOK NAGAR : 9953424546, SHIVA AUTO : DILSHAD GARDEN METRO STATION/PATPARGANJ : 8929172582 • SOUTH DELHI : MALWA MOTORS : MAHIPALPUR : 9289773666, KONCEPT AUTOMOBILES : LAJPAT NAGAR : 7290055631, SHIVA AUTO : SAKET : 7669783680, SYNERGY CARS : SAFDARJUNG ENCLAVE: 7290055630, UNITED AUTOMOBILES : MOHAN ESTATE : 9289524154, KONCEPT AUTOMOBILES : OKHLA PHASE - I : 9999010116, 7669459607 • NORTH DELHI : INDRAPRASTHA AUTOMOBILES : WAZIRPUR : 7290055619, SHAKTI NAGAR : 9311011260, NARELA : 9289263814 • NORTH WEST DELHI : INDRAPRASTHA AUTOMOBILES : PRASHANT VIHAR : 9289263813 • FARIDABAD : UNITED AUTOMOBILES : NHPC CHOWK : 7428081661, PRIME AUTOMOBILES : YMCA CHOWK/HODAL /PALWAL: 7290055625 • NOIDA : KONCEPT AUTOMOBILES : NOIDA ( SEC-2 ): 7290055627, NOIDA (SEC-63/75): 7290055628 • GREATER NOIDA : KONCEPT AUTOMOBILES : GREATER NOIDA WEST/JEWAR : 7290055627 • GURUGRAM : DEE EMM : ATUL KATARIA CHOWK /PATAUDI /SECTOR-14 : 8929648040, GOLF COURSE : 8929648021, KONCEPT AUTOMOBILES : MG ROAD: 7290055620, SOHNA ROAD: 7290055621, RAJEEV CHOWK: 8588868806, SOHNA : 9899794379, ARAV MOTORS : MANESAR : 9289220861 • GHAZIABAD : SHIVA AUTO : VAISHALI METRO STATION: 7290055615, MODINAGAR : 07669700992, LOHIA NAGAR: 7290055612, HAPUR:7290055614, BULANDSHAHAR: 7617595010,8929088709 • HARYANA : LOHCHAB MOTORS :JHAJJAR /BAHADURGARH /ROHTAK/MEHAM : 8059888800, DEWAN FOURWHEELS PVT LTD: REWARI-8607600241, 8607600251, DHARUHERA-8607600207, NARNAUL-8607600220, 8607600243, MOHINDERGARH- 8743812345, PP AUTOMOTIVE : SONIPAT /PANIPAT /KARNAL : 7574808718